फाल्गुन कृष्ण पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 29 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -35, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, देखे सूर्य के धब्बे 16
यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार 15

## गुजरात समुद्र तट से 3,300 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

पोरबंदर/दिल्ली, एजेंसी

- नौसेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच विदेशी गिरफ्तार

नौसेना, पुलिस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका से अब तक की नशीले पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती के तहत 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए। पांच विदेशियों को गिरफ्तार किया गया। यह नौका एक ईरानी बंदरगाह से आई थी। गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यवाई को ऐतिहासिक और देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है। मछली पकड़ने वाली अपंजीकृत नौका को मंगलवार सुबह अरब सागर में भारतीय तट से लगभग 60 समुद्री मील दूर और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास रोका गया। जब्त किए गए लगभग 3,300 किग्रा प्रतिबंधित सामग्री में 3,110 किग्रा चरस या हशीश, 158.3 किग्रा क्रिस्टल मेथामेफटामाइन और 24.6 किग्रा संदिग्ध हेरोइन है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 1,300 से 2,000 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।

## पूरा साल बीता, आरटीई में चयनित 33 हजार बच्चे प्रवेश से वंचित

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ




- सत्र 2023-24 में चयन होने के बाद भी एडमिशन को तरस गए
- अभिभावकों की पसंद-नापसंद पर फोड़ा जा रहा ठीकरा

अमृत विचार : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की सत्र 2023-24 में जमकर धज्जियां उड़ीं। लखनऊ सहित सभी जिलों में चयनित 33 हजार से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश नहीं मिला। चयनितों को एडमिशन न मिल पाने पर बेसिक शिक्षा निदेशालय ने भी चिंता जाहिर की है। जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औरैया व प्रतापगढ़ ही सिर्फ ऐसे जिले हैं जहां शत-प्रतिशत बच्चे ही एडमिशन करवा सके हैं। सबसे कम 46 प्रतिशत हमीरपुर का डाटा रहा है। सभी जिलों के आकड़ों से पता चलता है कि प्रदेश में 1,34,392 बच्चों का सत्र 2023-24 में चयन हुआ। इसमें 1,00,527 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका। बाकी 33 हजार बच्चे वंचित रह गए। अब बेसिक शिक्षा निदेशालय ने अभिभावकों के लिए भी नया नियम लागू किया है।

**एडमिशन न होने के लिए विभाग ने बताए तीन कारण :** विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एडमिशन न होने के तीन प्रमुख करण हैं। पहला आरटीई के तहत जब बच्चे का आवेदन किया जाता है तो अभिभावकों की ओर से नजदीक के पांच स्कूलों का विकल्प भी ऑनलाइन भरना होता है। कई बार पहला विकल्प नहीं मिलने पर अभिभावक, बच्चे को अन्य स्कूल में प्रवेश नहीं दिलाते हैं। दूसरा कारण ये है कि जिन हाई प्रोफाइल स्कूल में बच्चों का चयन होता है वह एडमिशन आसानी से नहीं लेते हैं। तीसरा कारण है कि विभाग के अधिकारी बड़े स्कूलों के लिए ज्यादा कार्रवाई में रुचि नहीं लेते हैं।

### राजधानी लखनऊ में हाई प्रोफाइल स्कूलों के आगे अधिकारी बेबस

शैक्षिक सत्र 2023-24 में लखनऊ में हाई प्रोफाइल निजी स्कूल प्रबंधकों के आगे आरटीई अधिनियम बौना साबित हुआ। मझोले और छोटे स्कूलों ने तो चयनित बच्चों को प्रवेश दिया लेकिन सीबीएसई और आईसीएसई से संचालित विद्यालयों ने प्रवेश नहीं दिया। अंत में चयनित 33 .34 प्रतिशत बच्चों को प्रवेश मिला सका। जबकि लखनऊ में 14,883 बच्चे चयनित हुए थे। लेकिन इसमें 9891 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका।

### अभिभावकों के लिए बना नया नियम बताना होगा प्रवेश न लेने का कारण

आवेदन में पांच विद्यालयों का विकल्प होता है। यदि उसमें कोई भी विद्यालय मिलता है तो उसमें अभिभावक को अपने बच्चे को प्रवेश दिलाना होगा। यदि एडमिशन नहीं लिया जाता है तो सत्र 2024-25 में एडमिशन के लिए चयनित बच्चे के अभिभावक को एडमिशन न लेने का कारण लिखित रूप में बताना होगा। क्योंकि जिलों से निदेशालय को भेजी गई रिपोर्ट में बीएसए का कहना है पसंद का स्कूल न मिलने पर प्रवेश नहीं कराया गया है।

> आरटीई के तहत चयनित बच्चों का प्रवेश हर हाल में मिले ऐसा विभाग का प्रयास रहता है, लेकिन चयन होने के बाद भी बच्चों का एडमिशन न होना चिंताजनक है। इसकी समीक्षा करते हुए सत्र 2024-25 में तय किया गया है कि अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाया जा सके। अभी पहले चरण में प्रवेश प्रकिया चल रही है। आवेदन का दूसरा चरण 1 मार्च से शुरू हो जाएगा।
> – **गणेश कुमार**, संयुक्त शिक्षा निदेशक बेसिक




## अवैध खनन मामले में सीबीआई ने अखिलेश यादव को किया तलब

### मामले में बतौर गवाह सपा अध्यक्ष से केंद्रीय जांच एजेंसी करेगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 2016 में दर्ज किए गए मामले में 29 फरवरी को पेश होने को कहा
- हमीरपुर जिले में 2012-2016 के बीच का है अवैध खनन मामला

अमृत विचार : सीबीआई ने अवैध खनन मामले में सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को समन भेजा है। अखिलेश यादव को गुरुवार 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। बताया जाता है कि उन्हें बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। इसकी जानकारी अखिलेश ने बुधवार को खुद ही लखनऊ में एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम दी। काफी समय से अखिलेश यादव सीबीआई और ईडी को लेकर भाजपा सरकार पर हमलावर रहे हैं। ऐसे में सीबीआई के समन पर उप्र की राजनीति गरमाने वाली है।

हमीरपुर में 2012 से 2016 के बीच हुए अवैध खनन का मामला सामने आया था। इस मामले में सीबीआई ने 2016 में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया था। उसमें हमीरपुर की तत्कालीन डीएम आईएएस बी चंद्रकला, सपा एमएलसी रहे रमेश मिश्र और उनके भाई दिनेश मिश्र तथा समेत 11 लोग नामजद थे। सीबीआई ने बी. चंद्रकला के घर भी छापा मारा था।

आरोप है कि 2012-16 के दौरान, जब यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तो लोकसेवकों ने अवैध खनन की अनुमति दी और खनन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। यह भी आरोप है कि अधिकारियों ने खनिजों की चोरी होने दी, पट्टाधारकों और चालकों से पैसे वसूले। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 2016 में सात मामले दर्ज किए थे। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यालय ने एक ही दिन में 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। उस वक्त उनके पास खनन विभाग भी था। आरोप लगाया था कि यादव ने ई-निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए 14 पट्टों को मंजूरी दी थी, जिनमें से 13 को 17 फरवरी 2013 को मंजूरी दी गई थी।

### सपा मुखिया को प्रताड़ित करने की कोशिशः अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सीबीआई नोटिस दिए जाने पर कहा कि यह उन्हें प्रताड़ित करने की कोशिश है, पर ऐसी कोशिशों से हम डरने वाले नहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी यहां कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत होने पर भाजपा प्रहार करती है। यही वजह है सपा मुखिया को सीबीआई की तरफ से नोटिस भेजा गया है।

> अब जब चुनाव आ रहा है तो मुझे फिर से नोटिस मिल रहा है। मैं समझता हूं कि जब चुनाव आएगा तो नोटिस भी आएगा। यह घबराहट क्यों है? अगर पिछले 10 वर्षों में आपने (भाजपा ने) बहुत काम किया है तो फिर आप क्यों घबराए हुए हैं? – **अखिलेश यादव**

सपा प्रमुख का दिल्ली जाने का तो कोई कार्यक्रम नहीं है। वह गुरुवार को लखनऊ में ही पार्टी की कई बैठकों में भाग लेंगे।
– **राजेन्द्र चौधरी**, राष्ट्रीय सचिव (सपा)

### एक नजर

#### राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों को दी जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती एवं हेमा यादव को बुधवार को जमानत दे दी। राज्यसभा सदस्य हैं। विशेष न्यायधीश विशाल गोगने ने ईडी द्वारा जमानत अर्जी का विरोध नहीं किए जाने पर तीनों को यह राहत दी।

#### महादेव एप से जुड़े मामले में बंगाल में ईडी का छापा

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप से संबंधित धन शोधन मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की। इस मामले में कथित तौर पर कई उच्च पदस्थ राजनेता और छत्तीसगढ़ के नौकरशाह शामिल हैं। साल्ट लेक में एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय सहित राज्य में छह स्थानों पर छापेमारी की गई।

2310 करोड़ की 144 परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास

## प्रदेश में जल्द गठित किया जाएगा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 57 जिलों में साइबर क्राइम थाने और 18 मंडलों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने शुरू
- आठ जिलों में भ्रष्टाचार निवारण यूनिट, प्रयागराज-कुशीनगर में पर्यटन थानों की शुरूआत

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र में जल्द ही 'स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स' का गठन किया जाएगा। प्रदेश में एसडीआरएफ, जोनल रेंज स्तर पर फॉरेंसिक लैब, फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट, और एसएसएफ का गठन किया गया है। अयोध्या में रामलला के मंदिर की सुरक्षा का दायित्व एसएसएफ ही उठा रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में आयोजित उप्र पुलिस के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी 2310 करोड़ रुपये की 144 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उप्र पुलिस के व्यवहार में आए बदलाव की भी सराहना की। कहा कि यूनिफॉर्म में अगर आप किसी से शिष्टाचार से बात करते हैं तो उसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जीरो टॉलरेंस की नीति समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी और पेशेवर माफिया के लिए होना चाहिए। कॉमन मैन के लिए संवेदनशीलता और त्वरित न्याय देने का प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र, देश का पहला ऐसा राज्य हो गया है, जिसके पास सभी 75 जनपदों में साइबर थाने होंगे। 18 जनपदों में पहले बनाए गए थे, शेष 57 की बुधवार से शुरूआत की गई है। सभी 1523 थानों में साइबर सेल का गठन किया गया है। अब साइबर क्राइम से जुड़े मामले के लिए जोन और रेंज स्तर पर नहीं जाना होगा, बल्कि थानों पर ही साइबर सेल में शिकायत सुनी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग द्वारा प्रदेश की जनता और पुलिस कार्मिकों को जोड़ते हुए 2310 करोड़ की परियोजनाओं के लिए बधाई दी।

### इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री द्वारा 21 पुलिस थानों, दो पुलिस लाइन, दो पीएसी वाहिनी, दो यूपी एसटीएफ वाहिनी तथा 35 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष, तीन थानों के प्रशासनिक भवन, 3 थानों के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 34 पुलिस थानों पर हॉस्टल/बैरक/विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में हॉस्टल, 5 एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय के साथ ही 7 अन्य विविध विषयक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मंडल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज और कुशीनगर में पर्यटन थाने का लोकार्पण किया गया।

## छह करोड़ की फिरौती न मिलने पर व्यापारी के बेटे की हत्याकर शव को जंगल में फेंका

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- नोएडा पुलिस ने गजरौला के जंगल में गड्ढे से बरामद किया शव

अमृत विचार : फिरौती नहीं मिलने पर प्रतिष्ठित व्यापारी के पुत्र का अपहरण कर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने व्यापारी के पुत्र के मोबाइल से उसके पिता को मैसेज भेजकर छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। नोएडा पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर व्यापारी के बेटे का शव गजरौला में जंगल में गड्ढे से बरामद किया है।

नगर के फ्लाईओवर के पास टीचर्स कॉलोनी में सूर्या इलेक्ट्रॉनिक्स के स्वामी प्रदीप कुमार मित्तल का परिवार रहता है। उनका बेटा यश मित्तल (20 वर्ष) जिला नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के अजायबपुर में बैनेट यूनिवर्सिटी में बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र था और वहीं कॉलेज के हॉस्टल में कमरा संख्या 116 में रहता था। उसकी बहन इशिका मित्तल भी इसी कॉलेज में पढ़ती है, लेकिन वह दूसरे हॉस्टल में रहती है।

बताते हैं कि 26 फरवरी की शाम साढे.छह बजे यश हॉस्टल से बाहर गया और उसके बाद वापस नहीं लौटा। वार्डन से जानकारी मिलने के बाद प्रदीप मित्तल मंगलवार को हॉस्टल पहुंचे और इसके बाद थाना दादरी में बेटे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के मुताबिक यश मित्तल के फोन नंबर से ही प्रदीप मित्तल से छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी और कहा गया था कि यदि अपना लड़का चाहिए तो रकम तैयार रखो। फिरौती के लिए फोन भी आए। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद नोएडा पुलिस यश की तलाश में जुटी थी और उसके नंबर को सर्विलांस पर लगाया था। जिसके आधार पर कुछ अहम सुराग मिले। पुलिस व एसओजी ने नगर के तिगरिया भूड़ स्थित एक युवक को उठाया था, उसकी निशानदेही पर फैक्ट्री तेवा एपीआई लिमिटेड के सामने जंगल में एक गड्ढे से यश मित्तल का शव बरामद किया गया।

## 92 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** संगीत नाटक अकादमी ने बुधवार को छह अकादमी फेलो और अभिनेता अशोक सर्राफ, राजीव वर्मा और गायिका बॉम्बे जयश्री सहित 92 कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की घोषणा की। राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी मंचीय कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कलाकारों को अकादमी फेलो के रूप में चुनती है। अकादमी ने 21 और 22 फरवरी को नई दिल्ली में हुई बैठक में छह प्रतिष्ठित हस्तियों को अकादमी फेलो के रूप में चुना। कला के विभिन्न क्षेत्रा में योगदान के कारण 92 कलाकारों को भी चुना है।

## सुनवाई योग्य है पूजा-पाठ में हस्तक्षेप रोकने का वादः कोर्ट

लखनऊ, विधि संवाददाता

**लक्ष्मण टीला मंदिर-मस्जिद विवाद मामला**

- विवादित स्थान को वादियों ने बताया है मंदिर

**अमृत विचारः** लक्ष्मण टीला स्थित मंदिर-मस्जिद विवाद प्रकरण में विवादित स्थान को शेषावतार मंदिर, पटल कूप और शेषनागेष्ट टीलेश्वर महादेव मंदिर बताते हुए, निर्बाध पूजा, अर्चना, आरती और हनुमान चालीसा का पाठ करने में हस्तक्षेप को रोकने की मांग करते हुए, सिविल कोर्ट में दायर वाद को कोर्ट ने सुनवाई योग्य माना है। मौलाना कारी सैयद शाह फजलुल मन्नान की पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए,एडीजे नरेंद्र कुमार, तृतीय ने कहा कि सिविल जज ने वाद की पोषणीयता को चुनौती देने वाली आदेश 7 नियम 11 की अर्जी को खारिज कर कोई विधिक त्रुटि नहीं की है, मामले में उभय पक्षों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर देकर साक्ष्य आदि के साथ निस्तारण किया जाना न्यायोचित होगा।

सिविल जज के समक्ष दाखिल वाद में टीले वाली मस्जिद के पेश इमाम व उनके द्वारा स्थान पर दावा करने वाले सभी लोगों के विरुद्ध पूजा पाठ में हस्तक्षेप रोकने के लिए अनिवार्य निषेधाज्ञा की डिक्री जारी करने की मांग की गई है। सिविल जज जूनियर डिवीज़न, साउथ ने पिछले वर्ष फरवरी में मामले को मूलवाद के रूप में दर्ज करने का आदेश देते हुए, सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया था। सिविल जज ने मामले के विपक्षियों को जवाब दाखिल करने के लिए समन जारी करने का भी आदेश दिया था। साथ ही 6 सितम्बर 2023 को वाद की पोषणीयता को चुनौती देने वाली अर्जी को खारिज कर दिया। इसके विरुद्ध वर्तमान पुनरीक्षण दाखिल किया गया था। कहा गया था कि वाद पत्र पढ़ने से ही स्पष्ट हो रहा है कि वादीगण वाद कारण स्थापित करने में असफल रहे हैं। हालांकि अपर जिला न्यायाधीश की कोर्ट ने कहा कि वाद पत्र में वाद कारण स्पष्ट है। यह वाद सेंट्रल बार एसोसिएशन के महासचिव रहे नृपेंद्र पांडेय, अनीता देवी, धीरेंद्र सिंह, मोहित कुमार सक्सेना, अभिषेक मेहरा, रवि कुमार राय, सर्वेश कुमार व वैभव सिंह ने दाखिल किया है। वाद में सचिव गृह मंत्रालय भारत सरकार, प्रमुख सचिव गृह यूपी, एएसआई, डीएम लखनऊ, पुलिस कमिश्नर लखनऊ, टीले वाली मस्जिद के पेश इमाम व सुन्नी वक्फ बोर्ड को विपक्षी पक्षकार बनाया गया है। कहा गया है कि औरंगज़ेब के शासनकाल में लक्ष्मण टीला स्थित मंदिर को तोड़कर जमीन के एक हिस्से में टीले वाली मस्जिद बना दी गई थी जबकि मस्जिद के चारदीवारी के बाहर शेषनाग पटल कूप, शेषनागेष्ट टीलेश्वर महादेव मंदिर और पुराने हिंदू मंदिर अभी भी हैं। वादियों का कहना है कि 17 मई 2022 को बड़े मंगल पर हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहते थे परंतु मौलाना अब्दुल मन्नान ने इसे वक्फ सम्पत्ति बताते हुए, पूजा पाठ करने पर धमकी देने लगे और बवाल होने पर पुलिस ने उक्त स्थल पर पूजा करने की अनुमति नहीं दी।

## सेना को आपूर्ति की गई दवाओं में भी सेंधमारी

संवाददाता, आगरा

- गैंग के सरगना सहित 7 गिरफ्तार 40 लाख की दवा बरामद

अमृत विचार : दवा माफिया ने सेना में भी सेंधमारी कर डाली। जवानों के लिए उपलब्ध होने वाली दवाइयों को री-पैकेजिंग कर बाजार में बेचा जा रहा था। हरी पर्वत पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बुधवार को इस गैंग का खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड फरहान बेग समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 40 लाख रुपये की दवाएं बरामद कीं। गैंग से पैकिंग संबंधी वस्तुएं, नौ मोबाइल फोन, एक कार और 16,300 रुपये भी बरामद किए। इन सभी के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने मीडिया को बताया कि यह गैंग उप्र सहित कई प्रदेशों में सेना को जीवनरक्षक दवाओं की डिलीवरी करता था। डीसीपी सिटी ने बताया कि फरहान बेग सेना में दवाइयों की सप्लाई के दौरान सेंधमारी को अंजाम देता था। धोखाधड़ी कर बड़ी मात्रा में दवाएं चोरी कर ली जाती थीं। उन दवाओं पर लिखे नॉट फ़ॉर सेल की चेतावनी को थिनर से मिटाकर डाई से मैन्युफैक्चरिंग की तारीख को हटा कर नई पैकेजिंग कर मन-माफ़िक दाम डाल देते थे।

## उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी बिल राष्ट्रपति को भेजा

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल को राष्ट्रपति को भेजा है। राष्ट्रपति से स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा चुनाव-2022 में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी ने बीती 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप दिया था। 7 फरवरी को विधानसभा में यह बिल पास हो गया था। फिर बिल राजभवन को भेजा गया था।

गड़बड़झाला

नवंबर व दिसंबर में 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाया हॉटकुक्ड मील

## बिना भोजन और राशन के ही सुधर गई बच्चों की सेहत

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की सेहत बिना भोजन और राशन के ही सुधर रही है। जिलों पर नवंबर व दिसंबर में उपलब्ध कराए गए हॉटकुक्ड मील यानी गर्म पका-पकाया भोजन की बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय ने समीक्षा की तो अधिकांश जिलों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों का पोषण ट्रैकर पर पंजीयन अधिक मिला, जबकि भोजन 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाना खाया। पोषण ट्रैकर पर प्रदर्शित बच्चे और आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति में बड़ा अंतर है।

**पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की स्थिति**

| लाभार्थी | कुल संख्या | आधार सत्यापित |
|---|---|---|
| छह माह से तीन वर्ष के बच्चे | 95,64,960 | 94,03,642 |
| तीन से छह वर्ष के बच्चे | 87,46,648 | 85,01,542 |
| गर्भवती व धात्री महिलाएं | 28,27,486 | 27,10,595 |
| गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे | 2,24,828 | 1,90,060 |
| 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाएं | 2,40,972 | 2,24,328 |

### महिला, धात्री व बच्चों के आधार सत्यापन भी पंजीयन से कम

लाभार्थी यानी बच्चे, महिलाएं, किशोरी आदि के पंजीयन और सत्यापन में भी झोल है। अधिकांश जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनवरी में छह माह से तीन वर्ष के बच्चे, तीन से छह वर्ष के बच्चे, गर्भवती व धात्री महिलाएं, गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे व 14 से 18 वर्ष की बालिकाएं व किशोरियों का चयन कर पोषण ट्रैकर पर पंजीयन किया गया, लेकिन दर्शाई गई संख्या के सापेक्ष लाभार्थियों का आधार सत्यापन कम है। जबकि आधार सत्यापित लाभार्थियों को ही भोजन, राशन, टीकाकरण, पोषाहार आदि लाभ मिलता है।

इससे बच्चों का पंजीयन, भोजन और सूखा राशन वितरण में गड़बड़ी की आशंका है। क्योंकि बच्चों का चयन अधिक दर्शाया गया लेकिन, लाभ के समय उपस्थित कम हुए। शेष बच्चे हैं या नहीं या किन कारणों से केंद्रों पर उपस्थित नहीं हुए इसका भौतिक सत्यापन कर पता लगाया जाएगा। निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने सभी जिलाधिकारियों को समिति गठित कर भौतिक सत्यापन के लिए लिखा है।

- आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति कम, पोषण ट्रैकर पर ज्यादा



> पोषण ट्रैकर और बच्चों की उपस्थिति में अंतर है। इसका भौतिक सत्यापन कराने के लिए निदेशक स्तर से पत्र लिखा गया है। जिलों पर सत्यापन होने पर ही कमी पता चलेगी। उसी अनुसार सुधार किया जाएगा। – **ज्योति गौतम**, उप निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय

## एक नजर

### सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि के नैक मूल्यांकन के लिए हुई समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। राज्यपाल ने नैक के सभी सातों मापदंड पर बिंदुवार कमेटी के सदस्यों से जानकारी ली। उन्होंने प्रस्तुतिकरण में व्यापक सुधार किए जाने के निर्देश दिए। मालूम हो कि विश्वविद्यालय इससे पूर्व के अपने नैक मूल्यांकन में 'ए' श्रेणी प्राप्त कर चुका है। इसकी वैधता वर्ष 2019 में समाप्त हो चुकी है।

### वेतन विसंगति दूर करने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के एसीएस डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने आश्वासन दिया कि डिप्लोमा फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट की वेतन विसंगतियों पर लोकसभा चुनाव से पूर्व निर्णय लिया जायेगा और केंद्र समान पदनाम भी परिवर्तित किया जाएगा। यह बात एसीएस ने बुधवार को मुलाकात करने आये राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र के प्रतिनिधि मंडल से राज्य कर्मचारियों की मांगों को समझने के बाद कही है।

# 80 सीटें जीतने के संकल्प के साथ बढ़ना है आगे

## योगी बोले, अति आत्मविश्वास से बचना होगा, जनता के साथ संवाद और बूथों को मजबूत बनाना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत अभियान के प्रचार वाहन को झंडी दिखा कर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व अन्य। अमृत विचार

▸▸ मुख्यमंत्री ने विकसित भारत मोदी की गारंटी पेटिका अभियान की शुरुआत की

**अमृत विचार:** माहौल हमारे अनुकूल है और राम का भी आशीर्वाद हमारे साथ है। ऐसे में इस बार 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है। साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि हम अति आत्मविश्वास में ना रहें। हमें अपनी बूथ संरचना को और मजबूत करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद को और अधिक प्रगाढ़ करना है। याद रहे राजनीतिक दलों के व्यवहार और कार्यपद्धति को जनता हमेशा नोट करती है और वक्त आने पर जवाब भी देती है। पार्टी का प्रत्याशी मतलब कमल का फूल, हमें बस यही मानकर चलना है।

ये बातें बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका अभियान की शुरुआत करने के दौरान कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित भाजपा नेताओं की मौजूदगी में योगी ने इस अभियान को शुरू किया है। इसके अंतर्गत विकसित भारत ''मोदी की गारंटी'' पेटिका को भाजपा कार्यकर्ता घर-घर लेकर जाएंगे और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगेंगे। इसके अलावा पार्टी की ओर से मिस्ड कॉल अभियान की भी शुरूआत की गई है। इसमें 9090902024 पर मिस्ड कॉल के जरिए भी पार्टी के संकल्प पत्र के लिए जनता से सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे।

**बूथ जीते तो सब जीते**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने का एक ही तरीका है, हम अपने बूथ पर ध्यान दें। बूथ जीते तो सब जीते। मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ जनता के पास जाती है।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, डॉ. धमेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, मीना चौबे, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. पुष्कर मिश्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

### हम अपने हर संकल्प को पूरा करते हैं: भूपेन्द्र

लखनऊ। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने यहां कहा कि हमारा कोई हिडेन एजेंडा नहीं, बल्कि हमारा हरदम ओपेन एजेंडा होता है। धारा 370 हो या राममंदिर का निर्माण, ये सभी बातें हमारे संकल्प पत्रों का हिस्सा रही हैं। हमारे सभी संकल्पों को मोदी-योगी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है।

# 12 टेलीग्राम और तीन व्हाट्सएप चैनल पर लीक हुआ था पेपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच में जुटी एसटीएफ को छानबीन और पकड़े गए लोगों से पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इससे जल्दी ही असल गुनहगार तक पहुंचने की एसटीएफ टीम को उम्मीद जगी है। बोर्ड को मिले पेपर लीक के 15 सौ सबूतों और जांच-पड़ताल से अभी तक यह पता चला कि 12 टेलीग्राम और 3 व्हाट्सएप चैनल पर पेपर लीक हुआ। लिहाजा एसटीएफ टीम ने टेलीग्राम और इन व्हाट्सएप चैनलों नजर टिका दी है।

एसटीएफ को वाट्सऐप पर एक और भी ग्रुप की सूचना मिली है। पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक के नाम से ऑपरेट हो रहे इस ग्रुप को एसटीएफ ने रडार पर रखा है। इस ग्रुप से जुड़े लोगों की भी कुंडली खंगाली जा रही है।

इसी क्रम में एसटीएफ टीम कानपुर में पकड़े गए वकील से लगातार पूछताछ कर रही है। इस दौरान कई संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। वकील ने साल्व्ड पेपर उपलब्ध कराने वाले जिस युवक का नाम लिया है, वह अभी भी एसटीएफ के शिकंजे से बाहर है। टीम का मानना है कि पेपर लीक कांड में वह युवक मजबूत कड़ी साबित हो सकता है। उम्मीद है कि उस युवक से वायरल पेपर आखिर किस प्लेटफार्म से ऑरिजिनेट हुआ, इस बाबत जानकारी मिल सकेगी।

वहीं, दूसरी ओर एसटीएफ टीम को जांच के दौरान एक नया मामला, 'क्यूआर कोड' का सामने आया है। आशंका है कि इसी क्यूआर कोड के जरिए पेपर आउट हुआ है। इसी कोड के जरिए साल्व्ड पेपर विभिन्न जिलों में भेजी गई। टीम अब इस कोड के बारे में जानकारी जुटाने में जुटी। इसके लिए एसटीएफ में साइबर क्राइम के जानकारों को लगाया गया है।

# लोस चुनाव से पहले अखिलेश की किलाबंदी, गुड्डू जमाली को लिया साथ

## आजमगढ़ लोस उप चुनाव में सपा की जीत में बने थे रोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सपा में शामिल होने के दौरान बसपा नेता गुड्डू जमाली के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह यादव व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल में किलाबंदी मजबूत करने के तहत गुड्डू जमाली को साथ ले लिया है। शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली इससे पहले बसपा के नेता थे। काफी समय से अखिलेश यादव के संपर्क में थे। बुधवार को सपा के लखनऊ मुख्यालय में अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुड्डू जमाली और उनके साथियों को पार्टी में शामिल करते हुए सभी का स्वागत किया।

गुड्डू जमाली दो बार के विधायक रहे हैं और वह सफल कारोबारी भी हैं। जमाली सपा की तरफ से इस बार विधानपरिषद भेजने पर भी उठे एक सवाल पर अखिलेश ने असहमति नहीं दिखायी। आजमगढ़ सीट पर हुए पिछले उपचुनाव में सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्रं यादव की हार के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार बताए जा रहे गुड्डू जमाली ने कहा कि आज ये वक्त की जरूरत है। वह दिल की आवाज सुनकर सपा में आए हैं। मजहब के नाम पर कोई हमें नहीं बांट सकता।

**आजमगढ़ उपचुनाव में गुड्डू का दिखा था दमः** गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से 2012 और 2017 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे। आजमगढ़ के लोस उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव 8 हजार वोटों से हार गए थे। भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ को 3 लाख 12 हज़ार वोट मिले थे। धर्मेंद्र यादव को 3 लाख 4 हज़ार और बसपा के शाह आलम उर्फ़ गुड्डू जमाली को 2 लाख 66 हज़ार मत मिले थे। गुड्डू जमाली के कारण मुस्लिम वोटों का बंटवारा हो गया थ जिसका फायदा भाजपा को मिला। चुनाव बाद वो समाजवादी पार्टी चले आए थे, लेकिन 2022 के विसभ. चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो वे फिर मायावती के साथ चले गए। सूत्रों मुताबिक, वह फिर लोस. चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। अगर वे फिर चुनाव लड़ते तो मुस्लिम वोटर बंट जाते।

### गुड्डू जमाली ने कहा-हिन्दू भाइयों का बड़ा अहसान

जमाली के मुताबिक, बसपा में मैं 13 साल रहा। पार्टी प्रमुख मायावती को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में शामिल होना चाहिए था। जब यह नहीं हुआ तो हम लोग क्या करते? गुड्डू जमाली ने कहा कि अब वह जीवन भर सपा में रहेंगे।

### बागी विधायकों पर सपा नहीं करेगी कार्रवाई

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में सपा के सात विधायकों की भाजपा के लिए वोट करने के बाद पार्टी की तरफ से कोई कार्रवाई करने से फिलहाल सपा प्रमुख ने इंकार किया। उन्होंने उल्टा पत्रकारों से सवाल किया कि, ऐसे विधायकों को पार्टी से निकाल कर क्या आजाद कर दिया जाए? जो करना होगा विधानसभा स्तर से होगा। वहीं, सपा विधायक अभय सिंह के बारे में उन्होंने कहा कि, एक एजेंसी है एसटीएफ, उसके भय से भी कुछ पाला बदलने को मजबूर हुए। बाकी ने पैकेज डील की है। मैं भी देखता हूं भाजपा किसे, कितना, क्या देती है। यह भी कहा कि संघ और भाजपा की गोपनीय रणनीति जो मुझे बताते थे वे तो चले गए अब कौन अंदरखाने की बताएगा?

### इस बार संविधान पर मंथन होगाः अखिलेश यादव

लखनऊ, इस मौके पर अखिलेश यादव ने भी भाजपा पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि एक समय में समुद्र मंथन हुआ था। आने वाले लोकसभा चुनाव में संविधान पर मंथन होगा। अखिलेश ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारा पीडीए परिवार बढ़ता चला जा रहा है। हम जितना परिवार बढ़ा लेंगे उतना ही भाजपा को हराने में सक्षम होंगे।

# 48 लाख युवाओं के रुपयों से भाजपा लड़ेगी लोस चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पेपर लीक से मिला करोड़ों का फंड: अजय राय

**अमृत विचार:** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि 48 लाख युवाओं की रकम से भाजपा लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस भर्ती पर्चा लीक प्रकरण से भाजपा के पास करोड़ों का फंड आया है। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के विधायकों ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। पार्टी के विधायक पूरी मजबूती के साथ गठबंधन के साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के विधायक का राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करना यह स्पष्ट करता है कि बसपा भाजपा की 'बी' टीम बनकर कार्य रही है। बसपा की सभी गतिविधियां यह इशारा कर रही कि वह भाजपा के साथ मिलीभगत में काम कर रही हैं। राज्यसभा चुनाव में यह सिद्ध भी हो गया है।

पर्चा लीक प्रकरण पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा फार्म को भरने में लगभग 400 रुपये का खर्च आता है। इसके बाद परीक्षा की तैयारी व परीक्षा देने का खर्च अभ्यर्थियों को वहन करना पड़ता है, फिर पर्चा लीक हो जाता है। यह सरकार की असफलता है।

### गोंडा सीएमओ कार्यालय का घूस लेने वाला बाबू निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े गए गोंडा सीएमओ कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक धर्मेश कुमार राय को निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर निलंबन का आदेश बुधवार को जारी कर दिया गया है। मालूम होकि गोंडा सीएमओ कार्यालय में चिकित्सा प्रतिपूर्ति दिलाने के लिए 5000 रूपए रिश्वत लेने वाले बाबू को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा था।

# इस बार कम हुई धान खरीद, आज होगी बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 70 लाख के सापेक्ष 53.50 लाख एमटी खरीद, पश्चिम के जिले रहे पीछे

▸▸ बढ़े बाजार भाव का असर पिछले वर्ष 65 लाख एमटी हुई थी खरीद

**अमृत विचार :** इस बार प्रदेश में सरकारी धान खरीद को झटका लगा है। पिछले वर्षों की अपेक्षा जिलों पर धान खरीद कम हुई है। पश्चिम जिले खरीद में बेहद पीछे रहे हैं। कारण धान खरीद केंद्र खुलने के दौरान ही बाजार भाव समर्थन मूल्य से ज्यादा रहा। इसका किसानों को तो लाभ मिला बल्कि कारोबारियों ने भी फायदा उठाया।

इससे धान खरीद शुरुआती दौर में ही सुस्त रही। पश्चिम जिलों में तो दिसंबर में ही केंद्रों पर सन्नाटा छा गया था।

किसानों की आवक न के बराबर रही। ऐसी स्थिति में बुधवार दोपहर तक प्रदेश में 70 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 53,50,154 मीट्रिक टन (76 प्रतिशत) धान खरीदा हुई। जबकि पिछले वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन में लक्ष्य में 65 लाख मीट्रिक टन पूर्ति हुई थी। कुल 5207 केंद्रों पर 7,97,603 किसानों ने धान बेचा। पूर्वी जिलों में जरूर खरीद देर सबेर होती रही। इस कारण आधा लक्ष्य पार कर पाए। गुरुवार को खरीद का अंतिम दिन है। लेकिन, लक्ष्य बढ़ने की उम्मीद नहीं है। अपर आयुक्त (विपणन) राजीव मिश्रा ने बताया कि इस बार किसानों को बाजार भाव ठीक मिला। लेकिन, खरीद प्रभावित हुई है।

### इन संस्थाओं ने इतने एमटी खरीदा धान

शाखा विपणन – 24,93,954
भारतीय खाद्य निगम – 49,804
उप्र सहकारी संघ – 11,80,222
यूपी कोआपरेटिव यूनियन – 10,52,900
उप्र उपभोक्ता सहकारी संघ – 4,94,241
मंडी परिषद – 56,983
फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी – 22,048
पश्चिम उप्र में खरीद – 16,77,165
पूर्वी उप्र में खरीद – 36,72,989
कुल खरीद – 53,50,154

### रजनीश दुबे बनाये गये राजस्व परिषद के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने मंगलवार की देर रात 15 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। रजनीश दुबे को राजस्व परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है। झांसी के मंडलायुक्त आदर्श सिंह को आबकारी आयुक्त बनाया गया है। यह पद कुछ समय से खाली चल रहा था। इस बीच लंबी छुट्टी से वापस लौटी 2013 बैच की आईएएस अधिकारी चांदनी सिंह को अपर आयुक्त जीएसटी गौतमबुद्ध नगर बनाया गया है। आईएएस डॉ. बलकार सिंह को प्रदेश का नया आवास आयुक्त बनाया गया है। अभी तक वह एमडी जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनात थे। सचिव कृषि राजशेखर को जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनाती दी गई है। राजेश कुमार सिंह को प्रमुख सचिव सहकारिता बनाया गया है। वह प्रमुख सचिव कारागार भी बने रहेंगे। बीएल मीणा को प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम के पद पर भेजा गया है। रवींद्र कुमार प्रमुख सचिव पशुधन व दुग्ध विकास व विमल दुबे को मंडलायुक्त झांसी बनाया गया है। चैत्रा वी को मंडलायुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। मनोज कुमार सिंह से उद्यान विभाग का चार्ज हटा लिया गया है। पी गुरू प्रसाद प्रमुख सचिव राजस्व बनाए गए हैं। रणवीर प्रसाद एमडी विद्युत उत्पादन निगम, राजशेखर एमडी पेयजल मिशन ग्रामीण को बनाया गया है। वहीं अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह को डीएम भदोही बनाया गया है। भदोही से गौरांग राठी को डीएम उन्नाव बनाया गया है। उन्नाव की डीएम अपूर्वा दूबे को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।




SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:- Morning : 11am-2pm, Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency



## शहर में आज

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शिक्षा की क्लास, मुख्य सचिव के साथ कार्यक्रम का आयोजन - 9:00 बजे।
- न्याय पंचायत मुख्यालय के पंचायत भवनों पर एनपीसीआई पोर्टल पर आधार लिंक व खाता संचालन संबंधित समस्याओं पर शिविर का आयोजन - 10:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में श्रद्धा मानव नाट्य समारोह की तीसरी संध्या पर आकांक्षा थियेटर आर्टस के द्वारा नाटक जॉन गॉल्स वर्दी का मंचन - 6.30 बजे।
- डालीगंज व्यापारी सेवा संघ के तत्वावधान में निराला नगर स्थित माधव सभागार में सामूहिक लाडली विवाह उत्सव का आयोजन - 7.00 बजे।

## एक नजर

### आधार प्रमाणीकरण में फंसी मनरेगा मजदूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मनरेगा श्रमिकों को आधार बेस पेमेंट करने की 10 जिले प्रक्रिया नहीं कर पाए हैं। इस कारण श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान उनके खातों में नहीं हो पा रहा है। मनरेगा श्रमिकों के भुगतान में पारदर्शिता लाने के लिए 2018 में आधार बेस पेमेंट प्रक्रिया लागू हुई थी। इसमें श्रमिकों के बैंक खाते आधार से लिंक होने पर ही मजदूरी जाएगी, लेकिन गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, शामली, बागपत, कानपुर देहात, संभल, बांदा, महोबा, कौशांबी व चंदौली में 100 प्रतिशत श्रमिकों के खाते आधार बेस नहीं हो पाए हैं। इससे उनकी मजदूरी फंसी है। वहीं, कानपुर देहात, देवरिया, महाराजगंज, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर श्रमिकों के आधार सीडिंग नहीं कर पाए हैं। श्रमिकों की पिछले सप्ताह काफी इंतजार के बाद मजदूरी आई है। लेकिन, बिना आधार बेस खातों में आना मुश्किल है।

# रामकी कंपनी पर सदन में घमासान नगर आयुक्त पर लगाया गंभीर आरोप

- कहा, कंपनी से आपको ऐसा क्या मिला जो आपने छुपाई जानकारी
- शीशे की तरह साफ हैं नगर आयुक्त ऐसा आरोप बर्दाश्त नहीं : महापौर
- पार्षद पर बिफरीं महापौर, कहा-सदन से बाहर निकालो, बुलाओ पुलिस, किया निलंबित

## आरोप से आहत होकर नगर आयुक्त सदन छोड़कर चले गए, आधे घंटे के बाद फिर शुरू हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के आठ में से पांच जोन में सफाई का काम हैदराबाद की कंपनी रामकी को दिया गया है। इस पर नगर निगम सदन की विशेष बैठक में बुधवार को घमासान मच गया।

सरोजनीनगर द्वितीय के भाजपा पार्षद रामनरेश रावत ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह पर गंभीर आरोप लगाया। आरोप लगने से आहत नगर आयुक्त गुस्से में बैठक छोड़कर बाहर निकल गए। पार्षद द्वारा लगाए आरोपों को सिरे से खारिज करती हुईं महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा, नगर आयुक्त शीशे की तरह साफ हैं। आरोप बेबुनियाद है। वहीं, पार्षद को तत्काल सदन से बाहर करने और निलंबित करने का आदेश दिया। बाहर ले जाते समय पार्षद ने खुदकुशी की धमकी दी। इस पर पुलिस बुला ली गई। हंगामे के कारण काफी देर तक सदन स्थगित रहा। दोबारा 3 बजे सदन की बैठक शुरू हुई। जिसमें नगर आयुक्त ने कंपनी के संबंध में पार्षदों के सवालों का जवाब दिया।

**पार्षद ने कहा, कर लूंगा आत्महत्या :** महापौर के आदेश के बावजूद पार्षद रामनरेश सदन से बाहर जाने के लिए तैयार नहीं हुए। तब उन्हें भाजपा पार्षदों ने भी समझाने की कोशिश की। उन्हें जबरन पकड़कर बाहर ले जाने लगे तो रामनरेश ने दरवाजे पर पहुंचते ही कहा कि मुझे निकाला और पुलिस बुलाई तो मैं छत से कूदकर आत्महत्या कर लूंगा। इसके बाद रामनरेश फिर सदन में आकर बैठ गए। पार्षदों के काफी समझाने पर आधे घंटे बाद रामनरेश सदन से बाहर चले गए।

**त्रिलोक नाथ हॉल के बाहर पहुंची पुलिस :** लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोक नाथ हॉल में आयोजित नगर निगम मुख्यालय में लगभग 1.10 बजे हंगामा बढ़ने लगा। हंगामा बढ़ते देख महापौर ने पुलिस बुलाने के निर्देश दिए थे। लगभग 15 मिनट बाद ही पुलिस हॉल के बाहर आ गयी। यह पहला मौका था जब सदन के बाहर पुलिस बुलानी पड़ी। सदन स्थगित करने के बाद महापौर भी नगर आयुक्त के पास अपर नगर आयुक्त अरविंद राव के कक्ष में पहुंच गयीं। कुछ देर बाद पुलिस वापस लौट गयी।

**भाजपा महानगर अध्यक्ष पहुंचे, बंद कमरे में की बात :** सदन में विवाद के कुछ देर बाद ही भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी भी नगर निगम पहुंच गए। उन्होंने महापौर, नगर आयुक्त, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता और भाजपा पार्षद सुशील कुमार तिवारी के साथ बंद कमरे में बातचीत की। इसके कुछ देर बाद ही वह बाहर चले गए।



बुधवार को नगर निगम सदन में हंगामे के दौरान गुस्से में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह।



बुधवार को नगर निगम सदन में हंगामा करते पार्षद। अमृत विचार

### ममता ने लगाया आरोप, सीईओ ने दिया जवाब

मालवीय नगर वार्ड से कांग्रेस पार्षद ममता चौधरी ने कंपनी रामकी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चेन्नई में कंपनी पर 2012 में दो करोड़ रुपये जुर्माना लगा था। वर्ल्ड बैंक ने दिसम्बर 2021 को कंपनी को फ्रॉड घोषित किया था। आयकर विभाग ने भी कंपनी पर 1200 करोड़ रुपये का टैक्स का घपला पकड़ा था। इसमें 300 करोड़ रुपये जमा भी किए गए। इस पर चेन्नई एमएसडब्ल्यू कंपनी के सीईओ मसूद मलिक ने सभी आरोप का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 2012 में कंपनी को सिर्फ नोटिस जारी हुआ था, हटाया नहीं गया। 2023 में रिव्यू के बाद वर्ल्ड बैंक ने मामला वापस ले लिया। आयकर विभाग के मामले पर उन्होंने कहा कि यह कंपनी का नहीं शेयर होल्डर का निजी मामला था।

### कंपनी के सर्वे पर पार्षदों ने उठाए सवाल

बैठक में अधिकांश पार्षदों ने रामकी के सर्वे पर सवाल उठाए। पार्षद प्रमोद गुप्ता ने कहा कि 7 मीटर से कम चौड़ी सड़कें 20 प्रतिशत होंगी। उन्होंने शहर में लगभग 3,000 टन कूड़ा रोजाना होता है। 88 ग्राम पंचायतों की 10 लाख की आबादी के हिसाब से आगे की योजना तैयार की जाए। सपा पार्षद यावर हुसैन रेशू ने कहा कि क्या गलियों को नापा गया। सफाई पर अभी तक कोई बात नहीं की गयी। संकरी गलियों में कूड़ा कैसे उठेगा। छोटी जगह रहने वालों को नहीं देखा गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का दौरा केवल मुख्य सड़क तक सीमित रहता है। पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू ने कहा कि पुराना लखनऊ गलियों में बसता है। जबसे निजी कंपनी आयी है पुराने लखनऊ में समस्या बढ़ गयी है। कंपनी पर दंडात्मक कार्रवाई का भी कॉलम होना चाहिए।

### कांग्रेस पार्षद ने महापौर पर लगाया आरोप

कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि सदन में जो घटना घटित हुई, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। सदन की अध्यक्ष द्वारा पीठ पर आसीन रहते जो अमर्यादित टिप्पणी की गयी, वह अशोभनीय है। इसे दोहराया नहीं जा सकता और यह पद की गरिमा को कलंकित करता है। सदन की बैठकों में अध्यक्ष का इस प्रकार का व्यवहार कभी देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष से कई बार सदन को स्थगित करने का अनुरोध किया, लेकिन हंगामे के बीच कार्यवाही जारी रखी गई। बगैर स्थगित किए अध्यक्ष सदन को छोड़कर बाहर चली गयीं। जिससे पूरे सदन में अव्यवस्था फैल गई।

# सिल-बट्टे से कूच कर पति की हत्या

- अवैध संबंध का था शक, शव के साथ पांच घंटे कमरे में बैठी रही आरोपी पत्नी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंदिरा नगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-9 के वैशाली एन्क्लेव में अवैध संबंध के शक में पत्नी ने सिल-बट्टे से कूचकर पति की हत्या कर दी। हत्या के बाद वह शव के पास करीब पांच घंटे कमरे में बैठी रही। बाद में शव को घसीटकर छज्जे पर डाला और खून के धब्बे साफ कर दिए। मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

डीसीपी उत्तरी अभिजीथ आर शंकर के मुताबिक, मूलरूप से बिहार के मधुबनी जनपद निवासी सुरेंद्र शाह (55) वैशाली एन्क्लेव में पत्नी रेखा, बेटे रॉकी और बेटी पूजा के साथ किराए के मकान में रहता था। दो बेटे इंद्रजीत और राजन मधुबनी में रहते हैं। सुरेंद्र सेक्टर-8 में चाय का ठेला लगाता था। पत्नी को शक था कि पति के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध हैं। इसे लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था।

मंगलवार देर रात करीब 3 बजे दोनों के बीच कहासुनी हुई। रेखा ने पति पर संदेह जाहिर करते हुए टिप्पणी की। इस पर सुरेंद्र नाराज हो गया। दोनों में हाथापाई होने लगी। गुस्से में आकर रेखा ने पास पड़े सिल-बट्टे से पति के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। जिसके बाद खून से लथपथ सुरेंद्र वहीं गिर पड़ा, मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद रेखा कमरे में सुरेंद्र के शव के पास करीब पांच घंटे बैठी रही।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना के समय घर के दूसरे कमरे में बेटा रॉकी और बेटी पूजा सो रहे थे। रेखा ने बच्चों के कमरे का दरवाजा बंदकर दिया था। पुलिस ने दरवाजा खोलकर भाई-बहन को निकाला। कमरे में पिता के शव को देकर भाई-बहन रोने लगे। इसी बीच, रेखा भी सिर पर हाथ रखकर रोने लगी। बेटे रॉकी ने बताया कि वह क्षेत्र के एक निजी स्कूल में इंटरमीडिएट में पढ़ता है। बहन पूजा स्नातक की पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। सुरेंद्र अपनी बेटी पूजा को अफसर बनाना चाहता था।

### बेटी ने मां पर दर्ज कराई रिपोर्ट

डीसीपी उत्तरी ने बताया कि सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सुरेंद्र को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने रेखा से पूछताछ की। उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। रेखा का कहना है कि बाहरी महिलाओं के कारण उसके घर में आए दिन विवाद होता था। पति उसके साथ मारपीट करता था। प्रभारी निरीक्षक सुनील तिवारी ने बताया कि सुरेंद्र की बेटी की तहरीर पर रेखा के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटनास्थल से सिल- बट्टा भी बरामद कर लिया गया है।

### मकान मालिक को फंसाने के लिए शव छज्जे पर डाला

एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल के मुताबिक, विवेक सिंह के मकान की दूसरी मंजिल पर सुरेन्द्र शाह परिवार के साथ रहता था। नीचे मकान मालिक रहता है। मकान मालिक को फंसाने की नीयत से रेखा ने शव को जीने से घसीटकर दरवाजे के सामने छज्जे पर डाल दिया। इसके बाद कमरा और जीना पानी से साफ किया। बावजूद इसके खून के धब्बे साफ नहीं हुए। सुबह जब विवेक सोकर उठे तो खून के धब्बों को देखकर सुरेन्द्र के बारे में पूछा। इसके बाद उन्हें छज्जे पर शव पड़ा होने की जानकारी हुई।

# बीएस-6 बसों के लिए रोडवेज ने शुरू की तैयारी, लगाएगा यूरिया उत्पादन इकाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- परिवहन मंत्री ने लोगों के स्वास्थ्य को लेकर परिवहन निगम को भविष्य की तैयारी करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** बीएस-6 बसों के लिए परिवहन निगम प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। निगम प्रशासन आमजन को प्रदूषण मुक्त सेवाएं देने वाली इन बसों में प्रयुक्त होने वाली यूरिया के लिए 'उत्पादन इकाई' लगाने जा रही है। इस इकाई की इन बसों पर आने वाले खर्च में करीब 20 प्रतिशत तक की कमी आएगी।

यह जानकारी परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बीएस-6 बसों में इस्तेमाल होने वाले यूरिया का उत्पादन अब परिवहन निगम स्वयं करेगा। वर्तमान में बीएस-6 बसों में पड़ने वाले यूरिया को प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा ओपन मार्केट में टेन्डर के माध्यम से क्रय किया जाता है। इस पर काफी लागत आती है। इसे देखते हुए उत्पादन इकाई लगाई जा रही है। परिवहन मंत्री ने विगत दिनों में परिवहन निगम के अधिकारियों द्वारा मार्केट में संचालित यूरिया उत्पादन इकाईयों का निरीक्षण किया था। रोडवेज के भविष्य को देखते हुए तकनीकी अधिकारियों ने परिवहन निगम में यूरिया उत्पादन इकाई लगाने पर जोर दिया। इससे रोडवेज पर खर्च में कमी आएगी। इससे पूर्व परिवहन निगम अपनी बसों में प्रयुक्त टॉयरों का रिट्रेडिंग कर खर्च में काफी कमी ला चुकी है। निगम के लिए यह इकाई काफी लाभकारी होगी। बीएस-6 बसें अत्याधुनिक होने के साथ-साथ न्यूनतम प्रदूषण करती हैं। बीएस-6 बसों को क्रय किया जाना प्रस्तावित है।

# अकबर नगर निवासियों को उच्चतम न्यायालय से नहीं मिली राहत



अकबर नगर में ध्वस्तीकरण के दौरान तोड़े गए बिना मानक के बनाए गए निर्माण। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एलडीए के अधिकारियों ने पहले से डाल रखी थी कैविएट
- कुकरैल बंधा व नदी पर अवैध रूप से कब्जा कर दुकानें व शोरूम बनाने का मामला

**अमृत विचार :** अकबर नगर में कुकरैल बंधे व नदी पर अवैध तरीके से बनीं दुकानें और शोरूम के संचालक लखनऊ विकास प्राधिकरण के चक्रव्यूह में फंस गए। एलडीए अधिकारियों की सतर्कता के कारण कब्जेदारों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिल सकी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने पहले से ही उच्चतम न्यायालय में कैविएट दाखिल कर रखी थी। वहीं, दिल्ली में डेरा भी डाल रखा था। ताकि कोई जरूरी दस्तावेज मांगने पर उपलब्ध कराया जा सके। इसी आधार पर उच्चतम न्यायालय में अपील करने पहुंचे 25 शोरूम संचालकों व दुकानदारों की अपील खारिज कर दी गई। साथ ही, शोरूम और दुकानों के ध्वस्तीकरण का रास्ता पूरी तरह से साफ हो गया।

**सुबह 4 बजे तक चली ध्वस्तीकरण की कार्रवाई :** अकबर नगर में मंगलवार को शाम 4:30 बजे शुरू हुई दुकानों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुबह 4 बजे तक चली। लगभग 24 दुकानों और शोरूम को एलडीए ने बुलडोजर और पोकलैंड की मदद से ध्वस्त कर दिया। कई शोरूम जितने जमीन के ऊपर बने थे, उतने ही नीचे। इसलिए टीम को तीसरी मंजिल तोड़ने के लिए मिट्टी डालनी पड़ी। जिसके बाद तीसरी मंजिल के निर्माण को तोड़ा जा सका।

## 22 दुकानें तोड़कर खाली करायी 100 करोड़ की जमीन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- महानगर रहीमनगर गांव की 5087 वर्गमीटर है भूमि

**अमृत विचार :** अकबर नगर में मुख्य मार्ग के दोनों ओर तोड़ी गयीं 22 दुकानों से खाली करायी गयी जमीन का मूल्य लगभग 100 करोड़ रुपये है। उच्च न्यायालय के आदेश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से नगर निगम ने ग्राम महानगर रहीमनगर की 5087 वर्गमीटर जमीन खाली करायी है। खसरा संख्या 746, 739 और 777 राजस्व अभिलेखों में दर्ज यह भूमि नगर निगम की सम्पत्ति है। मंगलवार को नगर निगम, एलडीए और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई के दौरान नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, ललित कुमार, डॉ. अरविंद कुमार राव, प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति आकाश कुमार, तहसीलदार संजीव कुमार पांडे, संजय कनौजिया और नायब तहसीलदार व लेखपाल उपस्थित रहे।

### मलबे को बराबर करने की शुरू हुई कार्रवाई


अकबर नगर में बुधवार को सन्नाटा रहा। लोगों के चेहरे पर मायूसी साफ दिख रही थी। आलीशान शोरूम और कॉम्पलेक्स मलबे में तब्दील हो गए। एलडीए की टीम बुधवार शाम को फिर कार्रवाई करने पहुंच गयी। उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी के साथ प्राधिकरण के अन्य अधिकारी एवं भारी पुलिस बल की उपस्थिति में दुकानों और शोरूम के मलबे को बराबर करने की कार्रवाई शुरू हो कर दी गई है। जो देर रात तक चलेगी।

### राजधानी के कई इलाकों में गुल रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के कई इलाकों में बुधवार को घंटों बिजली गुल रही। बावजूद इसके जिन क्षेत्रों का अनुरक्षण कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्हीं क्षेत्रों में बिजली फॉल्ट के चलते बिजली की आवाजाही दिनभर जारी रही। कई इलाकों में ट्रांसफॉर्मरों में आई तकनीकी खामी के चलते घंटों आपूर्ति बाधित रही। शहर के चौक इलाके के घंटाघर, यहियागंज के शास्त्री नगर, खजुआ, रामलीला ग्राउंड के आसपास चिनहट के कमता चौराहे, शिवपुरी, पंचवटी कॉलोनी के साथ आलमबाग, महानगर और अलीगंज में घंटों बिजली बंद रही। स्थानीय निवासियों के अनुसार, जिन क्षेत्रों में अनुरक्षण माह के तहत पूरे इलाके में कार्य कराया जा चुका है। उसमें पेड़ों की कटाई-छटाई, फीडरों के मेंटीनेंस, पेटीबॉक्स और ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग भी की जा चुकी है। ऐसे में उन्हीं समस्याओं के कारण बुधवार को भी बिजली की सप्लाई घंटों बाधित रही।

## सिस गोमती के मुख्य अभियंता ने किया कई उपकेंद्रों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** राजधानी के कई उपकेंद्रों का सिस गोमती मुख्य अभियंता ने बुधवार को निरीक्षण किया। इस बीच, उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों को बकाया बिलों को जमा कराने के लिए तेजी से काम करने की हिदायत दी। साथ ही क्षेत्रों में चल रहे अनुरक्षण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

मुख्य अभियंता सिस रजत जुनेजा ने बताया कि पूरे क्षेत्र के बकायेदारों से बिलों को जमा कराने और अनुरक्षण कार्य का जायजा लेने के लिए हुसैनगंज, राजभवन समेत कई उपकेंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान इलाकों के बकायेदारों की जानकारी लेने के साथ राजस्व को बढ़ाने के लिए काम करने संबंधी दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही क्षेत्र में चल रहे अनुरक्षण कार्य जिसमें फीडरों की रिपेयरिंग, एबीसी लाइन और उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मरों पर किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। सुस्त काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी देकर समय पर कार्य पूरा करने को कहा।

# चुनाव में यात्रियों को दिक्कत न होने पाए कराएं तत्काल बसों का बेड़ा दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोस चुनाव के दौरान एक प्रतिशत से ज्यादा बेड़ा नहीं होना चाहिए ऑफ रोड
- बसों को ठीक करा लें, चुनाव में जाएंगी : दयाशंकर सिंह



**अमृत विचार :** परिवहन निगम ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। बसों की फिटनेस जांच के लिए परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम प्रबंधन को दिशा-निर्देश भेज दिए हैं। यात्रियों को किसी भी तरह की दिक्कत न होने पाए इसे देखते हुए निगम प्रबंधन पूरे बेडे. को फिट कर लें।

एक प्रतिशत से ज्यादा बेड़ा ऑफ रोड नहीं होना चाहिए। सचेत करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव में लगाई जाने वाली बसों की फिटनेस तत्काल करा लें। ऐसा न हो कि चुनाव डयूटी में लगाई जाने वाली बसों की फिटनेस तिथि चुनाव के बीच हो। जरूरी हो तो बसों की अग्रिम फिटनेस करा ली जाए। चुनाव डयूटी में बड़ा बेड़ा लगाया जाना है। किसी भी दशा में अनफिट बसें न भेजी जाएं। यहां तक कि चालकों के लाइसेंस की तारीख भी देख लें कहीं वह खत्म होने वाली तो नहीं।

परिवहन मंत्री ने कहा कि जो बसें ऑफ रोड हैं, उनको तत्काल ऑन रोड किया जाए। बसों की भौतिक दशा अच्छी हो, बसों की सीटें, कल-पुर्जे, खिड़की, दरवाजे आदि की जांच करा लें। बसों में हेडलाइट, टेललाइट, इन्डीकेटर, हार्न, वाइपर की कार्यप्रणाली को गंभीरतापूर्वक देखा जाए। बसों में फस्ट एड बाक्स दवाइयों सहित अवश्य उपलब्ध होना चाहिए।

### बसों में हेल्पलाइन नंबर हो दर्ज

उन्होंने कहा कि बसों में निर्धारित स्थान पर निगम का हेल्पलाइन नं.- 18001802877 अवश्य अंकित होना चाहिए। यदि किसी वजह से बस में दिक्कत आती है तो उसके स्थान पर दूसरी बस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए वैकल्पिक वाहनों की व्यवस्था रखी जाए।

### सचिवों को फटकार, दो दिनों में पूरा करेंगे काम

**अमृत विचार, लखनऊ :** आठ ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन के कार्य अधूरे मिले। ग्राम निधि से धनराशि भी नहीं खर्च की गई। इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने संबंधित सचिवों को फटकार लगाते हुए दो दिन में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बुधवार को विकास भवन स्थित कार्यालय पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा की। बीकेटी की ग्राम पंचायत दुघरा, फतेपुर खेमराई, सरोजनी नगर की कुरौनी गुदौली, काकोरी की जलियामऊ, मोहनलालगंज की कनेरी, खुजेहटा, कोड़रा रायपुर में वर्मी कंपोस्ट, आरआरसी सेंटर, नाडेफ, सोख्ता गड्ढा आदि कूडा व जल निकासी के कार्य अधूरे मिले। भुगतान की समीक्षा की तो बजट होते हुए भी ग्राम निधि से एक भी रुपये खर्च नहीं किए गए। जबकि वित्तीय वर्ष समाप्ति को एक माह बचा है। ऐसे में बजट वापस न हो संबंधित सचिवों को फटकार लगाते हुए दो दिन में कार्य व भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

# आज आएगी केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोकसभा चुनाव की तैयारी को परखेगी
- मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम करेगी बैठक

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी को परखने के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग की टीम गुरुवार को आएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आ रही टीम लोकभवन में बैठक करेगी। जिला प्रशासन की ओर से लाइजनिंग अधिकारियों की ड्यूटी टीम के साथ लगाई गई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में आ रही 13 सदस्यीय टीम 2 मार्च तक लखनऊ में रहेगी। टीम के लोग विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के दौरान उनसे सुझाव लिए जाएंगे। 1 मार्च को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय लखनऊ में बैठक होगी। टीम के आगमन पर एयरपोर्ट पर सिटी मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ और एसडीएम सरोजनीनगर फाल्गुनी सिंह को जिम्मेदारी दी गई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ लाइजनिंग अधिकारी के तौर पर सीडीओ अजय जैन रहेंगे। इसके अलावा एडीएम ट्रांसगोमती, एडीएम पूर्वी, एडीएम भू अर्जन प्रथम, एडीएम भू अर्जन द्वितीय, एडीएम न्यायिक और एसीएम की ड्यूटी लगाई गई है।

### पांच जिलों के लिए विमान सेवाएं 2 मार्च से

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए विमान सेवाएं 2 मार्च से शुरू होंगी। फ्लाईबिग एयरलाइंस ने इसका शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया। राज्य सरकार की पहल पर उड़ान योजना के तहत पांच शहरों के लिए विमान सेवाएं शुरू होनी है। लखनऊ से श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, आजमगढ़ और मुरादाबाद का सफर आधे से डेढ़ घंटे में पूरा हो जाएगा। विमान सेवा फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से ये सेवाएं 19 सीटर विमान से दी जाएंगी। पांच जिलों के लिए किराया क्या होगा इसकी जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों की मानें तो दो से ढाई हजार के बीच किराया हो सकता है। लखनऊ से श्रावस्ती के लिए विमान संख्या एस 9337 दोपहर में 3 :15 बजे उड़ान भरेगी और शाम 4 बजे पहुंचेगी। जबकि श्रावस्ती से विमान संख्या एस9 340 शाम 4 :20 पर उड़ान भरकर 5 :10 पर लखनऊ पहुंचेगी। लखनऊ से श्रावस्ती के लिए उड़ान सेवा प्रतिदिन रहेगी। जबकि आजमगढ़, चित्रकूट, अलीगढ़ और मुरादाबाद के लिए विमान सेवा सप्ताह में छह दिन होगी।

## एक नजर

### वर्तिका शुक्ला को मिली पीएचडी की उपाधि



**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्तिका शुक्ला को महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी महर्षि नगर से इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से पीएचडी डिग्री अवार्ड की है। वर्तिका शुक्ला एक इंजीनियरिंग कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्य कर रही हैं। इनका रिसर्च टॉपिक इण्डेक्स माडुलेशन एण्ड चैनल कोडिंग टेक्निक्स फॉर फाइव जी रहा है। डॉ. चितरंजन गौड़ के निर्देशन में शोध कार्य पूरा किया गया है।

### कुलपति से मिले लोकपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के नव नियुक्त लोकपाल अजय कृष्ण विश्वेश और विवि के कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा की मुलाकात हुई। भेंट के दौरान शिक्षण कार्यों पर चर्चा की गई, और विवि परिसर के विकास पर भी सुझाव साझा किए।

# अग्निवीरों की रफ्तार तय करेगा विपुल का स्टार्टअप

## एकेटीयू के छात्र ने बनाई डिवाइस जो रफ्तार व अन्य परीक्षण मापेगी

जीशान कदीर, लखनऊ




तैयार किया गया स्टार्टअप

**अमृत विचार :** एकेटीयू के छात्र का स्टार्टअप अग्निवीरों की रफ्तार तय करने जा रहा है। इसके लिए एकेटीयू के छात्र विपुल ने एक डिवाइस बनाई है। इसका स्थलीय परीक्षण अंतिम दौर में है। दावा है कि यह देश की पहली डिवाइस होगी जो रफ्तार व अन्य परीक्षण मापेगी। स्थलीय परीक्षण का नतीजा आने के बाद भर्ती हुए अग्निवीरों की रूटीन व्यवस्था मैनुअल के स्थान पर इस डिवाइस का प्रयोग किया जा सकता है।

अग्निवीर भर्ती परीक्षा में पास हुए अग्निवीरों के प्रारंभ में रूटीन टेस्ट कराए जाते हैं। इसमें पांच किमी दौड़, क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर रस्सी कूद सहित अन्य गतिविधियां शामिल हैं। बताते हैं कि ये व्यवस्था अब तक मैनुअल आधारित रही है।

▸▸ **एकेटीयू के छात्र के शोध को मिली हरी झंडी**

ऐसे में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से संबद्ध एमआईटी कॉलेज के छात्र विपुल के स्टार्टअप को हरी झण्डी मिल गई है। मेरठ निवासी शोधार्थी बताते हैं कि भारत के दो स्थानों पर उनके शोध का परीक्षण अपने अंतिम चरण में है, फिर ये व्यवस्था प्रभावी होने के लिए प्रस्तावित है।

**अग्निवीरों का डाटा एक क्लिक पर उपलब्ध:** बैटल फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट (बीपीईटी) और फिजिकल प्रोफिशिएंसी टेस्ट (पीपीटी) के माध्यम से अग्निवीरों पर नजर रखी जाती है। मैनुअल व्यवस्था को ट्रैक पर लाने के लिए विपुल का स्टार्टअप कारगर रहेगा। शोधार्थी बताते हैं कि पेपर- पेन के स्थान पर डाटा ट्रैक पर लाया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में एक क्लिक के सहारे हर जवान के डाटा का पता चल सकेगा।

### डिवाइस के सहारे अग्निवीर का होगा आकलन



एकेटीयू के छात्र विपुल का दावा करते हुए कहते हैं कि बड़ी डिवाइस के रूप में बना स्टार्टअप अग्निवीरों के आंकलन में वरदात साबित हो सकता है। इस डिवाइस में प्रत्येक अग्निवीरों का डाटा सुरक्षित रखा जा सकेगा। निश्चित समय पर इसका आंकलन भी विशेषज्ञों द्वारा किए जाने की व्यवस्था शामिल की गई है।

### स्टार्टिंग यूपी योजना से पहला स्टार्टअप तैयार

नए आयाम और उद्यम स्थापित करने में केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना संजीवनी बन रही है। विपुल बताते हैं कि इंक्यूबेशन सेण्टर को योजना ने बड़ी राहत दी है। इसी का परिणाम रहा कि कई महीने सेण्टर में शोध के रूप में बिताकर भारत में पहला स्टार्टअप तैयार कर लिया है।

# पात्र अभ्यर्थी न मिलने पर भी आरक्षित सीट पर होगी नियुक्ति

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ **सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एसिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए काउंसिलिंग जारी**

▸▸ **मरीजों को बेहतर चिकित्सा व छात्रों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा**

**अमृत विचार:** सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एसिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर होने वाली नियुक्ति के दौरान, आरक्षित अभ्यर्थी अनुपलब्ध है तो सीट रिक्त नहीं रखी जायेगी और आरक्षित सीट पर सामान्य रूप से तैनाती कर दी जायेगी। यह निर्देश बुधवार को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने काउंसिलिंग मध्य में जारी किये हैं।

सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दो साल के लिए नीट 2020 बैच के डीएम एमसीएच विशेषज्ञों की तैनाती होनी है, यह नियुक्ति अनिवार्य सेवा बांड के तहत की जा रही है, इसके लिए काउंसिलिंग जारी है और पंजीकृत 147 अभ्यर्थियों से मनपसंद कॉलेज की प्राथमिकताएं 28 फरवरी तक ली गईं हैं। गुरुवार को आवंटन सूची जारी होनी है, इसके पूर्व ही महानिदेशक ने बताया कि कॉलेजों में सभी रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति हो सके, इसके लिए आरक्षण नियमों में नरमी बरती गई है। अगर नियुक्ति के दौरान आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी नहीं मिलेंगे तो सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी को नियुक्ति देकर सीट फुल की जायेगी ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सा व छात्रों को शिक्षा उपलब्ध हो सके।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या : ETender-GSU-TRD-L16-23-24 दि. 26.02.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति-शक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं : **क्र. सं. :** 01, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के वाराणसी सिटी यार्ड में नये एफओबी और सीओपी (पी.पी. शेल्टर) का निर्माण कार्य में आ रहे अवरोधों को हटाने से सम्बंधित 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। **टेंडर रिफरेंश नं. :** ETender-GSU-TRD-L16-23-24, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में :** 1,54,59,839.43, **धरोहर राशि रुपया में :** 2,27,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में :** शून्य, **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 19.03.2024 upto 14:45 Hrs., **कार्य पूरा करने की अवधि :** 6 माह।

• खुली ई-निविदा दिनांक 19.03.2024 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति शक्ति
मुजाधि/विद्युत-284 पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना संख्या एस एण्ड टी/कान/ई–टेंडर/04/2024**

मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–टेंडर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: एस एण्ड टी/कान/ई–टेंडर/04/2024; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के बहराइच, रिसिआ एवं नानपारा स्टेशन पर बहराइच–नानपारा–नेपालगंज आमान परिवर्तन कार्य के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली कार्य के परिप्रेक्ष्य में आर.डी.एस.ओ. स्पेसिफिकेशन सं. RDSO/SPN/192/2019 VER. 2 अथवा नवीनतम (नवीनतम संशोधन के साथ) SIP के अनुसार आंशिक सामग्री की आपूर्ति के साथ ही साथ इन्डोर एवं आउटडोर कार्य के साथ–साथ डिजाइन, प्रोग्रामिंग, संस्थापन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग का कार्य; **बयाना की राशि(₹):** ₹8,84,500/-; **अनुमानित लागत(₹):** ₹14,68,97,398.47; **स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 18 माह; **निविदा बंद होने की तिथि:** दिनांक 21.03.2024 को 15:00 बजे। **नोट:** • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। • निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

मु० सि०दू०इं०/निर्माण,
मुजाधि/सिग्नल–106 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# पीएचडी कोर्स में बदलेगी क्रेडिट की तस्वीर

## कोर्सवर्क में किये बदलाव, विशिष्ट नवाचार में शोध दृष्टिकोणों पर बल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के पीएचडी पाठ्यक्रमों में परिवर्तन होने जा रहा है। कोर्स और क्रेडिट में बदलाव होगा। शोध और प्रकाशन में भी गुणात्मक परिवर्तन देखने को मिलेंगे।

प्री पीएचडी कोर्सवर्क में मौजूदा पाठ्यक्रम 2 कोर्स और 8 क्रेडिट से 3 कोर्स और 12 क्रेडिट में बदलेगा। तीन पेपरों में दो अनिवार्य और एक वैकल्पिक पेपर शामिल होंगे। शोध और प्रकाशन नैतिकता (2 क्रेडिट्स) जागरूकता बढ़ाने के लिए होगा। शोध पद्धति (5 क्रेडिट्स) सांख्यिकीय और गुणात्मक विधियों के अलावा कंप्यूटर एप्लिकेशन्स, शोध नैतिकता और प्रकाशित शोध की समीक्षा जैसे विषयों पर केन्द्रित होगी।



▸▸ **तीन पेपरों में दो अनिवार्य और एक वैकल्पिक पेपर होगा शामिल**

▸▸ **शोध और प्रकाशन में भी होंगे गुणात्मक परिवर्तन**

नवाचारी शोध दृष्टिकोणों (5 क्रेडिट्स) पर ध्यान केंद्रित होगा। यह पेपर विशिष्ट विषय क्षेत्र के भीतर नए और कटिंग-एज दृष्टिकोणों को अन्वेषित करेगा। पेपर में नवाचारी शोध विधियां, तकनीकी अथवा दृष्टिकोणों में विस्तार होगा। अंडरग्रेजुएट ऑर्डिनेंस ने प्रति सेमेस्टर क्रेडिट्स को 24 से 20 क्रेडिट्स में कम किया है।

### डीन ने रजिस्ट्रार को लिखा पत्र

डीन अकादमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने लविवि के रजिस्ट्रार को पत्र भेजकर यह प्रक्रिया शुरू की है, जिसमें संशोधन प्रक्रिया शुरू करने के लिए रजिस्ट्रार से सभी विभागाध्यक्षों, निदेशकों और समन्वयकों के साथ संवाद स्थापित करने को कहा गया है।

> कार्यक्रमों में संशोधन प्रक्रिया की शुरुआत नियामक परिवर्तनों के साथ बने रहने और छात्रों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए की जा रही है। इसे सभी घटकों के इनपुट के साथ व्यवस्थित रूप दिया जा रहा है।
> –प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय

**अध्ययन बोर्ड और संकाय बोर्ड द्वारा होगा अनुमोदित:** विशेष संशोधन प्रक्रिया में एक-वर्षीय पीजी अध्यादेश और दो-वर्षीय पीजी अध्यादेश को सम्मिलित किया गया है। इसे एक माह के भीतर अध्ययन बोर्ड और संकाय बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाना है। जिससे काफी सुविधा होगी।

# यूपी बोर्ड: अब तक 16 विषयों की परीक्षा संपन्न



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते जेडी माध्यमिक शिक्षा डॉ. प्रदीप कुमार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ **राजधानी में नहीं पकड़ा गया कोई नकलची, दोनों पालियों में 1,117 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित**

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड 2024 की परीक्षा के क्रम में 22 फरवरी से अबतक 16 विषयों की परीक्षा हो चुकी है। परीक्षा के दौरान राजधानी में एक भी नकलची नहीं पकड़ा गया है। बुधवार को दोनों पालियों में 1117 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

डीआईओएस राकेश कुमार ने कहा चार दिनों की परीक्षा में अभी तक कहीं पर कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। अनुपस्थित परीक्षार्थी वही हो सकते हैं जिन्होंने नकल के जुगाड़ से फार्म भरा होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा छोड़ने में रेगुलर परीक्षार्थियों की संख्या कम है। उन्होंने बताया कि बुधवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की संस्कृत तथा इण्टरमीडिएट की अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। इसमें कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 12757 थे। इसमें 12170 उपस्थित हुए। 587 अनुपस्थित रहे।

इसी तरह से द्वितीय पाली में हाईस्कूल संगीत वादन तथा इण्टरमीडिएट-चित्रकला, रंजन कला की परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा हुई। जनपद के कुल 14 परीक्षा केन्द्रों का गहनता से निरीक्षण किया गया। डीआईओएस ने बताया कि दूसरी पाली में 6975 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 6445 रही है। वही अनुपस्थित परीक्षार्थियों की सख्या 530 है। इस तरह से दोनों पालियों में 1117 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

**नोटिस का दिखा असर, शिक्षक आने लगे ड्यूटी पर:** परीक्षा में कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति कम हो रही थी, लेकिन जैसे ही डीआईओएस राकेश कुमार और बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश की ओर से नोटिस जारी हुई शिक्षकों ने बुधवार को ड्यूटी ज्वॉइन करना शुरू कर दिया। डीआईओएस ने बताया कि निजी कॉलेजों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई थी। उसका असर देखने को मिला है। बेसिक में भी शिक्षकों ने ड्यूटी संभाली है।

**सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को चेतावनी**

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बुधवार की रात्रि में गूगल मीट के माध्यम से सभी केन्द्र व्यवस्थापकों से परीक्षा केन्द्रों की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें कड़ी चेतावनी दी। डीआईओएस ने कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। ऐसे में केन्द्रों पर कैमरे व निगरानी की व्यवस्था को दुरुस्त रखें। इसके साथ ही कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति का ब्योरा भी समय से भेजने को कहा गया। इसके साथ ही केन्द्र व्यवस्थापकों ने कुछ केन्द्रों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाये जाने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर से बात की गई है।

# लोहिया विवि ने शुरू किये दो नए कोर्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया विवि ने मीडिया लॉ एंटरटेनमेंट एंड एथिक्स पीजी पर पीजी डिप्लोमा में नया कोर्स शुरू किया गया है। इसमें दो सेमेस्टर शामिल हैं। पाठ्यक्रमों की कक्षाएं शाम को चलेंगी। यह कोर्स उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो मास कम्युनिकेशन, पत्रकारिता, मीडिया ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट में रुचि रखते हैं। एनजीओओ के वकील और किसी भी क्षेत्र के छात्र इस कोर्स के लिए पात्र हैं। प्रवेश योग्यता के आधार पर किया जाएगा। किसी भी विषय के स्नातक में 45 प्रतिशत अंक वाले उम्मीदवार इस पाठ्यक्रम के लिए पात्र हैं। कुल सीटों की संख्या 38 है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं राज वेटी माटा प्रदीप कुमार सैन्य संख्या 156910504 रैंक– हवलदार निवासी ग्रा0व0पो0– बैजूपुर, थाना – पाली जिला हरदोई (उ0प्र0) पिन– 241123 घोषणा करती हूँ कि मेरा नाम व जन्मतिथि राजाबती व 01/07/1966 त्रुटिबस मेरे बेटे के सैन्य अभिलेखों में दर्ज हो गया। मेरा सही नाम व जन्मतिथि राज वेटी व 01/01/1965 है जो कि मेरे पैन व आधार के अनुसार सत्य व सही है।

**बैठक सूचना**

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. घाटपारा वि. ख. राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 29/02/2024 को ग्राम सभा घाटपारा के पंचायत भवन परिसर में समय 01:00 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमे इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

मुख्य प्रवर्तक

**सूचना**

मैं अविनाश सिंह पुत्र विरेन्द्र पाल सिंह निवासी-453/74 अहमदगंज, दौलतगंज, लखनऊ। मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम अविनाश कुमार सिंह अंकित हो गया है, जबकि मेरे अन्य अभिलेखों आधार व पैन कार्ड में अविनाश सिंह अंकित है जो सही है।

**सूचना**

पहले मेरा नाम AMARPREET KAUR था अब मैने बदलकर अपना नाम PREETI AGARWALरख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: PRATEEK AGARWAL, 6, SHYAM NAGAR, RAEBARELI ROAD, LUCKNOW, U.P-226029

**सूचना**

मैं मो0 सिद्दीक अंसारी पुत्र श्री मो0 इसहाक अंसारी निवासी 113/ 1 कजियारा कर्बला रोड पुराना सीतापुर तहसील व जिला सीतापुर का हूँ। मेरा पासपोर्ट सं0 11 / 43723/92 बना हुआ है जिस पर मेरा नाम मोहम्मद सिद्दीक अंसारी (MOHAMMAD SIDDIQ ANSARI) पुत्र स्व0 मोहम्मद इसहाक अंसारी (MOHAMMAD ISHAQ ANSARI ) अंकित है। जबकि अन्य समस्त प्रपत्रों पर मेरा नाम मो0 सिद्दीक अंसारी (MOHD SIDDIQ ANSARI) पुत्र श्री मो0 इसहाक अंसारी (MOHD ISHAQ ANSARI) अंकित है। अब से मेरा सही नाम मो0 सिद्दीक अंसारी (MOHD SIDDIQ ANSARI) व पिता का सही नाम मो0 इसहाक अंसारी (MOHD ISHAQ ANSARI) पढ़ा व लिखा व पहचाना जाय

## सार-संक्षेप

### एमिटी में बौद्धिक संपदा अधिकारों पर हुई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एमिटी स्कूल ऑफ एप्लाइड साइंसेज एमिटी यूनिवर्सिटी द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और विज्ञान एवं तकनीकी में इसका उपयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। पांच दिवसीयकार्यशाला यूपीसीएसटी के सहयोग से आयोजित की गई।कार्यशाला के उद्घाटन कार्यक्रम में एमिटी विवि लखनऊ के उप प्रति कुलपति सेवानिवृत्त विंग कमांडर डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि एनबीआरआई के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. विधु ने बौद्धिक संपदा अधिकारों और न्याय के सिद्धांतों को समझाते हुए मूर्त/अमूर्त बौद्धिक संपत्तियों पर जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 30 संकाय सदस्य और 150 छात्र शामिल रहे। उद्घाटन कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ. ऋचा खरे, डॉ. निमिषा मिश्रा, डॉ. स्मृति खरे भी उपस्थित रही।

### एमपीएच के छात्रों ने टोही सेहत की नब्ज

**अमृत विचार , लखनऊ :** डॉ.जी.एल गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ एंड पब्लिक अफेयर्स के परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में एमपीएच के छात्रों द्वारा सहभागिता की गई। शिविर के दौरान शारीरिक वसा, बेसल मेटाबोलिक दर, रक्तचाप, रक्त शर्करा आदि का परीक्षण किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर के संकाय, कर्मचारियों और छात्रों को आहार और जीवन शैली में संशोधन की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रो.आरके सिंह, प्रो.पुष्पेंद्र त्रिपाठी, प्रो.पीयूष भार्गव, डॉ. वरुण छांछर, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक तिवारी, डॉ.अनुपमा श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### राइटिंग प्रतियोगिता में उभरी स्वदेशी तकनीकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में अप्लाइड साइंस एंड ह्यूमेनिटीज विभाग द्वारा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीकी के विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में संकाय के छात्रों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. अनुपम त्रिपाठी एवं विभाग के सभी सदस्यों का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के अंत में संकायाध्यक्ष ने विकसित भारत की स्वदेशी तकनीकियों से भविष्य का सृजन नामक स्लोगन को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया।

### शिक्षा व्यवस्था में हुए सुधार की होगी समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023-23 में अभी तक हुए सुधार और संचालित सरकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा होगी। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। आगामी 4 मार्च को दोपहर 1 बजे से शुरू होने वाली इस बैठक में शैक्षिक सत्र 2023-24 में बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों व योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

# चार ई बना सकते हैं शिक्षा का माहौल: प्रो. अरुण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग ने विज्ञान भारती के सहयोग से चैतन्य व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रति कुलपति ने डिजिटल माध्यम से किया।

आईआईआईटी के निदेशक प्रो. अरुण मोहन शेरी ने शिक्षा के चार ई फॉर्मूले के बारे में बात की जो शिक्षा, अनुभव, एक्सपोजर और पर्यावरण पर आधारित रही। उन्होंने कहा कि ये चारों ई ही पढ़ाई का अच्छा माहौल बना सकते हैं। उन्होंने नवाचारों के लिए ट्रिपल के फॉर्मूला यानी ज्ञान सृजन, ज्ञान प्रसार और ज्ञान प्रमाणन के बारे में भी बताया। रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. अनिल मिश्रा ने साप्ताहिक अनुसंधान विद्वान मंच, पूर्व छात्र व्याख्यान श्रृंखला, विशेष व्याख्यान जैसे विभिन्न सह-पाठयक्रम कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. शीला मिश्रा ने जीवन के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी ने शोध के परिणाम पर बल दिया। कार्यक्रम में रसायन विज्ञान विभाग के सभी संकाय सदस्यों, अनुसंधान विद्वानों और स्नातकोत्तर और पूर्व-स्नातक छात्रों ने भाग लिया।

### भाषण प्रतियोगिता में छात्रों की दिखी प्रतिभा

**अमृत विचार,लखनऊ :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस–2024 के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की ओर से वैज्ञानिक गतिविधियों यथा–साइंस क्विज, पोस्टर पेंण्टिग एवं भाषण प्रतियोगिता के आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुरूआत अतिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक नरेन्द्र भूषण ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ओर से अति उत्साह के साथ साइंस क्विज, पोस्टर पेंण्टिग एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया।

### विज्ञान के माध्यम से ही प्रगति संभव

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में विकसित भारत 2024 के लिए भौतिक विज्ञान में स्वदेशी तकनीक विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलियोसाइंस से डॉ. पी. मोर्थेकाई मौजूद रहे। बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलियोसाइंस के डॉ. पी मोर्थेकाई ने कहा कि विज्ञान के माध्यमों से ही देश की प्रगति संभव है।

# विज्ञान दिवस पर नई तकनीक को बढ़ाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** विश्वविद्यालयों में विज्ञान दिवस पर विविध आयोजन किये गए। संगोष्ठी में नई तकनीक को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर स्वदेशी प्रौद्योगिकी का विज्ञान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस विक्टर बाबू ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ के वैज्ञानिक प्रो. यशपाल सिंह एवं मधुमक्खी पालन उद्यमी नितिन बीस मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र पाण्डेय, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर प्रो. रईस अहमद खान एवं डॉ. पवन कुमार चौरसिया मौजूद रहे।



आर्यकुल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र–छात्राएं व अन्य। अमृत विचार

**पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी यूनिट ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम में पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया।

**आम जन एवं छात्रों खुला रहा एनबीआरआई :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 के उपलक्ष्य में सीएसआईआर-एनबीआरआई की प्रयोगशालाएं एवं सुविधायें आम जन एवं छात्रों के लिए दिन भर खुली रहीं।

### आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज में हुआ सेमिनार

आर्यकुल कॉलेज में सेमिनार में डॉ. हनीश सिंह जयसिंह चेल्लाम्मल, एसोसिएट प्रोफेसर, यूआईटीएम पैनकक आलम कैंपस, मलेशिया द्वारा एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। थेराप्यूटिक ड्रग मॉनिटरिंग की भूमिका के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में वैज्ञानिक प्रो. जेसी बोस पर आधारित नाटक का प्रस्तुतीकरण हुआ। इस अवसर पर डॉ. अंकिता अग्रवाल, डॉ. आदित्य सिंह, प्रणव पांडे, डॉ. रेखा, डॉ. काशिफ शकील और अन्य संकाय, कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे।

# नेशनल फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय कला मंच अवध प्रांत ने नेशनल फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत कार्यालय पर संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में आकाशवाणी में उद्घोषक रंगमंच कलाकार पुनीता अवस्थी रहीं। पुनीता ने दूरदर्शन के नाटकों में अभिनय, आश्रम, कनपुरिया, अभय आदि जैसी वेब सीरीज में काम किया हैं। वर्तमान में कथारंग एवं नव वर्ष चेतना समिति की उपाध्यक्ष भी हैं। पोस्टर विमोचन में राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अभिनवदीप सहित अन्य उपस्थति रहे।

**U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.**

**TENDER NOTICE**

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (Lucknow Zone-1) and (Varanasi Zone) invites, online percentage rate bids in two bid system for-

01- NIT No-139/APM/Bahraich Unit /RNN/2023 Dated 08-02-2024 e-tender Construction of ANM Training Center and Hostel Block at District Bahraich.

(02)- NIT No-140/APM/Bahraich Unit /RNN/2023 Dated 09-02-2024 e-tender Construction of Joint Director Prosecution Office at District Srawasti

(03)- NIT No-150/APM/Bahraich Unit /RNN/2023 Dated 10-02-2024 Construction of Drugware House at Kisan Bazar Meerpur District Bahraich.

(04)- NIT No-173/APM/Bahraich Unit /RNN/2023 Dated 15- 02-2024 Construction of CHC Semra Bahraich.

(05)- NIT NO-5098/GM/RNN/TENDER/RNN/24 Dated- 28-02-2024, Construction of 50 Bedded CCU Hospital Under PM-ABHIM at Mirzapur.

Last date of submission of offers upto 3:00 PM on Dated 04-03-2024 (SI-1), upto 3:00 PM on Dated 08-03-2024 (SI-2) upto 3:00 PM on Dated 08-03-2024 (SI-3) upto 3:00 PM on Dated 06-03-2024 (SI-4), upto 2:00 PM on Dated 06-03-2024 (SI-5) all other details on:- website: www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in

**लखनऊ नगर निगम**
**लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ–226001 (उ.प्र.)**
**ई–मेल : nnlko@up.nic.in,फोन फैक्स : 0522–2622440**

पत्रांक : 16688/पी./उ.वि. दिनांक : 26.02.2024

**अति–अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर निगम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक **07.03.2024** को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक **06.03.2024** तक **अपरान्ह 2 बजे** तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, उद्यान विभाग एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक **07.03.2024** को **अपरान्ह 3 बजे** तक अपर नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक **07.03.2024** को **अपरान्ह 4 बजे** निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | जमानत धनराशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन–08 में विद्यावती द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत स्थित 04 ग्रीन बेल्ट का तीन माह हेतु औद्यानिक अनुरक्षण का कार्य। | 8,23,380.00 | 82,339.00 | 03 माह | 824.00 | 148.00 | 972.00 |

**शर्तें :–**[1] निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।

[2] शासनादेश सं.-6738/23-7-06-176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू. 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेंस गारण्टी ली जायेगी।

[3] शासनादेश सं.-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी.एस.टी. का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।

[4] आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या-3690/नौ-5-19-149सा./2019, दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

[5] निविदादाता को औद्यानिक कार्य का उ.प्र. के सरकारी व अर्द्धसरकारी संस्थाओं से जारी किया हुआ विगत तीन वर्षों की अवधि के अन्तर्गत का **80%** का सिंगल कार्यादेश, **60%** के दो कार्यादेश अथवा **40%** के तीन कार्यादेश संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिसके बिना निविदा स्वीकार नहीं होगी।

[6] कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य संतोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

**अधीक्षक उद्यान**

## एक नजर

### मनीष अरोड़ा बने आलमबाग व्यापार मंडल परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ व्यापार मंडल की बैठक बुधवार को हुई। इसमें मनीष अरोड़ा को आलमबाग परिक्षेत्र का उपाध्यक्ष व जितेंद्र कनौजिया को चेयरमैन मनोनीत किया गया। लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने दोनों पदाधिकारियों का स्वागत कर व्यापार मंडल में व्यापारियों के जोड़ने के सिलसिले को अनवरत रूप से आगे ले जाने के लिए बधाई दी।

### बलकार सिंह बने आवास आयुक्त, आज संभालेंगे पदभार

अमृत विचार, लखनऊ : आईएएस अधिकारी डा. बलकार सिंह को उप्र आवास एवं विकास परिषद का नया आवास आयुक्त बनाया गया है। उन्हें रणबीर प्रसाद की जगह तैनाती दी गयी है। 20 वर्षों में बलकार सिंह 9 जिलों में जिलाधिकारी रह चुके हैं। वह जल निगम ग्रामीण के एमडी, निदेशक खनन और निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण के पद पर रहे हैं। वह गुरुवार को आवास आयुक्त का पदभार ग्रहण कर सकते हैं। रणबीर प्रसाद मध्यांचल विद्युत निगम के एमडी बनाये गए हैं।

### ज्यादा ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर अभियंताओं के खिलाफ होगी कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में ज्यादा ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर जिम्मेदार अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने यह चेतावनी दी। अध्यक्ष बुधवार को शक्ति भवन में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्तओं को हर हाल में सही बिल मुहैया कराया जाय, ताकि वे समय पर बिल भुगतान कर सकें। अध्यक्ष ने दक्षिणांचल व पश्चिमांचल निगम क्षेत्र में 100 केवीए क्षमता के ऊपर सात-सात ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर संबंधित अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये।

# अराजक वाहनों के लिए चौराहों पर खींचें लक्ष्मण रेखा, बाहर दिखें तो कराएं लाइसेंस व परमिट निरस्त

## ई-रिक्शा और टैम्पो-टैक्सी चालकों की मनमानी पर नकेल कसने के लिए मंडलायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▶▶ बैठक में नाराज मंडलायुक्त ने कहा, यातायात सुधार के लिए औपचारिकता नहीं, तत्काल ठोस कदम उठाएं जिम्मेदार

**अमृत विचार :** प्रमुख चौराहों पर ई-रिक्शा, टैम्पो-टैक्सी चालकों की मनमानी पर नकेल कसने के लिए प्रशासन सख्त रुख अपनाने जा रहा है। कई चेतावनी के बाद भी यातायात अराजकता फैलाने से बाज नहीं आ रहे ई-रिक्शा संचालकों की पार्किंग और संचालन के लिए प्रशासन 'लक्ष्मण रेखा' खींचने जा रहा है।

इसके तहत बहुत जल्द व्यस्ततम चौराहों के पास ई-रिक्शा पार्किंग के लिए 'पीली और सफेद पट्टी' बनाई जाएगी। राजधानी की बिगड़ रही यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने इस आशय के आदेश बुधवार को संभागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक में दिए।

आयुक्त सभागार में हुई बैठक मंडलायुक्त डॉ. जैकब ने कहा कि बार-बार चौराहों पर खड़े होने वाले टैम्पो-टैक्सी की पुलिस द्वारा उपलब्ध करायी गई सूची के आधार पर नोटिस जारी की जाए। न मानें तो उनके लाइसेंस व परमिट निरस्त किए जाने की नियमित कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

**तत्काल कराएं टैम्पो-टैक्सी की कलर कोडिंग निर्धारित :** उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में चलने वाले टैम्पो-टैक्सी की कलर कोडिंग निर्धारित करें। नगर निगम द्वारा चिन्हित किए गए पार्किंग स्थलों को चालू कर उन्हीं स्थानों पर टैम्पो-टैक्सी तय स्थानों पर खड़ा कराएं।

### चौराहे से 200 मीटर दूर रहें बसें

किसी भी हालत में चौराहे पर सवारियां उतारने और चढ़ाने का काम बसें न करें। यही नहीं बसों को खड़ा कर सड़क और चौराहे को अस्थायी हाल्ट न बनने दें। चौराहे से 200 मीटर की दूरी पर ही बसें खड़ी करें और सवारियां लेने का काम करें। कोई भी वाहन चौराहे पर पार्क कर सवारियां नहीं बैठाएगा।

### उम्रदराज टैम्पो-टैक्सी के स्थान पर परमिट में दिक्कतें न होने दें आरटीओ

मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि टैम्पो-टैक्सी जिनकी मियाद 15 साल पूरी हो गई है। वह अपनी स्वेच्छा से ऑटो-टेंपो का परमिट प्राप्त कर सकते हैं। आरटीओ से उन्होंने कहा कि विक्रम टेंपो चालकों को परमिट के लिए कार्यालय में किसी भी तरह की समस्या न होने पाए। प्राधिकरण के समक्ष आए प्रकरणों और पूर्व में जारी परमिटों पर अनुमोदन किया गया। स्थायी स्टेज कैरिज परमिट के लिए 6 मार्गों के लिए 5-5 साल का स्थायी स्टेज कैरिज परमिट पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्ध के साथ स्वीकृत किया गया। बैठक में उप परिवहन आयुक्त सुरेंद्र कुमार, संभागीय परिवहन अधिकारी उदयवीर सिंह के अतिरिक्त यातायात, नगर निगम, पुलिस समेत विभिन्न महकमों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रैगिंग के आरोप में चार रेजिडेंट डॉक्टर निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ केजीएमयू के जूनियर रेजिडेंट बैच ने सीनियरों पर लगाया था प्रताड़ित करने का आरोप

**अमृत विचार :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के चार रेजिडेंट डॉक्टरों को रैगिंग के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। 2022-23 के जूनियर रेजिडेंट के बैच ने सीनियर बैच के डॉक्टरों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था। केजीएमयू की ओर गठित टीम की जांच में आरोप सही पाये जाने पर कार्रवाई की गई है।

केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के जूनियर रेजिडेंट बैच ने सीनियर रेजिडेंट यानी की जेआर पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था। जूनियर रेजिडेंट ने शिकायत केजीएमयू स्थित एंटी रैगिंग सेल में की थी। इस पर कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद ने मामले की जांच के लिए कमेटी बना दी। जांच कमेटी की रिपोर्ट में मानसिक प्रताड़ना के आरोप सही पाए गए। तत्काल प्रभाव से चार सीनियर रेजिडेंट को निलंबित कर दिया गया। तीन डॉक्टरों को एक-एक माह के लिए और एक डॉक्टर को अधिक दोषी पाए जाने पर तीन माह तक के लिए निलंबित किया गया है। पूरे बैच को यह सख्त चेतावनी दी गई है कि दोबारा रैगिंग की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। काफी लंबे समय के बाद केजीएमयू में रैगिंग का मामला सामने आया है जिसमें निलंबित करने जैसी सख्त कार्रवाई की गई है।

> रैगिंग के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। इसके तहत चारों रेजिडेंट अगले आदेश तक निलंबित रहेंगे।
> -डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

# दूरबीन विधि ने कम की सर्जरी की वेटिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के जनरल सर्जरी विभाग में लैप्रोस्कोप (दूरबीन) तकनीक से सर्जरी होने से वेटिंग कम हो गई है। इससे ऑपरेशन कराने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है।

जरनल सर्जरी विभाग में करीब 300 बेड हैं। मरीजों की देखभाल के लिए 22 डॉक्टर व 75 रेजिडेंट डॉक्टर तैनात हैं। ज्यादातर मरीजों के ऑपरेशन लैप्रोस्कोप (दूरबीन) तकनीक से किए जा रहे हैं। पहले बड़े ऑपरेशन के लिए एक हफ्ते से 15 दिन की तारीख दी जा रही थी। अब एक सप्ताह के भीतर सभी तरह के ऑपरेशन हो रहे हैं। गॉल ब्लेडर स्टोन के 2022-23 में लगभग 700 से 800 और 2023-24 में 1500 ऑपरेशन हुए। इस साल 60711 मरीज ओपीडी में देखे गए हैं। वहीं, हॉर्निया, आंतों में रूकावट, थायराइड, कैंसर समेत दूसरी बीमारी से पीड़ितों के ऑपरेशन दूरबीन विधि से हो रहे हैं। पिछले साल 9850 ऑपरेशन हुए थे। इस साल 13156 ऑपरेशन हुए। 159 मरीजों की एंडोस्कोप किए गए।

### गले में बिना चीरा लगाए थाइराइड का ऑपरेशन

डॉ. कुशाग्र ने बताया कि अभी तक गले में चीरा लगाकर ही थायराइड का ऑपरेशन किया जाता था। चीरे का निशान पड़ने की वजह से महिलाएं ऑपरेशन करने से कतराती थी। खासतौर पर ऐसी युवतियां जिनकी शादी नहीं हुई होती है। उन्होंने बताया कि समय पर ऑपरेशन न होने से बीमारी गंभीर हो जाती है। मर्ज बढ़ने की दिशा में इलाज और भी कठिन हो जाता है। दूरबीन विधि से थायराइड के ऑपरेशन मुमकिन हो गए हैं।

▶▶ केजीएमयू के सर्जरी विभाग में दूरबीन विधि से हो रहे ऑपरेशन

# बच्चों, बुजुर्गों को चश्मा वितरण का लक्ष्य धुंधला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने लगाई फटकार

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष गुजरने वाला है, लेकिन अभी तक नजर कमजोर वाले सभी बच्चों और बुजुर्गों को चश्मा बांटने का लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सका है। इस पर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जल्द लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में हुई। जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण, मातृ, नवजात, किशोर, बाल स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत योजना, सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने मोतियाबिंद ऑपरेशन से संबंधित बिंदु की भी समीक्षा की। सरकारी अस्पतालों में मोतियाबिंद ऑपरेशन लक्ष्य से 103 गुना अधिक किए गए।

वहीं प्राइवेट क्षेत्र के अस्पतालों में 102 प्रतिशत अधिक रहे। लेकिन चश्मों के वितरण की रफ्तार बहुत ही धीमी है। नजर कमजोर वाले महज 40 प्रतिशत बच्चों को ही चश्मा बांटा गया। 48 प्रतिशत बुजुर्गों को चश्मा नहीं बांटा जा सका। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) के तहत आशा कार्यकर्ता और लाभार्थियों को शत प्रतिशत भुगतान किए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा में संज्ञान में आया की अभी भी कुछ लाभार्थियों और आशा कार्यकत्रियों के भुगतान में लेटलतीफी हो रही है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित को मेमो (नोटिस) जारी की। तत्काल शत प्रतिशत भुगतान कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों के तहत एएनएम, आशा कार्यकर्ता व लाभार्थियों को दी जाने वाली राशि का समय भुगतान करने के भी निर्देश दिए गए।



कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को बैठक में शामिल जिलाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य को धार देगा उत्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वयं सेवी संस्था आईपीई ग्लोबल-सेंटर फॉर नॉलेज एंड डेवलपमेंट 'उत्थान' प्रोजेक्ट के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों में सहयोग करेगा। इस संबंध में बुधवार को संस्था और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बीच तीन साल का अनुबंध किया गया।

संस्था की सलाहकार सीमा गुप्ता और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए। सीमा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम पूरे प्रदेश में संचालित है। इसके तहत 10-19 वर्ष के किशोर-किशोरियों को बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाता है। इसके अलावा सरकार की ओर से स्वास्थ्य को लेकर चलाई जा रही आयुष्मान भारत आदि महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी भी जाएगी। अनुबंध के अनुसार संस्था बाराबंकी, सोनभद्र और बरेली जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराएगी।



अनुबंध पत्र के साथ संस्था की सलाहकार सीमा गुप्ता और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल व अन्य। अमृत विचार

▶▶ आईपीई ग्लोबल-सेंटर फॉर नॉलेज एंड डेवलपमेंट राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ किया अनुबंध

# बलरामपुर अस्पताल में बनेगी प्रदेश की दूसरी बर्न यूनिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ सिविल अस्पताल में संचालित हो रही है बर्न यूनिट

**अमृत विचार:** बर्न के इलाज की सुविधा के लिए जल्दी ही प्रदेश की दूसरी बर्न यूनिट राजधानी में बलरामपुर चिकित्सालय में स्थापित की जायेगी। इसके लिए शासन द्वारा तीन इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर समेत कुल 22 कर्मियों के पद सृजित किये गये हैं।

प्रदेश की इकतौती बर्न यूनिट राजधानी में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में है। लगभग 50 बेड की इस बर्न यूनिट में राजधानी समेत आसपास के जिले से रेफर मरीज आते हैं। इकलौती यूनिट होने की वजह से सभी बिस्तर फुल रहने के साथ ही इमरजेंसी में भी मरीजों को उपचारित किया जाता है। ऐसे में आग की बड़ी घटना घटित होने पर खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उक्त परिस्थितियों को देखते हुए राज्य सरकार ने बलरामपुर अस्पताल में पृथक बर्न यूनिट स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। बर्न यूनिट संचालन के लिए तीन इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, एक प्लास्टिक सर्जन व दो जनरल सर्जन, कुल छह चिकित्सक और छह स्टाफ नर्स व एक फिजियोथेरेपिस्ट के पद सृजित किये गये हैं। इसके अलावा आऊटसोर्सिंग से तीन ड्रेसरार और छह कर्मचारियों के पद सृजित किये गये हैं।

# इको जांच के लिए भटक रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ सिविल और बलरामपुर अस्पताल में खराब पड़ी हैं मशीनें

▶▶ लारी कार्डियोलॉजी और लोहिया में दो-तीन महीने की वेटिंग

**अमृत विचार :** शहर के सरकारी अस्पतालों में इको जांच के लिए मरीजों को भटकना पड़ रहा है। सिविल में दो और बलरामपुर अस्पताल में करीब तीन साल से जांच मशीनें खराब पड़ी हैं। यहां आने वाले मरीजों को जांच के लिए केजीएमयू के लारी कार्डियोलॉजी या फिर लोहिया संस्थान रेफर किया जाता है। वहां दो से तीन महीने तक की वेटिंग मिलने पर मरीज निजी सेंटर में महंगे दामों पर जांच करवाने को मजबूर हैं। जांच में लेट लतीफी के कारण कई ऑपरेशन भी टाल दिए जाते हैं।

हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में हृदय रोग की ओपीडी में रोजाना करीब 300 मरीज आते हैं। इनमें 10-15 मरीजों की इको जांच लिखी जाती है। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दो साल पहले तक इको की जांच हो रही थी। मशीन खराब होने से जांच बंद है। जिस कंपनी ने इको की मशीन लगाई थी, वह मशीन ठीक कराने के लिए नहीं आई। शासन को जानकारी देने के साथ कंपनी को कई बार पत्र भेजे गए। मरीजों को जांच के लिए केजीएमयू, लोहिया और पीजीआई रेफर कर दिया जाता है।

बलरामपुर अस्पताल में भी रोजाना करीब 20 मरीजों को इको जांच लिखी जाती है। यहां के कर्मचारियों का कहना है कि कोविड से पहले तक यहां जांच हो जाती थी। मशीन खराब होने के बाद किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस मामले में सीएमएस डॉ. संजय ने बताया कि मशीन ठीक कराने के लिए कई बार शासन को पत्र लिखा जा चुका है। यहां आने वाले मरीजों को जांच के लिए लारी कार्डियोलॉजी भेजा जाता है।

### क्या है इको जांच

चिकित्सकों का कहना है कि इको जांच मेडिकल इमेजिंग या दिल का अल्ट्रासाउंड है। यह जांच डॉक्टर को हृदय की कार्यप्रणाली की निगरानी करने और हृदय रोग का निदान करने में मदद करती है।

### अप्रैल से एचपीवी का लगेगा मुफ्त टीका

अमृत विचार, लखनऊ : सर्वाइकल कैंसर का देर से पता चलने के कारण देश की करीब 75 फीसदी महिलाओं की मौत हो जाती है। इस बीमारी के प्रति जागरुक होने की जरूरत है। यह बात बुधवार को राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अलीगंज अरबन सीएचसी में सर्वाइकल से जागरुकता व एचपीवी टीकाकरण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष अप्रैल 2024-25 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश भर में मुफ्त सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण के लिए बजट प्राविधान किया है। इस दौरान अलीगंज यूसीएचसी पर वात्सल्य संस्था व एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से आओ बातें करें योजना के अंतर्गत 12 मलिन बस्तियों की रहने वाली किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि, सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन 9 से 14 वर्ष में लगवाने से अधिक प्रभावी होती है।

# शहर में कई जगह सड़क पर झूल रहे केबल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ आचार संहिता लागू होने से पहले सफाई कंपनी की जाए तय

▶▶ मंडलायुक्त ने नगर आयुक्त को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** शहर के कई इलाकों में सड़क पर टेलीकॉम और केबल झूल रहे हैं। इससे आवागमन में लोगों को दिक्कत आ रही है। खास तौर पर लालबाग, हुसैनगंज, अलीगंज सहित महानगर में केबल के तार झूलते दिख रहे हैं। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने इस सम्बन्ध में नगर आयुक्त को पत्र लिखा है।

उन्होंने कहा कि टेलीकॉम कम्पनियों के साथ समन्वय स्थापित करके खम्भे पर बेतरतीब तरीके से लटके तारों को काट दिया जाए। मंडलायुक्त ने आचार संहिता लागू होने से पहले सफाई के लिए समस्त वार्डों में टेंडर कराकर एजेंसी का चयन करने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों के किनारे बिजली के खंभों पर लगे अवैध होर्डिंग्स और पोस्टर आदि अभियान चलाकर हटाए जाएं। मंडलायुक्त ने चारबाग, पॉलीटेक्निक, दुबग्गा, अवध, कमता, मटियारी और अहिमामऊ आदि चौराहों पर ठेलों का जमावड़ा हटाने के निर्देश भी दिए।

# 476 मरीजों को मिला निशुल्क इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैंट विधानसभा क्षेत्र के बाबू कुंज बिहारी वार्ड में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 476 मरीजों को इलाज दिया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने किया। द्विवेदी ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निर्देश पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में दवाएं भी वितरित की गईं। इस दौरान आदर्श मिश्रा, मंडल अध्यक्ष राजन वर्मा आदि मौजूद रहे।

**भाजपा में शामिल:** केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कैंट विधानसभा क्षेत्र की पार्षद गिरीश मिश्रा के नेतृत्व में ममता कश्यप के साथ लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान दीपक कुमार शुक्ला, नगर कार्यसमिति सदस्य अंबेश प्रकाश मिश्रा, ज्ञान प्रकाश शुक्ला आदि मौजूद रहे।



निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जानकारी लेते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

# अनूप जलोटा को मिलेगा शान-ए-अवध अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हुनर क्रिएशंस क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा को शान-ए-अवध अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। आगामी 8 मार्च को छावनी स्थित सूर्या प्रेक्षागृह में यह अवार्ड दिया जायेगा। एक शाम लखनऊ के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य कमान प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस सुब्रह्मण्यम अनूप जलोटा को यह सम्मान प्रदान करेंगे।

इस मौके पर आईएएस अधिकारी डॉ. हरिओम और गायिका अंकिता कपूर सुरों की महफ़िल सजाएंगे। मध्य कमान के चीफ ऑफ़ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा और प्रमुख सचिव संस्कृति व पर्यटन मुकेश मेश्राम विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। हुनर क्रिएशंस के सचिव जफर नबी ने बताया कि हुनर क्रिएशंस कला और संस्कृति में विशिष्ट योगदान देने वाले प्रमुख कलाकारों को सम्मानित करने और नई प्रतिभाओं का हुनर निखारने और उन्हें रोजगारोन्मुख कार्यक्रमों से जोड़ने का काम कर रही है। जफर नबी ने बताया कि इस आयोजन में जलोटा की गायकी का लुत्फ़ तो मिलेगा ही, साथ ही डॉ. हरिओम और युवा गायिका अंकिता कपूर के गीत भी सुनने को मिलेंगे। वायस ऑफ़ प्योरिटी और रेडियो सिटी सुपर सिंगर की रनर अप रह चुकी अंकिता कपूर, उदित नारायण, विनोद राठौड़ और शान जैसे गायकों के साथ मंच साझा कर चुकी हैं और देश-दुनिया में डेढ़ हजार से ज्यादा कार्यक्रम दे चुकी हैं।

इसी तरह से डॉ. हरिओम कविता, शायरी और कहानी की अब तक सात किताबें लिख चुके हैं।



अनूप जलोटा

# पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के बने आधार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ 250 रुपये में खुलवाया गया सुकन्या समृद्धि खाता

▶▶ प्रशासन ने डाकघर के साथ मिलकर विशेष खाता एवं आधार संबंधित शिविर लगवाया

**अमृत विचार :** न्याय पंचायत में जिला प्रशासन की पहल पर डाकघर के साथ मिलकर शिविर लगाया गया और 250 रुपये में सुकन्या समृद्धि खाता खोला गया। साथ ही पांच वर्ष से कम बच्चों के आधार कार्ड बनाए गए। शिविर 2 मार्च तक चलेगा।

32 न्याय पंचायत में डाकघर के बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के साथ मिलकर शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लोगों के मोबाइल नंबर आधार कार्ड पर अपडेट किया गया। 100 रुपये में पांच वर्षीय आरडी खाता खोला गया। लोगों को बताया गया कि सरकारी सहायता एवं सब्सिडी डीबीटी के माध्यम से मिलती है। अतः पीएम किसान, स्कॉलरशिप, मातृत्व वंदना योजना और उज्ज्वला आदि की सरकारी सहायता के लिए डीबीटी इनेबल खाता होना आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने पायलट प्रोजेक्ट समेसी न्याय पंचायत मोहनलालगंज ब्लॉक में शिविर आयोजित कराया। शिविर में कृषि, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, रोजगार सेवक आदि मौजूद रहे।



शिविर में लोगों को योजनाओं की जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

# बंद हुआ फर्जी वाहन स्टैंड कर्मचारी व गार्ड भी हटाए गये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

खबर का असर

▶▶ केजीएमयू के वृद्धावस्था मानसिक विभाग परिसर में संचालित हो रहा था फर्जी वाहन स्टैंड

**अमृत विचार :** केजीएमयू के वृद्धावस्था मानसिक विभाग में चल रहे फर्जी वाहन स्टैंड को बंद करा दिया गया। बुधवार को यहां पार्किंग के लिए किसी वाहन का शुल्क नहीं लिया गया। वहीं, स्टैंड चलाने वाले कर्मचारी व सुरक्षा गार्ड को भी नौकरी से हटा दिया गया है। केजीएमयू प्रशासन ने इस संबंध में स्टैंड के ठेकेदार अतिन श्रीवास्तव से स्पष्टीकरण मांगा है।

दरअसल वृद्धवस्था मानसिक विभाग के परिसर में फर्जी वाहन स्टैंड संचालित हो रहा था। यहां नकली टोकन लगाकर वाहन स्वामियों से वसूली की जा रही थी। एक तीमारदार के विरोध करने पर मामले की जांच कराई गई। जिस पर स्टैंड के एक कर्मचारी व सुरक्षा गार्ड की सह पर यह फर्जी स्टैंड संचालित होने की पुष्टि हुई थी।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

## एक नजर

### स्टोरीमैन जीतेश ने जीवंत किया दादी-नानी की कहानी का दौर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रंखला के तहत इंदिरानगर स्थित मेरेडियन स्कूल में बच्चों के लिए दादी-नानी की कहानी के दौर को जीवंत किया गया। स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने बांसुरी का रहस्य कहानी सुनाकर बच्चों की कल्पनाशीलता में पंख लगाते हुए उन्हें नैतिक मूल्यों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। जीतेश श्रीवास्तव ने बच्चों के सामने कठिन वाक्यों के उच्चारण अभ्यास के साथ अपना कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने सुनाया कि एक युवक वंशी रोजाना शाम को चैन की बांसुरी बजाता था। उस राज्य के राजा ने बांसुरी का रहस्य पता लगाने का फैसला किया। जीतेश बांसुरी की कहानी सुनाते रहे और बच्चे कल्पना के सागर में गोते लगाते रहे। इस कहानी में बच्चों ने परिश्रम के महत्व को समझा, परिस्थितियों का सामना करने और सच बोलने जैसे नैतिक मूल्यों को समझा। मेरेडियन स्कूल के प्रबंधक चैतन्य तिवारी ने जीतेश श्रीवास्तव का स्वागत करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में कथा और कहानी की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, लोक भाषाओं की प्रभारी आभा शुक्ला, पूनम मिश्रा और कौस्तुभ की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

### हर्ष व उल्लास के साथ मना हजरत अब्बास का जन्मदिन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौलाए कायनात हजरत अली के बेटे हजरत अब्बास के जन्मदिन को पुराने शहर में हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मस्जिदों और इमामबाड़ों में महफिलों का आयोजन किया गया, केक काटे गए, हजरत अब्बास की शान में कसीदे पढ़े गये। हजरत अब्बास के जन्मदिन की खुशी में सुबह से घरों में नज़्र का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। घरों में खीर व मिठाईयों पर नज़्र दी गई। जगह-जगह सबीलों का आयोजन किया गया, जहां दिन भर लंगर चलता रहा।

# कबड्डी में पान सिंह तोमर क्लब बना चैंपियन

## बैडमिंटन के एकल और युगल में शिवम ने जीते खिताब, महिला एकल के फाइनल में शगुन ने सान्वी को हराया

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** रोमांचक मुकाबले में पान सिंह तोमर क्लब ने साई सेंटर को 29-26 के अंतर से हराकर जिलास्तरीय खेलकूद कबड्डी का खिताब जीता। बैडमिंटन वर्ग में शिवम यादव ने दो पुरस्कार जीते। बुधवार को बॉक्सिंग के भी फाइनल मुकाबले खेले गए। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जूनियर हॉकी टीम से खेलने वाले स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रशिक्षु शाहरुख खान को सम्मानित भी किया गया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में बुधवार को कबड्डी का फाइनल मुकाबला खेला गया। पान सिंह तोमर के खिलाड़ियों ने शुरुआत से दबदबा बनाये रखते हुए जीत दर्ज की। विजेता टीम की ओर से अजय कुमार और आदर्श शर्मा ने सबसे अधिक अंक बटोरे।


विजेताओं को सम्मानित करते खेल विभाग के उपनिदेशक एस एस मिश्रा। अमृत विचार

बॉक्सिंग में 13 भारवर्ग में फाइनल मुकाबले खेले गए। 46 से 48 किग्रा में सूरज तिवारी ने वरुण, 48से 51किग्रा में पीयूष ने सुधांशु पाल, 51से 54 किग्रा में योगेश कुमार ने राजेश सिंह, 54से 57 किग्रा में सद्दाम खान ने हर्षित, 57से 60 किग्रा में प्रसून शर्मा ने नितिन सिंह, 60से 63.5 किग्रा में कुलदीप सेन ने साहिल कुमार, 63.5से 67 किग्रा में सर्वजीत किरन ने रवि शर्मा, 67से 71किग्रा में सौरभ वर्मा ने प्रशांत कुमार, 71से 75 किग्रा में पारस ने उदय साहू, 75से 80 किग्रा में दीपेंद्र सिंह ने ऋषभ श्रीवास्तव, 80से 86 किग्रा में रोहन सिंह ने अविजित, 86से 92किग्रा में रोहित कुमार सिंह ने अनिकेत आनंद और 92 किग्रा से अधिक भारवर्ग में विजय प्रताप सिंह ने अनूप सिंह को हराया।

बैडमिंटन एकल के फाइनल में शिवम यादव ने दिविज सिंह को तीन राउंड तक चले रोमांचक मुकाबले में पराजित किया। युगल के फाइनल में शिवम ने दीपक के साथ जोड़ी बनाते हुए शिवम जोशी और बृजराज यादव की जोड़ी को आसानी से हरा दिया।

महिला एकल के फाइनल में शगुन गुप्ता ने सान्वी सिंह को हराया। महिला युगल के फाइनल में सान्वी सिंह और अपर्णा सिंह ने अदिति सिंह व एंजल धानुक को मात देते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। विजयी खिलाड़ियों को उप निदेशक खेल एसएस शर्मा ने पुरस्कृत किया। मौके पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी,जिला एथलेटिक्स संघ लखनऊ के सचिव बीआर वरुण, सहदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

# गजवा-ए-हिंद का विचार खतरनाक : श्याम कुमार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रबुद्ध नागरिकों के वैचारिक मंच भारत सेवा संस्थान ने वीर सावरकर नगर में गजवा-ए-हिंद प्रकरण पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि गजवा-ए-हिंद का अर्थ यह माना जाता है कि भारतीय उपमहाद्वीप में रहने वाले काफिरों को युद्ध में हराकर उन्हें मुस्लिम बनाया जाए। यह विचार खतरनाक है। उलेमा को स्पष्ट करना चाहिए कि वह इसके पक्ष में हैं अथवा विरोध में हैं।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार राजेश राय ने कहा कि अतीत में देश पर विदेशी मुस्लिम आक्रान्ताओं ने जितने भी हमले किए उनका मकसद लूटमार करना और यहां के हिंदुओं को मुसलमान बनाना था। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार श्याम कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ के सत्तासीन होने के बाद देश में विघटनकारी एवं देशद्रोही विचारों पर अंकुश लगा है। प्रयागराज के पत्रकार सिद्धार्थ सौरभ एवं विश्लेषक राजीव माथुर ने कहा कि देवबंद (सहारनपुर) के दारुल उलूम ने कहा है कि गजवा-ए-हिंद का यह फतवा नया नहीं बल्कि नौ साल पुराना है। राष्ट्रधर्म पत्रिका के प्रभारी निदेशक सर्वेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि गजवा-ए-हिंद जैसी विचारधारा के कारण देश में देशद्रोह को संरक्षण मिला। गोष्ठी में सुशीला मिश्र, अर्थशास्त्री प्रो. अम्बिका प्रसाद तिवारी, राजीव आहूजा, शेखर पंडित, कमलेश कुमार पांडेय, अजय दत्त शर्मा, हरेंद्र नाथ त्रिपाठी, राम सिंह तोमर, त्रिभुवन, राज यादव, मंजुल मयंक, आशीष मिश्र, सचिन त्रिपाठी, स्वर्णकेतु भारद्वाज, शरद कुमार श्रीवास्तव, मुरलीधर सोनी मौजूद रहे।

# मध्य प्रदेश की हस्तशिल्प प्रदर्शनी में महेश्वर की बुनाई पर व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से अलीगंज स्थित ललित कला अकादमी में 21 फरवरी से लगी हस्तकला प्रदर्शनी (मृगनयनी) में बुधवार को विश्व प्रसिद्ध महेश्वरी साड़ी पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान में बताया गया कि महेश्वरी साड़ियां देवी अहिल्या बाई की देन हैं। उनकी प्रेरणा से साड़ी पर महेश्वर के किले की डिजाइनें और नर्मदा के मनोरम घाट उकेरे गए हैं। अहिल्याबाई होल्कर समकालीन महेश्वर की साड़ियां लेकर आए वरिष्ठ बुनकर मोहम्मद असलम अंसारी ने बताया कि महेश्वर शहर मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में है। महेश्वर का संबंध है हयवंशी राजा सहस्रार्जुन से है, जिसने रावण को पराजित किया था। अहिल्याबाई होल्कर के काल 1764 से 1795 में सूरत के बुनकरों ने महेश्वरी साड़ी को देश-विदेश में पहुंचा दिया। मृगनयनी के संयोजक अरविंद शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी का मकसद मध्य प्रदेश की हस्तकलाओं का प्रचार प्रसार और लोगों को मूल कलाकारी से परिचित करवाना है।

# दबंग डेयरडेविल्स की टीम ग्रुप-बी में शीर्ष पर

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ गोल्फ लीग में दबंग डेयरडेविल्स और सैस हुण्डई ने बुधवार को लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ दबंग डेयरडेविल्स ग्रुप-बी में 19 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। सैस हुण्डई और स्पीड चार्जर्स 15-15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

मुलीगेटर्स ने शानदार जीत दर्ज कर ग्रुप-ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। आईपीएल वॉरियर्स ने भी जीत दर्ज की। एक वेलनेस वॉरियर्स और स्पीड चार्जर्स के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। लखनऊ गोल्फ क्लब में खेली जा रही इस लीग में बुधवार को पहले मुकाबले में दबंग डेयरडेविल्स ने राम स्वरूप टाइगर्स को 4-1 से हराया। डेयरडेविल्स की यह लगातार दूसरी जीत है। डेयरडेविल्स के लिए वीरेंद्र कुमार और धर्मेंद्र सिंह ने एकल मुकाबले में जीत हासिल की। रजनीश सेठी और अशोक बाम्बी, प्रेम प्रकाश और गौरव चोपड़ा की जोड़ियों ने युगल मुकाबले जीत दर्ज की। राम स्वरूप टाइगर्स के लिए पंकज अग्रवाल और पीके धवन की जोड़ी ने खिताब जीता। सैस हुण्डई और पीआर जो रॉयल्स के बीच मुकाबला एक समय 2-2 की बराबरी पर था। पांचवें और निर्णायक मुकाबले में जोहेब सिद्दीकी और गगन वोहरा की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पीआर रॉयल्स के देवेंद्र चौधरी और डॉ.दीपक कुमार की जोड़ी को 3-2से पराजित कर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। हुण्डई ने यह मुकाबला 3-2 से जीता। इसके पूर्व हुण्डई के लिए वाहिद सिद्दीकी ने एकल,हिमांशु कालरा और आदित्य प्रताप सिंह की जोड़ी ने युगल मुकाबला जीता था। पीआर जो रॉयल्स के लिए अजय कत्याल ने एकल और रमित बतरा और तरन सिंह बेदी की जोड़ी ने युगल मुकाबला जीता था।

### मुलीगेटर्स की शालीमार स्ट्राइकर्स पर जीत

मुलीगेटर्स ने शालीमार स्ट्राइकर्स को 3 .5-1 .5 से पराजित किया। पहले एकल में हर्ष कुमार रस्तोगी ने शालीमार के कैप्टन एसके द्विवेदी को पराजित कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे एकल में अचल भसीन ने शालीमार के अजय दीक्षित पर बेहतरीन जीत दर्ज कर मुलीगेटर्स को 2-0 से बढ़त दिला दी। इसके बाद मुलीगेटर्स के दीपक कुमार और आशीष सिंह के साथ शालीमार के संजय सिन्हा और अजीत दुबे के बीच मुकाबला ड्रा रहा। चौथे मैच में मुलीगेटर्स के राकेश सेठ और टीए फारूखी पांचवें मैच में शालीमार के सुनील बोरा और सुदीप लूथरा की जोड़ियों ने जीत दर्ज की।

**उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 68/ECTC/2023-24** अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 68/ECTC/ 2023- 24 अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवम् पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 01 **कार्य का नाम** 132 के0वी0 उपकेन्द्र बीकापुर पर एक अदद 33 के0वी0 मेसर्स रशिक रिफरेस्मेन्ट ''बे'' से सम्बन्धित जानपदीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत** रू. 3.54 लाख **कार्यवधि** 1 माह उक्त निविदा की Technical Bid एवम् अन्य शर्ते तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 05.03.2024 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 06.03.2024 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल कक्ष सं. 223 से 226, प्रथम तल, पारेषण भवन, यू.पी. एस.एल.डी.सी. परिसर विभूति खण्ड, गोमती नगर लखनऊ-226010 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें' पत्रांक: 718/वि. जा.पा.मं.(ल.)/निविदा दिनांक: 26.02.2024**

## सार-संक्षेप


अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारीगण। अमृत विचार

### यूको बैंक ने राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूको बैंक अंचल कार्यालय द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में ''अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस'' पर ''राजभाषा संगोष्ठी'' का आयोजन बुधवार को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निराला सभागार में किया गया। संगोष्ठी का विषय ''राजभाषा हिंदी के बढ़ते चरण और संभावनाएं'' था। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रधान संपादक हिंद संस्थान डॉ. अमिता दुबे द्वारा की गई। उपमहाप्रबंधक सौरभ सिंह ने अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया उन्होंने हिंदी भाषा की निरंतर बढ़ती हुई शक्ति एवं वैश्विक स्तर पर उसके प्रसार पर अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने राजभाषा हिंदी को संवैधानिक स्थिति, उसकी भाषा वैज्ञानिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए राजभाषा हिंदी के उत्तरोत्तर विकास के बारे में बताया।

### दूसरा अध्याय ने स्त्री - पुरुष को दी संयम व मर्यादा की सीख

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति के तत्वावधान में संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में चल रहे तीन दिवसीय नाट्य समारोह की दूसरी संध्या पर जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन की ओर से नाटक दूसरा अध्याय का मंचन किया गया। अजय शुक्ला द्वारा लिखित और मोहित यादव द्वारा निर्देशित यह नाटक स्त्री के सम्मान की सीख दे गया। वरिष्ठ रंगकर्मी आतमजीत सिंह, प्रभात कुमार बोस, जितेन्द्र सिंह और ज्योति सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर नाट्य समारोह की दूसरी संध्या की शुरुआत की। नाटक दूसरा अध्याय एक तरफ स्त्री-पुरुष के आकर्षण को दर्शाते हुए चरित्र की जटिलता, स्थिति की विडम्बना और खोखले जीवन का दर्शन करवाता है तो दूसरी तरफ स्त्री व पुरुष दोनों को संयमित और मर्यादित रहने की प्रेरणा देने के साथ ही पुरुषों को स्त्री के सम्मान की सीख भी देता है। नाटक में अभय और नीरजा कार्यालय में एक साथ काम करते हैं। नीरजा विवाहित है। दोनों की मुलाक़ात एक रेस्टोरेंट में होती है। दोनों करीब आ जाते हैं।


नाटक दूसरा अध्याय का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### पंचशील विषय पर परिचर्चा और विचार गोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान और संस्कृति विभाग ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में बौद्ध अनुशीलन में पंचशील विषय पर परिचर्चा, विचार गोष्ठी, पुस्तक विमोचन, चित्रकला, निबंध एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. लाल जी प्रसाद निर्मल, सदस्य विधान परिषद हरगोविंद बौद्ध, उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन, उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के निदेशक अमित अग्निहोत्री, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय त्रिपुरा के अध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार चौबे, संस्थान के सदस्य भदंत डॉ. के सिरी सुमेध थेरो, भदंत धमानंद विवेचन, भदंत वर संबोधि, भदंत अनिरुद्ध भिक्षु आर्यवंश, भिक्षु देवानंद वर्धन, भिक्षु शील रतन, तरुणेश बौद्ध, धर्मराज बौद्ध, निदेशक संस्थान डॉ. राकेश सिंह, अरुणेश, डॉ. धीरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु, विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राएं, अध्यापक और बौद्ध विद्वान उपस्थित रहे।

# इनरव्हील क्लब ने विशेष बच्चों के लिए आयोजित कीं प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अलीगंज स्थित चेतना स्कूल फॉर स्पेशल चिल्ड्रेन में ज्योति चेतना स्कूल, सीमा सेवा संस्थान, वाणी प्रदा, पाईसम, आशा अववा और रेनबो स्कूल से आये बच्चों के बीच उनके सम्पूर्ण विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें बच्चों ने हिस्सा भी लिया और इनाम भी जीते।

सभी शिक्षकों, अभिभावकों और सदस्यों ने बच्चों की रंगोली, मेंहदी, क्राफ्ट व नृत्य प्रतियोगिताओं को सराहा। इनरव्हील की पीडीसी वर्षा विनय कुमार इस मौके पर मुख्य अतिथि और शिखा भार्गव विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं।

अध्यक्ष संगीता मित्तल ने बताया कि यह हर्ष की बात है कि इस तरह का आयोजन हो पाया क्योंकि इस तरह के कार्यक्रम के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष मालविका गुप्ता ने बच्चों और शिक्षकों दोनों की मेहनत की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में वंदना अग्रवाल, सुभाष विद्यार्थी, वाई के गोयल, नरेश अग्रवाल, अशोक टंडन, संगीता मारवाह, स्तुति मित्तल, कर्णिका, अर्चना अग्रवाल, अलका बंसल, शिखा राज, कविता, इंदु और इनरव्हील के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### 1 मार्च को जनचेतना राम मंदिर रथयात्रा शुरू करेगा चौरसिया समाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए चौरसिया समाज पहली मार्च को गोमती नगर के 1090 चौराहे से प्रदेश स्तरीय जन चेतना राम मंदिर रथयात्रा आरंभ करेगा। यह यात्रा पूर्वाह्न 11 बजे प्रदेश के लगभग 35 जिलों के लिए प्रस्थान करेगी। अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि चौरसिया ने यह जानकारी बुधवार को संवाददाताओं को दी। ऋषि चौरसिया के अनुसार इस प्रदेश स्तरीय वृहद अभियान में प्रदेश के मंत्रियों और विधायकों को आमंत्रित किया गया है। इस समारोह के लिए जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, ज्योतिषाचार्य चौरसिया, राजेश शास्त्री, वाराणसी से गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्डधारी सोनी चौरसिया को भी आमंत्रित किया गया है। यह जन चेतना यात्रा उत्तर प्रदेश में चौरसिया समाज को गांव-गांव और घर-घर जोड़ने का काम करेगी।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए दौड़ेगा लखनऊ

- लखनऊ सुपर जायट्स 17 मार्च को सुबह कराएगा मैराथन दौड़
- सहभागिता के लिए बुक माई शो पर कराएं ऑनलाइन पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता के लिए लखनऊ सुपर जायट्स मैराथन दौड़ "एलएसजी 10 के" कराएगा। 10 किलोमीटर मैराथन की शुरुआत 17 मार्च को सुबह 1090 चौराहा से होगी। ओपन कैटेगरी में विजेता को 100000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। "रन टुडे फॉर ए ग्रीनर टुमारो" थीम होने वाली इस मैराथन में सहभागिता के लिए बुक माई शो पर पंजीकरण कराया जा सकता है।

टीम प्रबंधन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सभी उम्र और फिटनेस स्तर के 4000 से अधिक प्रतिभागियों को एक साथ लाना है। इस आयोजन से लखनऊ सुपर जायट्स के लिए एकता और उत्साह की भावना को भी बढ़ावा मिलेगा। लखनऊ सुपर जायट्स की ओर से सीजन के बाद कुल पंजीकरण संख्या के बराबर पौधारोपण किया जाएगा। दौड़ में 15 वर्ष से अधिक के युवक, युवतियां, पुरुष, महिलाएं और बुजुर्ग भी पंजीकरण करा सकते हैं।

विजेताओं को 10 लाख रुपये पुरस्कार में दिए जाएंगे। ओपन कैटेगरी में पुरुष और महिला विजेता को 100000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### बच्चों के लिए होगी फन रन

8 से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए पांच किलोमीटर की फन रन होगी। इसकी कोई समय सीमा नहीं होगी। बच्चों के साथ उनके अभिभावकों का रहना जरूरी होगा।

### एलएसजी टीम दिखाएगी झंडी

लखनऊ सुपर जायट्स की टीम दौड़ को हरी झंडी दिखाएगी। विजेताओं को एलएसजी खिलाड़ियों से मिलने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही हर प्रतिभागी को एलएसजी फैन टीशर्ट,फिनिशर पदक, एलएसजी ड्रॉस्ट्रिंग बैग,प्लांटेबल बिब,लंच पैकेट और ई-प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

### स्मारक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार :** प्रदेश से आये स्मारक कर्मचारियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारी बहुत दिनों से इको गार्डन में मांगो को लेकर धरना दे रहे हैं। उनका कहना है कि इतने दिनों से हम लोग धरना देने के साथ अधिकारियों से भी गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नही हुई। धरना देते हुए हमारे साथी की मृत्यु भी हो गई। इसके बावजूद अधिकारियों ने कोई सुध नही ली। मांगें पूरी होने तक धरना निरंतर चलता रहेगा।

**लखनऊ नगर निगम, लखनऊ**
लालबाग, टी0एन0रोड, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
टेली-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल- nnlko@up.nic.in

पत्र सं.: 374/मु.अ./23-24 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक : 23.02.2024

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 06.03.2024 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 05.03.2024 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की वेबसाइट upgov.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 06.03.2024 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय के कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 06.03.2024 को अपरान्ह 4 बजे मुख्यालय स्थित बाबू राज कुमार श्रीवास्तव कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अगणन धनराशि | धरोहर धनराशि | कार्यपूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत वृन्दावन सेक्टर-10 बी में म0सं0 10बी/733 के पास क्षतिग्रस्त क्रासिंग का सुधार कार्य। | 77507 | 7751 | 1 माह | 78 | 14 | 92 |
| 2. | हिन्द नगर वार्ड के अन्तर्गत बारा बिरवा में स्थित कुष्ठ आश्रम के अन्दर शिवनंदन पास वान के मकान से गेट तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य | 823823 | 82382 | 2 माह | 824 | 148 | 972 |
| 3. | केसरीखेड़ा वार्ड के अन्तर्गत मो0 दौधा खेड़ा में बाउंड्रीवाल मरम्त व रंगाई-पुताई का कार्य। | 359232 | 35923 | 1 माह | 360 | 65 | 425 |
| 4. | वाटिका वार्ड प्रथम के अन्तर्गत बलदेव विहार में विनैकी तालाब के पास पार्क में कमरा व शौचालय का कार्य | 745630 | 74563 | 1 माह | 746 | 134 | 880 |
| 5. | राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत रॉयल सिटी में बिजनौर रोड से अरविन्द यादव के घर तक नाली का कार्य। | 324631 | 32463 | 1 माह | 325 | 58 | 383 |
| 6. | राजाजीपुरम वार्ड के अन्तर्गत सी-120 से सी-72 तक सड़क के दोनों साइड पटरी इंटरलॉकिंग का कार्य। | 725637 | 72564 | 1 माह | 725 | 130 | 855 |

**शर्तें** :- निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। 10 तक प्रतिशत निम्न निविदा डाले जाने पर 0.50 प्रतिशित प्रति 1 प्रतिशत की दर से तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा डाले जाने पर 1.00 प्रतिशित की दर से सिक्योरिटी/परफारमेन्स गाण्टी ली जायेगी। शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। कार्य समय से पूर्ण न होने पर अर्थ दण्ड लगाया जायेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म की होगी। कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

**KANPUR MUNICIPAL CORPORATION**
**(Under Kanpur Smart City)**
Nagar Nigam Mukhyalay, 3rd Floor, Moti Jheel, Kanpur - 208002
Phone – +91 512 2541258, 2546194
e-mail : ksclkanpur@gmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**

The Municipal Commissioner, Kanpur Municipal Corporation Invites Tenders for the below mentioned work under Smart City Mission:-

| Sr. No. | Name of Project | Tender Fees Non-Refundable | Earnest Money Deposit | End Date for Bid Submission | Technical Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Furniture Work at Senior Care Centre, Kanpur. | ₹ 2,000.00 + ₹ 360.00 (18% GST) | ₹ 43,526.00 | 06.03.2024 at 15:00 Hrs. (IST) | 06.03.2024 at 17:00 Hrs. (IST) |

a) Tender documents can be downloaded from the e-tendering website – http://etender.up.nic.in (in Kanpur Municipal Corporation tenders).
b) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of FDR/TDR issued in favor of **"Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited" Payable at Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
c) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents is **same as end date for bid submission.**
d) Any corrigendum will be published at https://etender.up.nic.in only.
e) For more details & queries contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No. 0512-2541258, Manager (Technical) Mob. No. 08601800828 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

**Municipal Commissioner/Chief Executive Officer**
**Kanpur Municipal Corporation/Kanpur Smart City Limited**

## सम्मान — केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी ने घोषित किए पुरस्कार

# डॉ. अनिल रस्तोगी व पं. धर्मनाथ मिश्र को मिलेगा अकादमी पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2022 व 2023 के लिए अकादमी पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। पुरस्कार पाने वाली विभूतियों में दो नाम लखनऊ के भी हैं। प्रसिद्ध नाट्य संस्था दर्पण से जुड़े वरिष्ठ रंगकर्मी और कई फिल्मों में भूमिकाएं निभा चुके डॉ. अनिल रस्तोगी और भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त गायन के गुरु पं. धर्मनाथ मिश्र को भी अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

डॉ. अनिल रस्तोगी असाधारण प्रतिभा के धनी हैं। रंगकर्म के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए वर्ष 1984 में उन्हें उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिल चुका है। वर्ष 2007 में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी फेलो सम्मान, वर्ष 2016 में यशभारती, मध्य प्रदेश का कालीदास सम्मान के अलावा उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार आदि मिल चुके हैं। केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी द्वारा लखनऊ से चयनित पं. धर्मनाथ मिश्र को हारमोनियम वादन क्षेत्र में अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया है। पं. धर्मनाथ मिश्र ने वर्ष 1977 से वर्ष 2011 तक भातखंडे विश्वविद्यालय में शिक्षक के रूप में काम किया। उनके तमाम शिष्य देश-विदेश में संगीत के जरिए लखनऊ और विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। वर्ष 2018 में उन्हें बेगम अख्तर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी ने संगीत के क्षेत्र में 12 विभूतियों का चयन किया है। इनमें देवकी पंडित नाम्बियार, हरविंदर सिंह, पं. धर्मनाथ मिश्र, बसंत काबरा, महाराजापुरम रामचन्द्रन, मांडा सुधा रानी, जयंती कुमारेश, विनुकोंडा सुब्रह्मण्यम, पुरुषोत्तम उपाध्याय, ओसमान मीर, सपम कुल्बी सिंह और सीताराम सिंह का नाम शामिल है।

नृत्य के क्षेत्र में सम्मानित होने वालों में मंजुला रामास्वामी (भरतनाट्यम), नलिनी-कमलिनी (कथक), कलामंडलम बालासुब्रह्मण्यम (कथकली), एस नोयोशक्ति देवी (मणिपुरी), भगवातुला सेथुरम (कुचिपुड़ी), निरंजन राउत (ओडीसी), गोबिन्दा सैकिया (सत्तारिया), कला विजयन (मोहिनीअट्टम), सुधाचंद्रन महतो (छाऊ), भारत शर्मा (रचनातमक और प्रयोगात्मक नृत्य), करुणा बोराक (पारम्परिक नृत्य) और पुस्तकम रामा (म्यूजिक ऑफ़ डांस) के लिए सम्मानित किया जायेगा।


पं. धर्मनाथ मिश्र


डॉ. अनिल रस्तोगी

### वर्ष 2022 के लिए उस्ताद बिस्मिल्ला खां युवा पुरस्कार

समित मालिक, समर्थ जानवे, संगीत मिश्रा, पार्थो रॉय चौधरी, गायत्री के, श्वेता प्रसाद, बी अनंत कृष्णा, सहाना एसवी, मनोज राय और नन्दिनी पूरब गुजर का चयन उस्ताद बिस्मिल्ला खां युवा पुरस्कार के लिए किया गया है।

### वर्ष 2023 के लिए उस्ताद बिस्मिल्ला खां युवा पुरस्कार

अनुजा जोकरकर, मोनिका सोनी, ऋषि शंकर उपाध्याय, सारंग कुलकर्णी, एसआर विनय शर्वा, रामकृष्ण मूर्ति, अक्षय अनंतपद्मनाभन, सैखोम पिंकी देवी, सत्यवती चौहान और नागेश अदगांवकर को वर्ष 2023 के लिए उस्ताद बिस्मिल्ला खां युवा पुरस्कार के लिए चुना गया है।

## एक नजर

### तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस बदले

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने बुधवार को तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। अमेठी के पुलिस कप्तान इलामारन जी. को मऊ के एसपी के पद पर भेजा गया है, जबकि एसपी तकनीकी सेवाएं अनूप कुमार सिंह को अमेठी का एसपी बनाया गया है। शासन से जारी सूची के मुताबिक मऊ के एसपी अविनाश पांडेय को पीलीभीत का एसपी बनाया गया है, जबकि पीलीभीत के एसपी अतुल शर्मा द्वितीय को आगरा कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। सीबीसीआईडी में तैनात सुनीता सिंह को 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर का सेनानायक और आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त रवि कुमार को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर का सेनानायक बनाया गया है।

# ईयर टैग से दूर होगा गोवंशों की संख्या में अंतर

## गोशाला में संरक्षित गोवंशों का 20 मार्च तक ईयर टैग अपडेट कर 100 फीसद करने के दिए गए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



विकास भवन के सभागार में पशु पालन की मंडलीय समीक्षा करते निदेशक (प्रशासन) डॉ. आरएन सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

- मंडलीय बैठक में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण पर दिया जोर

**अमृत विचार :** पशु पालन विभाग के निदेशक (प्रशासन) डॉ. आरएन सिंह ने गोशाला में संरक्षित गोवंशों का 20 मार्च तक ईयर टैग अपडेट कर 100 फीसद करने के निर्देश दिए हैं। क्योंकि मृत गोवंशों के ईयर टैग डिलीट न होने के कारण संख्या में अंतर है और संरक्षित किए गए गोवंशों की स्थिति साफ नहीं है।

बुधवार को उन्होंने लखनऊ मंडल के अपर निदेशक डॉ. विजय कुमार सिंह के साथ इंदिरा नगर स्थित विकास भवन में मंडलीय समीक्षा की। लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी के सीवीओ व डिप्टी सीवीओ से 1 नवंबर से 15 फरवरी तक संरक्षित किए गए निराश्रित गोवंशों की प्रगति जानी। संख्या अधिक और कम ईयर टैग होने पर 20 मार्च तक 100 फीसद करने के निर्देश दिए। मृतक गोवशों के ईयर टैग डिलीट न होने के कारण अंतर पाया। जो डिलीट करने के निर्देश दिए। कहा, जिला व तहसील मुख्यालयों से जोड़े जाने वाली सड़कों पर निराश्रित गोवंश विचरण करते दिखे तो संरक्षण करें। आश्रय स्थलों का निर्माण जल्द कर हस्तान्तरण करें। भरण-पोषण, सहभागिता योजना की समय से मांग कर सत्यापन करें। कुक्कुट पालन, बकरी पालन, स्वदेसी गाय पालन आदि की अधिक से अधिक इकाई संचालित कराएं। बैठक में सीवीओ डॉ. सुरेश कुमार वर्मा, पॉलीक्लीनिक अधीक्षक डॉ. आरएस मिश्रा आदि रहे।

ग्रामीण क्षेत्र में पशुओं के उपचार की 1962 सेवा मोबाइल वेटरनिरी यूनिट (एम्बुलेंस) की जानकारी का अभाव होने पर उपयोगी बनाने के लिए प्रचार के निर्देश दिए गए। हालांकि जिलों पर उपचार में कम और गांव-गांव कैंप करने में एम्बुलेंस ज्यादा लगी हैं। इसलिए कॉल नहीं लगती है। लगती है तो दो से तीन एंबुलेंस पर पूरे जिले का भार होने के कारण अन्य जगह नहीं पहुंचती हैं। यदि एक काल पर एंबुलेंस जाती है तो पास में दूसरे बीमार पशु का इलाज नहीं करती हैं।

वहीं, पशु पालन के एक अधिकारी से चिकित्सक परेशान हैं। चर्चा है कि वह रुपये मांगते हैं और न देने पर अस्पतालों का निरीक्षण या फिर अन्य कमी निकाल कर दबाव बनाते हैं। एक से दो हजार रुपये तक भी ले लेते हैं। उच्च अधिकारियों को जानकारी भी है, लेकिन कार्रवाई नहीं करते हैं।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1729 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 / 2023-24/ दिनांक 23/02/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री बृजनारायण गुप्ता पुत्र रामेश्वर प्रसाद | केनरा बैंक मैनेजर राठ जिला हमीरपुर अपने अधिकृत अधिकारी प्रबंधक श्री के माध्यम से अफजल अहमद केनरा बैंक राठ जिला हमीरपुर | बुधैलियाना -1 | 16 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ- हमीरपुर


## सार-संक्षेप

### विवाहिता की दहेज हत्या मामले में पति व जेठ दोषी करार

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** कार व पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की हत्या करने के आरोपी वजीरगंज थाने के गौस नगर मोहल्ले के निवासी पति अशोक कुमार गुप्ता व जेठ नरेंद्र कुमार गुप्ता को अपर सत्र न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने 10 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत के समक्ष डीजीसी क्रिमिनल मनोज त्रिपाठी व एडीजीसी कृष्ण कुमार गुप्ता ने दलील दी कि इस मामले की रिपोर्ट वादी पुरुषोत्तम लाल गुप्ता ने वजीरगंज थाने पर दर्ज कराई थी।

### तत्कालीन शाखा प्रबंधक को पांच साल की सजा

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश, गाजियाबाद ने धोखाधड़ी एवं जालसाजी आदि का अपराध करने पर यूको बैंक, ताहरपुर भबीसा शाखा, मुजफ्फरनगर (उप्र.) के तत्कालीन शाखा प्रबंधक केके भारद्वाज को पांच साल की कठोर कारावास के साथ 70 हजार रु. के जुर्माने की सजा सुनाई है। सीबीआई ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक एवं अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध दिनांक 31 मार्च 1993 को मामला दर्ज किया था।

### पूर्व महाधिवक्ता का निधन

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** प्रदेश के पूर्व महाधिवक्ता व अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ अधिवक्ता ज्योतिंद्र मिश्रा का बुधवार की सुबह हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। ज्योतिंद्र मिश्रा लखनऊ बेंच के वरिष्ठ अधिवक्ता थे और उन्हें आपराधिक मामलों का दिग्गज वकील माना जाता था। वर्ष 1978 में उन्होंने वकालत शुरू और वर्ष 2009 में उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया गया। वह मायावती सरकार में महाधिवक्ता के पद पर भी रहे। उनके निधन के समाचार से शहर के अधिवक्ता स्तब्ध रह गए। उनके निधन पर मुख्य न्यायमूर्ति के कोर्ट रूम में वरिष्ठ न्यायमूर्ति एआर मसूदी व अन्य न्यायमूर्तिगण तथा अवध बार के अध्यक्ष एएम त्रिपाठी व तमाम अधिवक्ताओं की उपस्थिति में फुल कोर्ट रेफरेंस का भी रखा गया।


ज्योतिंद्र मिश्रा

### कृषि क्षेत्र में प्रदेश को सहयोग करेगा आस्ट्रेलिया

**अमृत विचार, लखनऊ :** आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओएएम ने बुधवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उच्चायुक्त ने कृषि क्षेत्र में प्रदेश का सहयोग देने का आश्वासन दिया। उच्चायुक्त ने कृषि मंत्री को बताया कि वह दो क्षेत्रों कृषि व कृषि शिक्षा के क्षेत्र में भारत के साथ कार्य करने व प्रदेश में कृषि विश्वविद्यालय की शाखा खोलने का इच्छुक है जिसमें भारतीय छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उच्चायुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र में माइक्रो इरीगेशन, उत्पादन व तकनीकी हस्तानांतरण के क्षेत्र में आस्ट्रेलिया की तकनीकी टीम चर्चा के लिए लोकसभा चुनाव के बाद कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस दौरान आस्ट्रेलिया के उच्चायोग विदेश मंत्रालय के द्वितीय सचिव माइकल रीस, टॉम ओवर्टन क्लार्क, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी वंदना सेठ, सचिव कृषि डॉ राजशेखर, कृषि निदेशक डॉ जितेंद्र कुमार तोमर आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स की समस्याओं का तय समय पर होगा निस्तारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पेंशनर्स को बिना परेशानी समय से पेंशन के भुगतान समेत अन्य समस्याओं के निदान को दी जाने वाली सेवाओं को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए पेंशन निदेशालय के नवीन भवन की शुरुआत की गई है। बुधवार को वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने इंदिरा नगर लखनऊ में वित्तीय प्रबंध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान परिसर में पेंशन निदेशालय के नवीन भवन की शुरुआत की। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि पेंशनर्स की पेंशन समय से निस्तारित की जाए, ये हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कोई भी वजह हो, लेकिन पेंशनर्स को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

### फूड प्रॉसेसिंग में निवेश से हजारों युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में 60 हजार करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित सिर्फ बड़े प्रोजेक्ट्स में ही प्रदेश में तीन हजार से अधिक रोजगार के अवसर मिलेंगे। ये नौकरियां बिजनौर, मुजफ्फरनगर, संडीला, बरेली और बागपत जैसे जिलों में सृजित होने जा रही है। कोका-कोला के लिए भारत का सबसे बड़ा बॉटलर एसएलएमजी द्वारा प्रदेश में एक और शुगर सिरप, जूस मैन्युफैक्चरिंग, पल्प एक्सट्रैक्शन और बॉटलिंग यूनिट स्थापित किया जा रहा है। प्रोजेक्ट 509 करोड़ रुपये का है और बिजनौर में लगभग 275 नौकरियां सृजित करेगा। वहीं, भारतीय बेवरेजेज प्रा. लि. और रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के ज्वॉइंट वेंचर में मुजफ्फरनगर के पास पुरकाजी में 600 करोड़ रुपये का बेवरेज मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी प्रोजेक्ट किया जायेगा। इसी तरह, बालाजी वेफर्स हरदोई के संडीला में आलू वेफर्स और एक इंटीग्रेटेड फूड प्रॉसेसिंग यूनिट की स्थापित कर रहा है। क्षेत्र में 1500 नौकरियां सृजित होंगी। वहीं, बरेली में धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स 350 करोड़ रुपए के निवेश से डिस्टिलरी प्रोजेक्ट स्थापित कर रहा है।

### क्रासवोटिंग करने वाले विधायकों का राजनीतिक भविष्य साफ नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के जिन सात विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में खुलेआम क्रासवोटिंग की उनके राजनीतिक भविष्य की अभी तस्वीर साफ नहीं है। चर्चा इस बात की है कि कि सातों विधायक इस्तीफा देकर या तो फिर से चुनाव के मैदान में जाएंगे या फिर सपा उनकी विधानसभा सदस्यता रद कराएगी। माना जा रहा है कि विधानसभा में इन बागी विधायकों को एक अलग गुट के रूप में मान्यता मिल सकती है और सदन में सातो के सपा से अलग बैठने की भी व्यवस्था हो सकती है। वहीं, अगर इन विधायकों ने खुद ही अपनी सदस्यता से इस्तीफा दिया तो इन सात सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होगा।

### अधिवक्ताओं से मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी पर प्राथमिकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** समिट बिल्डिंग के माई बार में अधिवक्ताओं से मारपीट करने वाले छह दरोगा समेत दर्जनभर अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर आदेश पर बुधवार देर शाम विभूतिखंड पुलिस ने थाने में तैनात पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, अधिवक्ता अभिषेक सिंह साथी रोहित रावत, अभिषेक पाण्डेय,मुकुल सिंह, बिवेक भरद्वाज, राहुल त्रिपाठी विजेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य साथियों के साथ बीते 23 फरवरी को माई बार समिट बिल्डिंग में खाना खाने के दौरान विभूतिखंड थाने में तैनात दरोगा राहुल बालियान, जसीम रजा, प्रमोद कुमार सिंह, फूलचन्द्र, रितेश दुबे, विनय गुप्ता सिपाही एके पाण्डेय के साथ दर्जन भर अन्य पुलिसकर्मियों ने मारपीट की थी।

### होटल रेटिंग जॉब का झांसा देकर खाते से निकाले 3.12 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** टेलीग्राम के माध्यम से युवक को होटल रेटिंग की जॉब ऑफर का झांसा देकर जालसाजों ने उसके खाते से 3.12 लाख रुपए गायब कर दिए। ठगी की जानकारी होने पर पीडित ने विकासनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। विकासनगर निवासी शमशाद अहमद ने बताया कि 22 फरवरी को उनके टेलीग्राम एप पर एक मैसेज आया था।

### डिवाइडर से टकराई बाइक , कारीगगर की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलमबाग कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ईको गार्डन गेट के पास मंगलवार देर शाम बाइक सवार शटरिंग कारीगर बिहार निवासी विकास डिवाइडर से टकरा गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। बाइक पर सवार शटरिंग कारीगर के अलावा उसके दो साथी विशाल और चुनमुन भी पीछे बैठे थे, जिन्हें मामूली चोट आई हैं।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की मेहनत से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में आई कमी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले सात वर्ष में प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या दोगुनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की मेहनत की वजह से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में 2014 के सापेक्ष कमी आई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार 2014 में प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 285 प्रति लाख थी, जो घटकर 167 पर आ गई है। वहीं शिशु मृत्यु दर 2014 में जो 48 प्रति हजार थी, जो घटकर 38 प्रति हजार हो गई है। सीएम योगी ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार महिला स्वयं सहायता समूह और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से हॉट कुक्ड मील उपलब्ध करा रही है।

योगी ने बुधवार लोकभवन में मिशन रोजगार के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में 3,077 नवचयनित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। साथ ही 173 करोड़ रुपए की लागत से 31 जनपदों में 1,459 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में महिला कल्याण बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य, महिला कल्याण बाल विकास राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला सहित गणमान्य लोग एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की मौजूदगी रही।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1741 / न0 पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 / 2023-24/ दिनांक 23/02/2024

सूचना प्रकाशन

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संजय सिंह तोमर पुत्र प्रमोद सिंह तोमर | श्री प्रमोद कुमार सिंह पुत्र मलखान सिंह | पठानपुर -3 | 07 | 726 | पंजीकृत दान पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ
हमीरपुर


# कानपुर और बुलंदशहर में मिलेगा लोगों को रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सरकार सृजित करेगी 34 लाख रोजगार

**अमृत विचार :** कानपुर व बुलंदशहर शहर में लोगों को बंपर रोजगार मिलेगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के जरिये बड़ी संख्या में उद्यम धरातल पर उतरने जा रहे हैं। इससे रोजगार के अवसर मिलेंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार 34 लाख रोजगार सृजित करने जा रही है। युवाओं को रोजगार के अवसर पूरे प्रदेश में उपलब्ध होंगे। कानपुर नगर में लगने जा रहे प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क से ही सिर्फ 2.5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। बुलंदशहर में ओब्दु ग्रुप के जरिये डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक में किए जा रहे निवेश से भी 70 हजार लोग रोजगार से लाभान्वित होंगे। अधिकारियों ने बताया कि कानपुर नगर में मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लिमिटेड के जरिये इस परियोजना की शुरुआत की जा रही है। इसमें 5850 करोड़ रुपए निवेश किए जा रहे हैं। प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क परियोजना पूरा होने के बाद कानपुर नगर में इसके माध्यम से 2.5 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेंगे। रोजगार के लिहाज से यह आंकड़ा जीबीसी 4.0 में सर्वाधिक है।

उल्लेखनीय है कि कानपुर नगर में कुल 408 कंपनियां विभिन्न परियोजनाओं में 25,339 करोड़ रुपए का निवेश कर रही हैं। इसी तरह, ओब्दु ग्रुप अपनी सहायक कंपनी ओब्दु डिजिटल हेल्थ लिमिटेड प्रदेश के कई शहरों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित विलेज हेल्थ सेंटर की स्थापना कर रहा है।


देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करते प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, डॉ. सूर्यकांत व अन्य। अमृत विचार

### टीबी उन्मूलन के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक देंगे प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि टीबी की जांच व रोकथाम का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले चिकित्सक अब अपने-अपने जिलों के अन्य चिकित्सकों को भी प्रशिक्षित करेंगे। प्रमुख सचिव, बुधवार को केजीएमयू के कलाम सेंटर में प्रदेश के 36 सरकारी मेडिकल कालेज के चिकित्सकों और जिला क्षय रोग अधिकारियों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि टीबी संक्रमण की जांच जल्दी हो, इसके लिए घर के नजदीक स्थापित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर भी स्क्रीनिंग और जांच की सुविधा उपलब्ध है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर, नेशनल टीबी टास्क फ़ोर्स के डॉ. अशोक भारद्वाज, केजीएमयू की उप कुलपति डॉ. अपिजित कौर, डॉ. गजेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. अजय वर्मा, डॉ. ज्योति वाजपेयी, डब्लूएचओ के डॉ. परमार, डॉ. संजय, डॉ. सोलंकी व अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत हरदौली विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

पत्रांक: मेमो/2023-24 दिनांक 28.02.2024

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरदौली में राज्य वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के पांच दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी दिनांक 29/2/2024से 4/3/2024 तक

| क्र0 सं0 | कार्य | लागत | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र के सामने इंटर लॉकिंग खरंजा नाली ग्रिल एवं रिबोर कार्य | 410914 | 8000 | 500 |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हरदौली
विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत हरदौली
विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

### कार्यालय ग्राम पंचायत परासना विकास खण्ड सैफई-इटावा

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत परासना/निविदा प्रकाशन/2023-24/ दिनांक: 26.02.24

नोटिस/विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत परासना सैफई-इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा / 15वें वित/पंचम वित आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु ग्राम पंचायत परासना वि0ख0 सैफई ने फर्मो ठेकेदारों से निविदायें / टेण्डर 27.02.2024 से 06.03.24 रामय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 06.03.24 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.02.2024 से 06.03.24 तक ग्राम पंचायत परासना पंचायत सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 % | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सरकारी हैंडपम्पो के पास सामुदायिक सोकपिट निर्माण कार्य (55) | SBM/ वित्त आयोग | 428000.00 | 5600.00 | 750.00 |
| 02 | खाद के गडडे का निर्माण कार्य (10) | SBM/ वित्त आयोग | 110000.00 | 2200.00 | 500.00 |
| 03 | मिनी आर आर सी सेंटर (1) | SBM/ वित्त आयोग | 142000.00 | 2900.00 | 500.00 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत परासना कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01- अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 730/33-3-2022-11/2022 दिनाक 20.0422 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकरी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पाम पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी) के परिवारिक सदस्यों व रिश्तेवरों द्वारा स्थापित पार्न वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त कर दी जावेगी।

प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत परासना विकास खण्ड सैफई-इटावा।


# विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने वाली योजनाएं बनाई जाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का राज्य बनाने को पर्यटन मंत्री ने की समीक्षा बैठक

**अमृत विचार :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन बनाने के लिए पर्यटन विभाग को विशेष प्रयास करने होंगे। विदेशी पर्यटक प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा दिन रूके और भ्रमण करें, ऐसी योजनाएं बनायी जाएं। क्योंकि एक पर्यटक के आने से छह लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही होटल, टैक्सी व स्थानीय उत्पादों की बिक्री बढ़ती है।

पर्यटन मंत्री, बुधवार को गोमती नगर स्थित पर्यटन विभाग में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि विदेशी पर्यटक 10 और घरेलू पर्यटक 15 शहरों में ज्यादा आते है। आगरा आने वाले पर्यटकों को बटेश्वर भ्रमण के लिये प्रेरित करे। ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाये, हर जिले की विशेषता का प्रमुखता से प्रचार प्रसार किया जाये,पर्यटकों का आकर्षित करने के लिए रणनीति तैयार की जाये।

जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार व राजस्व अर्जन की असीमित संभावनायें है। इसलिए पर्यटन को बढ़ावा देने की नीतियां व कार्यक्रम तैयार करें।उन्होंने बताया कि बीते दो सालों में घरेलू पर्यटन के क्षेत्र में उप्र. पहले स्थान पर बना हुआ है। पिछले साल 38 करोड़ पर्यटक प्रदेश में आये थे।

उन्होंने कहा कि थाईलैंण्ड, वियतनाम के बौद्ध श्रद्धालुओं का उत्तर प्रदेश से भावनात्मक लगाव है। साथ ही बौद्ध धर्म को मानने वाले देशों को नये भारत का नए उप्र. के बारे में बताये। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम, सचिव नियोजन अनुराग यादव व निदेशक पर्यटक प्रखर मिश्र, विभागीय अधिकारी मौजूद रहें।

# पेपर लीक मामले के विरोध में युवक कांग्रेस का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदर्शनकारियों को किया गया गिरफ्तार, शाम को किया रिहा

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला, युवाओं पर अत्याचार, बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में बुधवार को प्रदेश युवक कांग्रेस ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। बैरीकेडिंग लगाकर रोकने पर पुलिस से धक्का-मुक्की में कई प्रदर्शनकारी घायल भी हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर शाम को रिहा कर दिया।

युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से सैकड़ों की संख्या में युवक कांग्रेसी मुख्यमंत्री आवास घेरने के लिए निकले। इन प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बैरीकेडिंग लगाकर माल एवेन्यू के सुन्नी वक्फ बोर्ड कार्यालय के पास रोक लिया। इस पर कांग्रेसियों की पुलिस से नोकझोंक और धक्का-मुक्की हो गई। इसमें कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चोटें भी आईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें बसों से इको गार्डेन ले जाया गया। देर रात सभी को रिहा कर दिया गया।

श्रीनिवास ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आई है तब से सारी भर्तियों के पेपर लीक हो रहे हैं। चाहे आरओ, एआरओ हो, लेखपाल भर्ती हो, पुलिस भर्ती हो। योगी सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। सरकार बेरोजगार युवाओं को भर्ती के नाम पर छलने का काम कर रही है। भर्ती परीक्षा के नाम पर जो युवाओं से धन ले रही है उसमें सरकार भ्रष्टाचार कर रही है।


## सूचना

### कार्यालय उपायुक्त उद्योग कानपुर नगर

पत्रांक- 2121 / मि.औ.आ. / आवंटन दिनांक- 28.02.2024

मिनी औद्योगिक आस्थान, घाटमपुर, पतारा, ककवन-बिल्हौर में उद्योग एवं सेवा क्षेत्र हेतु कतिपय रिक्त भूखण्डों हेतु आवेदन आमंत्रित है। अनुसूचित जाति / जनजाति हेतु आरक्षित भूखण्ड भी हैं। बड़े निवेश प्रस्ताव को एकमुश्त आवंटन हेतु वरीयता दी जायेगी। आवेदन पत्र के साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट संलग्न की जायेगी। अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवंटन की समस्त कार्यवाही शासनादेश संख्या-04 / 2018 / 094 / 18.2.2018-80 (ल.उ.) / 2017 दिनांक 30 जनवरी 2018 के अनुपालन में की जायेगी। अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग में सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन की अन्तिम तिथि 10 मार्च 2024 है।

उपायुक्त उद्योग, कानपुर नगर


### सोशल मीडिया पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगंज थाने में सुहेलदेव आर्मी संगठन के अध्यक्ष योगेश पासी ने मुकदमा दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि सोशल मीडिया पर एक बैठक को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि, गत 25 फरवरी को योगेश संगठन की बैठक थी। जिसमें कई पदाधिकारी शामिल हुए थे। संगठन के प्रचार-प्रसार के लिए फेसबुक पर सूचना डाली गई थी। आरोप है कि सलौली निवासी शिवा सिंह फेसबुक पर एक जाति के लिए आपत्तिजनक बातें लिखी। विरोध करने के बाद भी शिवा ने अपनी पोस्ट नहीं हटाई। इसके बाद योगेश ने गोसाईंगंज में आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट और एससीएसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।


### कार्यालय-जिला रजिस्ट्रार / अपर जिला रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु जनपद कन्नौज

पत्रांक- मु0चि0अ0/जन्म-मृत्यु/विज्ञा0/2023-24/6822 दिनांक - 28.02.2024

निविदा सूचना

जनपद में पैदा होने वाले प्रत्येक बच्चे एवं घटित होने वाली प्रत्येक मृत्यु का पंजीकरण कानूनन अनिवार्य है। यह आप और हमारे संयुक्त प्रयास से सम्भव है। शत-प्रतिशत पंजीकरण भावी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं अन्य योजनाओं को बनाने का मुख्य आधार है। आगे आयें और पंजीकरण में सहयोग करें।

1 जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण कानूनन अनिवार्य है।
2 जन्म/मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर कराकर निःशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
3 जन्म/मृत्यु का पंजीकरण उसके घटित होने के स्थान पर स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म एवं मृत्यु) से ही करायें।
4 जन्म का पंजीकरण बच्चे का अधिकार है।

डा0 बृजेश कुमार शुक्ला
नोडल अधिकारी (जन्म-मृत्यु)
उप मुख्य चिकित्साधिकारी
जनपद कन्नौज

डा0 विनोद कुमार
अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जनपद कन्नौज

शुभ्रान्त कुमार शुक्ल
(IAS) जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु)
जिलाधिकारी
जनपद कन्नौज

### मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

**ई-निविदा सूचना** - अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित कार्य में दक्ष जिन्हे निविदागत् सम्बन्धित कार्य का पूर्व में अनुभव हो या वर्तमान में कार्य कर रहे हो, आयकर तथा जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र धारक अनुभवी कम्प्यूटर स्वामी/कम्प्यूटर एजेन्सियों/निविदाकारों/वहान एजेन्सियों/वाहन स्वामियों / ट्रांसपोर्टरों से विभागीय निविदा विशिष्टीकरण के सम्मुख अंकित कार्य/आपूर्ति हेतु ई-निविदायें अलग-अलग दो भागों में, ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की अवधि, निविदा विस्तारण, पुर्नप्रकाशन, शुद्धिपत्र, संशोधन की सूचना UP Goverment की वेबसाइट https://etender.up.nic.inपर डाउनलोड/देखें जा सकते है, एवं डाउनलोड करते हुये मूलरूप में प्रयोग किये जायेंगे। निविदा प्रपत्रों को एडिट करके अलग से टंकित कराकर प्रयोग किये हुए मान्य नही होगें। निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य जो कि अप्रतिदेय है एवं प्रत्येक की निर्धारित धरोहर धनराशि अलग-अलग EXECUTIVE ENGINEER ELECTRICITY TEST DIVISION-II, U.P POWER CORPORATION LTD. RAEBARELI के ICICI BANK के खाता सं0 081205500344/ IFS Code ICIC0000812 में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑन-लाइन जमा किया जायेगा एवं साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या, पे-इन स्लिप की मूल प्रति निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य सम्पूर्ण वितरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा खुलने की तिथि 22.03.2024 निर्धारित है। **(1) ई-निविदा सं0: 181/ विविमद्विरा/2023-24 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड-द्वितीय, रायबरेली के कार्यालय में अतिमहत्वपूर्ण कार्यो के त्वरित निष्पादन/ई-मेल के माध्यम से सूचनाओं के आदान-प्रदान किये जाने / सी0पी0एफ0 / जी0पी0एफ0/पेन्शन प्रपत्रों को तैयार कर ई0आर0पी0 प्रणाली के माध्यम से उच्चाधिकारियों को प्रेषण किये जाने हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 2000.00। **(2) ई-निविदा संख्या: 182/ विविमंद्विरा /2023-24** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड-द्वितीय, रायबरेली के कार्यालय में अतिमहत्वपूर्ण सूचनाओं के ऑनलाइन प्रेषण एवं अन्य आवश्यक टंकण कार्यो को ससमय संपादित किये जाने हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 2000.00। **(3) ई-निविदा संख्या: 183/ विविमंद्विरा /2023-24** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड-द्वितीय, रायबरेली के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता, मीटर (लालगंज क्षेत्र) के कार्यक्षेत्र में बदले गये मीटरों की सीलिंग प्रमाण पत्र की ऑनलाईन फीडिंग के कार्य हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू01180.00 (जी0एस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 2000.00। **(4) ई-निविदा संख्या: 184 / विविमंद्विरा /2023-24** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड-द्वितीय, रायबरेली के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता, मीटर (सलोन क्षेत्र) के कार्यक्षेत्र में बदले गये मीटरों की सीलिंग प्रमाण पत्र की ऑनलाईन फीडिंग के कार्य हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू01180.00 (जी0एस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 2000.00। **(5) ई-निविदा संख्या: 185 / विविमंद्विरा/2023-24** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड-द्वितीय, रायबरेली के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता, मीटर (डलमऊ क्षेत्र) के कार्यक्षेत्र में बदले गये मीटरों की सीलिंग प्रमाण पत्र की ऑनलाईन फीडिंग के कार्य हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू01180.00 (जी0एस0टी0 सहित।) धरोहर धनराशि रू0 2000.00 । **(6) ई-निविदा संख्या: 186 / विविमंद्विरा /2023-24** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड-द्वितीय, रायबरेली के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता, मीटर (ऊँचाहार क्षेत्र) के कार्यक्षेत्र में बदले गये मीटरों की सीलिंग प्रमाण पत्र की ऑनलाईन फीडिंग के कार्य हेतु एक अद्द कम्प्यूटर सेट (मानीटर, सीपीयू, यूपीएस, प्रिण्टर), एवं ऑपरेटर सहित 01 वर्ष के लिए किराये पर उपलब्ध कराना। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू01180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 2000.00 । **(7) ई-निविदा सं0: 187/ विविमद्विरा/2023-24 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-लालगंज, रायबरेली के कार्यालय उपयोग हेतु एक अदद डीजल चलित जीपनुमा वाहन (चालक सहित), 01 वर्ष हेतु किराये पर उपलब्ध कराये जाने हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 3000.00 । **(8) ई-निविदा सं0: 188/ विविमद्विरा/2023-24 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड-द्वितीय, रायबरेली के कार्यालय उपयोग हेतु एक अदद डीजल चलित जीपनुमा वाहन (चालक सहित), 01 वर्ष हेतु किराये पर उपलब्ध कराये जाने हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 3000.00। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल - द्वितीय गोरा बाजार रायबरेली ''बल्ब एवं सी0एफ0एल के स्थान पर एल0ई0डी0 जलायें। राष्ट्रहित में बिजली बचायें।''** पत्रांक:- 3340/ वि0वि0मं0द्वि0रा0/ निविदा प्रका0/ 2023-24 दिनांक:- 28.02.2024

## एक नजर

### दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं को पीटा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर दो महिलाओं की पिटाई कर दी। पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायत मिलने पर पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला रामसनेहीघाट कोतवाली के करीथिया गांव का है। यहां के निवासी श्री किशन का गांव के ही बलराम से पुरानी रंजिश चल रही है। इसी को लेकर बुधवार को श्रीकिशन ने सुरेंद्र, प्रदीप और राममिलन के साथ मिलकर बलराम के घर में मौजूद दो महिलाओं की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। हमले में घायल दोनों महिलाओं को सीएचसी बनीकोडर में इलाज कराया गया।

### पुलिस ने लापता किशोर को तलाश पिता को सौंपा

बाराबंकी, अमृत विचार : लापता किशोर को 24 घंटे के अंदर तलाश कर बदोसराय पुलिस ने पिता के सुपुर्द कर दिया। इससे बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। मंगलवार को थाने में पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 14 वर्षीय बेटा घर से बिना बताए कहीं चला गया। इस पर तत्परता दिखाते हुए बदोसराय पुलिस टीम ने किशोर की बरामदगी के प्रयास किए। बुधवार को पुलिस ने किशोर को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने पुलिस की सराहना की।

### चोरी की ट्रैक्टर-ट्राली के साथ आरोपी को दबोचा

बाराबंकी, अमृत विचार : ट्रैक्टर-ट्राली चोरी के मामले में फरार इटहुआ मजरे मुरलीगंज निवासी नरेंद्र कुमार वर्मा को जैदपुर पुलिस ने बुधवार को चोरी के ट्रैक्टर-ट्राली के साथ दबोचा। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# शहर के 24 पार्कों का किया जाएगा कायाकल्प

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : शहर के 24 पार्कों के कायाकल्प की तैयारी है। नगर पालिका ने इस पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया है। सभी पार्कों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हरी घास का रोपण होगा। जहां जमीन उपलब्ध है, वहां वॉकिंग ट्रैक भी बनाया जाएगा। बच्चों के खेलने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

शहर के जेब्रा पार्क के पीछे के तरफ एक और विशाल पार्क के निर्माण का कार्य शुरू हुआ है। इस पार्क में वॉकिंग ट्रैक बनाया जा रहा है। पार्क स्थित तालाब में मोटर व पैडल बोट की भी सुविधा मिलेगी। सुबह-शाम टहलने वालों के लिए हरी घास लगाई जाएगी। इस पार्क को बहुउद्देशीय बनाया जाएगा। यहां व्यायामशाला का भी निर्माण होगा। लोगों के बैठने के लिए बेंच लगाई जाएगी। इस पार्क में पहले से भी व्यायाम शाला थी। जिसके उपकरण खराब चुके हैं। अब इसका नए सिरे से व्यवस्थापन किया जाएगा। पार्क में लगे हाईमस्ट लाइट के खंभे हटवा दिए गए हैं। जिला प्रशासन का मानना है कि राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर होने वाली सभाओं को अब इसी पार्क में कराया जा सकता है जिससे राजकीय इंटर कॉलेज का मैदान विद्यालय के बच्चों के लिए सुरक्षित हो सकेगा। पार्क के अंदर किसी महापुरुष की प्रतिमा लगाने के लिए भी स्थान सुरक्षित किया गया है। इसके लिए बेस का निर्माण कराया जा रहा है। हालांकि नगर पालिका के अधिकारी यह मानने को तैयार नहीं है कि यहां किसी की प्रतिमा लगाने का कोई प्रस्ताव है।


जेब्रा पार्क के पीछे प्रतिमा लगाने के लिए बनाया जा रहा बेस। अमृत विचार

### बनने से पहले ही चहारदीवारी में आयी दरार

जेब्रा पार्क के पीछे निर्माणाधीन पार्क की चहारदीवारी का निर्माण कार्य अभी चल ही रहा है कि इसमें दरार आ गई है। चहारदीवारी की कब्रिस्तान की तरफ वाले हिस्से में दरार आयी है। हालांकि निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार का कहना है कि जेसीबी के धक्के से चहारदीवारी में दरार आई है।


पार्क की चहारदीवार पर पड़ीं दरारें।

"शहर के 24 पार्कों का कायाकल्प कर उसे आकर्षण का केंद्र बनाने जा रहे हैं। जेब्रा पार्क के पीछे जिस पार्क का निर्माण चल रहा है, वहां सिंथेटिक ट्रैक, तालाब में पैडल बोट, पैदल ट्रैक, पूरे मैदान पर हरी घास लगवाई जाएगी। लोगों के बैठने के लिए बेंच का इंतजाम किया जा रहा है। इस पार्क को इस तरह तैयार किया जा रहा है कि राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर होने वाली सभाओं और नुमाइश के लिए इसका प्रयोग किया जा सके।"

–संजय शुक्ला, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका

# जालसाज की 1.44 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**कार्रवाई**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: आवासीय जमीन व प्लाट के नाम पर धोखाधड़ी और जालसाली करने वाले गिरोह के सरगना की एक करोड़ 44 लाख की संपत्ति बुधवार को पुलिस व प्रशासन की टीम ने कुर्क की।

जिले में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध पुलिस व प्रशासन के संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लोगों को सस्ती आवासीय जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना अमेठी के गौरीगंज के गोठवा दरखा निवासी वासुदेव यादव, गोंडा के इटवा थोक के नरौरा भर्रापुर निवासी वीरेंद्र तिवारी, खोडारे थाना क्षेत्र के पटेसरी देवी और लखनऊ के चिनहट निवासी दिनेश कुमार वर्मा पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया था।

बुधवार को प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम अमेठी के गौरीगंज पहुंची। जहां पर गिरोह के सरगना वासुदेव का एक करोड़ 35 लाख रुपये की कीमत का तीन मंजिल का मकान और एचडीएफसी बैंक की शाखा विनीत खण्ड, गोमती नगर लखनऊ में सरगना के खाते में जमा 8,97,589 रुपये को कुर्क किया गया।

# गैंगरेप के 4 दोषियों को 20 वर्ष की कैद

## विशेष न्यायाधीश ने लगाया 31-31 हजार रुपये का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : सात वर्ष पहले किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म के करने वाले चार दोस्तों को दोषी मानते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और 31-31 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।



मामला सतरिख थाना क्षेत्र एक गांव का है। यहां की निवासिनी पीड़िता ने 23 मई 2017 को सतरिख थाने में दी तहरीर में बताया कि उसे बहाने से टिकैतनगर थाने के इचौली निवासी मोनू कश्यप, मंजीठा निवासी बब्लू यादव, नगर कोतवाली के दनियालपुर निवासी कुलदीप उर्फ दादा उर्फ मोनू तथा जफरपुर निवासी रामसिंह ने बुलाकर पहले जबरन शराब पिलाई। उसके बाद सभी ने मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस पर पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी, अपहरण व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा। किशोरी के बयान व चिकित्सीय परीक्षण की रिपोर्ट के साथ वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल कर दिया। मामले की सुनवाई कर रही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर चारो अभियुक्तों को दोषी मानते हुए 20-20 वर्ष के कठोर कारावास व 31-31 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

### जानलेवा हमले में पिता व दो पुत्रों को 4 वर्ष की सजा

बाराबंकी, अमृत विचार: जान से मारने की नियत से मारपीट के मामले में दो सगे भाई और पिता को अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने चार-चार वर्ष का सश्रम कारावास और पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला रामनगर थाने के चंदीपुर का है। बृजेश यादव ने पहले 8 अक्टूबर 2012 को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बलराज ने अपने भाई गुड्डू और पिता रामदयाल के साथ मिलकर उसके भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। इस पर पुलिस ने मारपीट, धमकी और जानलेवा हमले का केस दर्ज किया।

# अव्यवस्थाओं के बीच फाल्गुनी मेला शुरू

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : अव्यवस्थाओं के बीच लोधेश्वर महादेवा के फाल्गुनी मेले की शुरुआत बुधवार से हो गयी। बिठूर से जल भरकर कानपुर बिल्हौर से पदयात्रा करते हुए कांवरियों जत्था पहुंचा। बोहनिया तालाब पर जत्थे के महंत रामरतन के निर्देश में सभी ने आचमन किया। मेला परवान चढ़ने लगा है लेकिन अभी तक व्यवस्थाएं पूरी नहीं हो पाई हैं। इस बार 28 फरवरी से 8 मार्च तक मेला लगेगा।

मेला परिसर आने वाले सभी मार्गों पर अभी प्रकाश की व्यवस्था नहीं की गयी है। बैरीकेडिंग का कार्य भी अधूरा है। ठेकेदार द्वारा अभरन सरोवर में जाली लगाने के नाम पर फर्ज अदायगी की गई है। मेला क्षेत्र में शुद्ध पेयजल का अभाव है। कई हैंडपंप अब तक खराब पड़े हुए हैं। मेला अवधि में लगवाए जाने वाले अस्थाई हैंड पंप भी अब तक नहीं लगाए गए हैं। प्रत्येक वर्ष 15 दिन पूर्व मेले की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाती थीं। मगर इस बार मेला शुरू हो गया पर सारी व्यवस्थाएं अब तक पूरी नहीं हो पायी हैं।

### चार जोन व नौ सेक्टर में बांटा गया मेला क्षेत्र

रामनगर,बाराबंकी, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। पूरे मेला क्षेत्र को चार जोन और नौ सेक्टरों में विभाजित कर चप्पे-चप्पे पर पुलिस एवं पीएसी के जवानों को तैनात करने की रूपरेखा तैयार की गई है। पहली बार एटीएस कमांडों को मेले की सुरक्षा के लिए लगाया गया है। इसके अलावा दो कंपनी पीएसी, एक प्लाटून फ्लड पीएसी के जवानों को तैनात किया गया है। पांच सीओ, 15 इंस्पेक्टर, 8 थानाध्यक्ष, 110 दरोगा, 4 महिला दरोगा, 440 कांस्टेबल, 150 महिला आरक्षी, 90 होमगार्ड, पांच ट्रैफिक इंस्पेक्टर, 40 ट्रैफिक सिपाही लगाए गए हैं। इसके अलावा ड्रोन कैमरा, डॉग स्क्वायड, बम डिस्पोजल दस्ता, अग्निशमन दल को भी लगाया गया है। मेला परिसर में खोया पाया केंद्र एवं मेला कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

## साइबर थाना व पुलिस चौकी का लोकार्पण

बाराबंकी, अमृत विचार: पुलिस की अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर बुधवार को पूरे प्रदेश में साइबर थाने, पुलिस थाने व चौकी का मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने लखनऊ से वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया। इस दौरान जिले की पुलिस लाइन में साइबर थाना और घुंघटेर थाने की सैंदर चौकी के नवनिर्मित भवन का मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा, सांसद उपेंद्र रावत, डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार, एएसपी दक्षिणी डा. अखिलेश नारायण सिंह, चिरंजीव नाथ सिन्हा आदि मौजूद थे।

## दहेज के लिए पत्नी को पिलाया जहर, पति समेत 5 पर केस

जहांगीराबाद, बाराबंकी

अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को मारने पीटने के बाद जहर पिला दिया। हालत बिगड़ने पर मायके वालों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं जहांगीराबाद थाने में पुलिस को तहरीर देकर पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के ढेकीबाग निवासी अंजलि ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2018 में कुर्सी थाना क्षेत्र के धौरहरा निवासी सज्जन पुत्र विनोद के साथ हुआ था। पिता ने हैसियत के मुताबिक दहेज दिया था लेकिन उसके ससुरालवाले खुश नहीं थे। दहेज की मांग को लेकर पति सज्जन, सास गमला, ससुर विनोद, ननद मोनिका व चचेरा ससुर मलय्या उसे प्रताड़ित करते थे। उसके एक बेटी है। बीती 13 फरवरी की दोपहर पति ने पीटने के बाद उसे जहर पिला दिया। उसने फोन कर मायके वालों को बुलाया। उन्होंने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि एसपी के आदेश पर पति समेत पांच पर केस दर्ज किया गया है।

## किसानों के लिए भाजपा ने लागू कीं कई योजनाएं

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : जब किसान खुशहाल रहेगा तभी देश खुशहाल होगा। इसी परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा काम किया जा रहा है। भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हित में तमाम कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। ये बातें रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त प्रधानमंत्री द्वारा जारी किए जाने के मौके पर किसान कल्याण केंद्र पर रामनगर पर आयोजित किसान उत्सव एवं जायद गोष्ठी कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय ने जो सपना देखा था उसे मोदी और योगी ने पूरा करने का काम किया है।

## जमीन दिलाने के नाम पर 34 लाख हड़पे, नौ लोगों पर केस

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : छह बीघा जमीन दिलाने के नाम पर जालसाजों ने एक व्यक्ति से 34 लाख रुपये हड़प लिए। बैनामा न होने पर उसे शक हुआ तो उसने रुपये वापस मांगे। इस पर उसे धमकाया गया। पीड़ित ने नौ लोगों पर केस दर्ज कराया है।

मामला सतरिख थाना क्षेत्र का है। लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 6,न्यू फ्रेंड्स कालोनी निवासी राजीव कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अभिषेक सिंह, अशोक सिंह, अनिल मिश्रा ने उसे सतरिख थाना क्षेत्र के मजीठा गांव में छह बीघा जमीन दिलाने के लिए रविंद्र कुमार,धीरेंद्र कुमार और मंशाराम आदि से मुलाकात कराई थी। इन लोगों ने मजीठा गांव स्थित गाटा संख्या 215 को अपना बताकर उसके एवज में 13 लाख 59 हज़ार, 5 लाख 56 हज़ार, 3 लाख 95 हज़ार रुपये समेत विभिन्न तिथियों में कुल 34 लाख 59 हज़ार रुपये ले लिये। काफी समय बीतने के बाद जब बैनामा करने को कहा तो उन लोगों द्वारा लगातार टालमटोल किया जाने लगा। इस पर शक हुआ तो उसने रुपये लौटाने की बात कही तो उन लोगों ने उसे धमकी दी। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि 34 लाख हड़पने के मामले में नौ लोगों पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### इंद्रियों को वश में करके ही जीवन बन सकता है सार्थक

लखनऊ, अमृत विचार : सदर बाजार कैंट स्थित श्री दुर्गा देवी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथावाचक पंडित शिवराज कृष्ण ने महागुरु शुकदेव और राजा परीक्षित संवाद को आगे बढ़ाते हुए बताया कि शुकदेवजी कहते हैं कि हे राजन इंद्रियों को वश में करके ही मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। मन, कर्म और वचन पर विजय प्राप्त करने वाला मानव ही श्रेष्ठ मानव कहलाता है। कथावाचक ने कहा कि मनुष्य की संगत ही उसे अच्छा और बुरा बनाती है। जैसा संग करोगे वैसा ही रंग चढ़ेगा, अर्थात बुद्धिमान की संगत से ज्ञान और मूर्ख की संगत से अज्ञानता का फल प्राप्त होता है। कथावाचक ने सुख और दु:ख की व्याख्या करते हुए कहा कि मानव द्वारा किए गए कर्म ही उसे सुख व दु:ख के रूप में प्राप्त होते हैं। इसलिए कर्म को प्रधानता की श्रेणी में रखते हुए ही जीवन का हर मार्ग तय करना चाहिए। अंत में कथावाचक ने भागवत कथा को मानव की मुक्ति का द्वार बताया। कथा में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्रनाथ त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष लखन द्विवेदी और मुख्यमंत्री कार्यालय के सचिव सुरेंद्र तिवारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


शिवराज कृष्ण।

### हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में 50 छात्र सम्मानित


एक बच्चे को सम्मानित करतीं ब्लॉक प्रमुख आरती रावत। अमृत विचार

कोठी,बाराबंकी, अमृत विचार : विकास खंड सिद्धौर में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रमोद उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक प्रमुख आरती रावत व विशिष्ट अतिथि बीएसए संतोष देव पांडेय व बीडीओ पूजा सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की। न्याय पंचायत स्तर से निपुण लक्ष्य अर्जित करने वाले पांच बच्चों बालवाटिका से दो-दो एवं कक्षा 1, 2 ,3 से एक-एक बच्चा समेत 50 बच्चों को सम्मानित किया गया। कुमारवां निवासी अब्याया पटेल भी सम्मानित हुईं। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में साहबशरण वर्मा, आदर्श पांडेय, दिलीप, ज्ञानेंद्र, खतीब, अभिषेक नाग, मिन्हाज अहमद कई शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे मौजूद रहे।

### शिक्षण पद्धति में सकारात्मक सुधार लाएं शिक्षक : अंगद

निन्दूरा बाराबंकी, अमृत विचार : निंदूरा क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र कुर्सी में प्राथमिक शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर बुधवार को एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने शिक्षकों से प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कहा कि शिक्षक बनना एक व्यवसाय नहीं, वरन अत्यंत पुनीत अवसर है। यह हमें देश का भविष्य उज्ज्वल करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बच्चों की शिक्षण पद्धति में सकारात्मक सुधार लाने के लिए तत्परता से नवाचार लागू कराने पर जोर दिया। इस मौके पर वरिष्ठ समन्वयक संदीप वर्मा, हरि प्रकाश शुक्ल, शिवशंकर सिंह, हिमेश, राजेश, जितेंद्र, गौरव, प्रशिक्षक चंद्र कुमार, गीतिका श्रीवास्तव, पल्लवी सिंह, गोविंद यादव आदि उपस्थित रहे।

### अच्छा कार्य करने वाली आशाबहू व संगिनी सम्मानित

हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार : पहली बार विकासखंड स्तर पर आयोजित आशा सम्मेलन स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सम्पन्न हुआ। इसमें बेहतर कार्य करने वाली आशा बहू व संगिनियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सौरभ शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली आशा बहू वीणा तिवारी, पूजा देवी एवं शांति देवी और आशा संगिनी अंबा देवी, शशि कुमारी एवं शैल कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रितु सिंह, मनीष, संजय, देवी प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### मजदूर को छोड़ने आए युवक पर हमला

सतरिख ,बाराबंकी, अमृत विचार : मजदूर को घर छोड़ने आए युवक पर एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां होश आने के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। मामला बरकटही गांव का है। यहां के निवासी लोचई क्षेत्र के डल्लूखेडा गांव निवासी रामू के यहां भवन निर्माण मजदूरी करता है। मंगलवार की रात रामू लोचई को उसके घर छोड़ने आया था। इसी दौरान गांव के रामऔतार ने रामू पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने रामू को अस्पताल पहुंचा। एसओ अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


संजयसेतु में आयी दरार भरते श्रमिक। अमृत विचार

### भरी गयी संजय सेतु के एप्रोच में आई दरार

रामनगर बाराबंकी,अमृत विचार : लखनऊ बहराइच हाईवे के संजय सेतु पर बने एप्रोचों में आई दरारों का मरम्मतीकरण एनएचआई अधिकारी प्रमोद कुमार यादव के निर्देशन में किया गया। यातायात बाधित न हो इसके लिए पुलिस बल लगा रहा। ज्ञात हो कि बांदा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित संजय सेतु के अप्रोचों में जगह जगह दरारे पड़ गयी थी। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता था। एनएचएआई की टीम ने बुधवार को सभी एप्रोच की श्रमिकों से मरम्मत करायी।

## कार्यकत्री ने हेडमास्टर के खिलाफ दी तहरीर

हैदरगढ़,बाराबंकी, अमृत विचार: हैदरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय दूला का पुरवा के परिसर में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन का विरोध कर रहे हेडमास्टर के विरुद्ध कार्यकत्री ने थाने में शिकायत की है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री शैलकुमारी ने बताया कि तीन माह से यहां के प्रधानाध्यापक विद्यालय परिसर में जगह कम होने की बात कहकर केंद्र के संचालन में व्यवधान डालते हैं। बीईओ ने हेडमास्टर को समझाया लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। पीड़िता ने बताया हेडमास्टर के व्यवहार से केंद्र के संचालन की समस्या उत्पन्न हो गई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

# गोप के घर पहुंचे पूर्व सांसद पुनिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप के सिविल लाइन स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे। इस दौरान गोप ने कहा कि समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पूरी मजबूती और मुस्तैदी से गठबंधन के प्रत्याशी के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर आगामी लोकसभा चुनाव में सहयोग करते हुए प्रचंड बहुमत से गठबंधन का परचम लहराएगा।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे पूर्व सांसद डॉ.पीएल पुनिया से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद के साथ लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टियों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं मे आपसी समन्वय स्थापित करने और बूथ स्तर पर गठबंधन को मजबूती प्रदान करने के लिए चर्चा हुई। इसके पूर्व सपा और कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्षों ने दोनों पार्टियों के संगठन में समन्वय और कार्यकर्ताओं की एकजुटता पर बल दिया।


सपा के पूर्व मंत्री गोप से मिलने उनके आवास पर पहुंचे पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया।

**लापरवाही** — एनएसपी पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं 75 शिक्षण संस्थाएं, अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को मिलनी है पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति

# 1123 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति पर गहराया संकट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर जिले के 75 शिक्षण संस्थानों द्वारा पंजीकरण न कराने के चलते कक्षा 9 से उच्च दर्जे के 1123 विद्यार्थियों की पूर्वदशम और दशमोत्तर योजना के तहत मिलने वाली छात्रवृत्ति पर संकट गहरा गया है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा कई बार लापरवाह शिक्षण संस्थाओं को नोटिस देने के बाद भी उन्होंने पोर्टल पर केवाईसी नहीं कराई है। ऐसे में संबंधित छात्र-छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है।

केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा निजी शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्वदशम और दशमोत्तर योजना के तहत विषयवार छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाता है जिससे विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में आने वाले वित्तीय संकट का सामना न करना पड़े। छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ देने के लिए शिक्षण संस्थानों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण कराना जरूरी होता है लेकिन जिले के 75 शिक्षण संस्थाएं ऐसी सामने आई हैं जिन्होंने पोर्टल पर न तो पंजीकरण कराया और न ही केवाईसी कराई है। इनमें प्री-मैट्रिक के पांच विद्यालयों के कक्षा नौ व दस के 63, पोस्ट मैट्रिक के तीन शिक्षण संस्थानों के कक्षा 11 व 12 के 76 और इंटरमीडिएट से ऊपर के 66 शिक्षण संस्थानों के सबसे अधिक 984 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इस प्रकार 75 शिक्षण संस्थाओं के कुल 1123 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति पर संकट गहरा गया है। इन शिक्षण संस्थानों की लापरवाही का आलम यह है कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस व दिशा-निर्देशों के बाद भी एनएसपी पोर्टल पर पंजीकरण नहीं कराया है। अब एक बार फिर विभाग ने संबंधित कॉलेज व स्कूलों को पत्र भेजकर एनएसपी पोर्टल पर पंजीकरण कराकर केवाईसी कराने को निर्देशित किया है। इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बालेंदु द्विवेदी ने बताया कि इन सभी शिक्षण संस्थानों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं ताकि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

### शिक्षण संस्थानों की लापरवाही का खामियाजा भुगतेंगे छात्र

इन शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन किया था लेकिन स्कूल व कॉलेजों ने लापरवाही के चलते नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर अपनी कार्रवाई पूरी नहीं कराई। इसमें शिक्षण संस्थानों को केवाईसी की छायाप्रति, प्रधानाचार्य या नोडल अधिकारी के आधार कार्ड की प्रति, मान्यता, सोसाइटी, संबद्धता के आदेश की कॉपी, अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं की कक्षावार सूची आदि का ब्योरा देना होता है और इसकी हार्डकॉपी विभाग में जमा करानी होती है। ऐसा न करने से इन संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों का डाटा संदेहास्पद की श्रेणी में आ गया है।

## नाले में गिरने से युवक की मौत

बाराबंकी, अमृत विचार : टिकैतनगर स्थित नगर पंचायत कार्यालय के सामने बने नाले में गिरकर मंगलवार देर शाम एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन जब तक उसे सीएचसी टिकैतनगर लेकर पहुंचते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

टिकैतनगर के नगर पंचायत कार्यालय के सामने स्थित नाले में मंगलवार शाम एक युवक गिर पड़ा। लोग उसे बाहर निकालकर उपचार के लिए सीचसी ले गए जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी शिनाख्त टिकैतनगर के मोहल्ला धधवारा निवासी कल्पेश कनौजिया (26) पुत्र बसंतलाल के रूप में की गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम: सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत:॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या –ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता–इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।

## संपादकीय

# देश में अमीरों का बढ़ना

देश के बाहर रहने वाले भारतीय नवाचार को बढ़ावा देने, व्यवस्थाओं और देशों के साथ मजबूत वैश्विक संबंध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह जुड़ाव पैसा कमाने और निवेश के अवसर पैदा करती है जिससे भारत में धनी व्यक्तियों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलती है। भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। बुधवार को जारी नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वर्ष 2028 तक अति-अमीरों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है। द वेल्थ रिपोर्ट 2024 में भविष्यवाणी की गई है कि 2023 में 13,263 से बढ़कर 2028 तक 19,908 हो जाएगी। अगर अलग-अलग देशों की बात की जाए तो तुर्किए में अमीरों की संख्या में सालाना आधार पर सबसे अधिक 9.7 प्रतिशत बढ़ी है। इसके बाद अमेरिका में अमीरों की संख्या 7. 9 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया में 5.6 प्रतिशत और स्विट्जरलैंड 5.2 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर अमीरों की संख्या अगले पांच वर्षों में 28.1 प्रतिशत बढ़कर 8,02,891 होने का अनुमान है। द वेल्थ रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक एशिया-पैसेफिक में किसी अन्य क्षेत्र के मुकाबले ज्यादा दौलत बनेगी। अमीर लोग अपनी निवेश योग्य संपत्ति का 17 प्रतिशत विलासिता की वस्तुओं में लगाते हैं। उनकी पहली प्राथमिकता लक्जरी घड़ियां होती हैं। इसके बाद कलाकृतियों और आभूषण का नंबर आता है। 'क्लासिक' कारें चौथे स्थान पर हैं। इसके बाद लग्जरी हैंडबैग, वाइन, दुर्लभ व्हिस्की, फर्नीचर, रंगीन हीरे और सिक्कों का स्थान आता है। हालांकि वैश्विक स्तर पर बेहद अमीर लोगों की पसंद लक्जरी घड़ियां और क्लासिक कारें हैं। अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। सवाल है कि क्या भविष्य में इन क्षेत्रों में ग्रोथ बनी रहेगी या संपत्ति सृजन करने वाले ये लोग यूरोप, अमेरिका या उत्तरी अमेरिका की ओर जाएंगे।

वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। कम घरेलू मुद्रास्फीति और संभावित ब्याज दर में कटौती अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत बनाने में मदद करेंगे देश में अमीरों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी इस बात का प्रमाण है कि धन सृजन के बदलाव वाले युग में भारत वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में समृद्ध और बढ़ते अवसरों के प्रमाण के रूप में खड़ा है। घरेलू मुद्रास्फीति के जोखिमों को कम करने और दरों में कटौती की संभावना से भारतीय अर्थव्यवस्था में और तेजी आएगी।

# जलवायु परिवर्तन की मार से प्रभावित पहाड़



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

**सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80–90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है,वह जल्दी ही पिघल जाएगी।**

इस साल का जनवरी महीना कश्मीर के लिए अभी तक का सबसे गरम रहा। वहीं फरवरी जाते-जाते इस राज्य को बर्फ की घनी चादर में लपेट चुकी है। मौसम विभाग की माने तो फरवरी के आखिरी दिनों में फिर से जमकर बर्फबारी होगी। 23 फरवरी की रात गुलमर्ग में शून्य से 10.4 और पहलगाम में 8.6 डिग्री नीचे तापमान वाली रही। धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर में देर से हुई बर्फबारी क्या महज एक असामान्य घटना है या फिर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का संकेत? यह बात गौर करने की है कि बीते कुछ सालों में कश्मीर लगातार असामान्य और चरम मौसम की चपेट में है। अभी 21 फरवरी को गुलमर्ग में बर्फीले तूफान का आना भी चौंकाने वाला है। जान लें देर से हुई बर्फबारी से राहत तो है,लेकिन इससे उपजे खतरे भी हैं।

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है,वह जल्दी ही पिघल जाएगी। अर्थात् आने वाले दिनों में एक तो ग्लेशियर पर निर्भर नदियों में अचानक बाढ़ आ सकती है और फिर अप्रैल में गर्मी आते-आते वहां पानी का अकाल हो सकता है। भारत में हिमालयी क्षेत्र का फैलाव 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों (अर्थात् जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल) में है,जो लगभग 2500 किलोमीटर। भारत के मुकुट कहे जाने वाले हिमाच्छादित पर्वतमाला की गोदी में कोई पांच करोड़ लोग सदियों से रह रहे हैं। चूंकि यह क्षेत्र अधिकांश भारत के लिए पानी उपलब्ध करवाने वाली नदियों का उद्गम है। साथ ही यहां के ग्लेशियर धरती के गरम होने को नियंत्रित करते हैं,सो जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से यह सबसे अधिक संवेदनशील है। जलवायु परिवर्तन की मार से सर्वाधिक प्रभावित उत्तराखंड के पहाड़ जैसे अब अपना संयम खो रहे हैं-देश को सदानीरा गंगा-यमुना जैसी नदियां देने वाले पहाड़ के करीब 12 हजार प्राकृतिक स्रोत या तो सूख चुके हैं या फिर सूखने की कगार पर हैं। इस सर्दी में हिमालय, हिंदू कुश और काराकोरम में बर्फबारी की असामान्य अनुपस्थिति के चलते गर्म तापमान रहा है। चरम ला नीना-अल नीनो स्थितियों और पश्चिमी विक्षोभ मौसम इस तरह असामान्य रहा। जलवायु संकट के प्रतीक ये बदलाव पर्वतीय समुदायों और हिंदूकुश-हिमालयी क्षेत्र में जल सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं।

**यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल–नीनो नहीं है। अल–नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार 'जलवायु परिवर्तन' को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है।**

यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल-नीनो नहीं है। अल- नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार 'जलवायु परिवर्तन' को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है। बर्फ की परत से उनके फसलों की रक्षा होती है,कंद-मूल जैसे उत्पादों की वृद्धि होती है,पाले का प्रकोप नहीं हो पाता। साथ ही बर्फ से मिट्टी का कटाव भी रुकता है। पूरे हिमालय क्षेत्र में कम बर्फबारी और अनियमित बारिश से क्षेत्र में पानी और कृषि वानिकी सहित प्रतिकूल पारिस्थितिक प्रभाव पड़ने की संभावना है। अगर तापमान जल्दी ही बढ़ जाता है तो देर से होने वाली बर्फबारी और भी अधिक त्रासदी दायक होगी। इससे जीएलओएफ (हिमनद झील के फटने से होने वाली बाढ़) अचानक बाढ़ आएगी और घरों,बागानों और मवेशियों को बहा ले जाएगी। गर्मी से यदि ग्लेशियर अधिक पिघले तो आने वाले दिनों में पहाड़ी राज्यों में स्थापित सैंकड़ों मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाओं पर भी संकट आ सकता है। लंबे समय तक सूखे के कारण झेलम और अन्य नदियों का जल स्तर अभी से नकारात्मक सीमा में है।

कश्मीर में जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता संजीव मल्होत्रा स्वीकार करते हैं कि समय पर बर्फबारी और बारिश की कमी के कारण सतही जल स्रोतों के जल स्तर में उल्लेखनीय कमी आई है। प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक और इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी कश्मीर के कुलपति, शकील अहमद रोमशू का कम और बेमौसम बर्फ को लेकर अलग ही आंकलन है। उनका कहना है इससे कश्मीर घाटी में प्रदूषण स्तर बढ़ेगा और स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा होंगे। उत्तराखंड में मसूरी से ऊपर बर्फबारी और बारिश न होने से मौसम खुश्क बना हुआ था, बारिश की कमी और पाले की मार से किसानों की फसलें दम तोड़ गई जिसके चलते पहाड़ी क्षेत्र चकराता में जहां किसान कैश क्रॉप कहीं जाने वाली फसल अदरक,टमाटर,लहसन,मटर पर ही अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहता है,ये सभी फसलें इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही हैं। वहीं पहाड़ी क्षेत्र में समय से बर्फ न गिरने की वजह से सेब,आड़ू और खुमानी की पैदावार कमजोर हो गई।

हमारे देश की संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार खेती है और खेती बगैर सिंचाई के हो नहीं सकती। सिंचाई के लिए अनिवार्य है कि नदियों में जल-धारा अविरल रहे,लेकिन नदियों में जल लाने की जिम्मेदारी तो उन बर्फ के पहाड़ों की है,जो गर्मी होने पर धीरे-धीरे पिघलकर देश को पानीदार बनाते हैं। साफ है कि आने वाले दिनों में न केवल कश्मीर या हिमाचल,बल्कि सारे देश में जल संकट खड़ा होगा है। जल संकट अपने साथ सवाल यह उठाता है कि इस अनियमित मौसम से कैसे बचा जाए? ग्लोबल वार्मिंग या अल-नीनो को दोष देने से पहले हमें स्थानीय ऐसे कारकों पर विचार करना होगा जिससे प्रकृति कूपित है।

जून 2022 में गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान (जीबीएनआईएचई) द्वारा जारी रिपोर्ट 'एनवायरमेंटल असेसमेंट ऑफ टूरिज्म इन द इंडियन हिमालयन रीजन' में कड़े शब्दों में कहा गया था कि हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन के चलते हिल स्टेशनों पर दबाव बढ़ रहा है। इसके साथ ही पर्यटन के लिए जिस तरह से इस क्षेत्र में भूमि उपयोग में बदलाव आ रहा है वो अपने आप में एक बड़ी समस्या है। जंगलों का बढ़ता विनाश भी इस क्षेत्र के इकोसिस्टम पर व्यापक असर डाल रहा है। यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ और सीसी) को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों के वाहनों और इसके लिए बन रही सड़कों के कारण वन्यजीवों के आवास नष्ट होने और जैवविविधता पर विपरीत असर की बात भी कही गई थी।

## प्रसंगवश

# नहीं हो रहा सिद्धांतों पर अमल

इस समय वातावरण में भगवानों की धूम है। इसमें राम सर्वोपरि हैं और कृष्ण भी काफी हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि भक्ति भावना की बाढ़ आ गई है। दरअसल लोकसभा के चुनाव सर पर हैं और भारत की जनताधर्म-प्राण है। अतः इस धर्माभियान से बहुसंख्यक हिंदू मत बटोरने को चेष्ठा की जा रही है। अगर वास्तविक भक्ति होती तो इन भगवानों के द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर भी अमल होना चाहिए था,जो नहीं हो रहा है। अब देखिए 'राम लाए गए' तो घोषित हो चुका,अब रामराज्य लाने को कहा जा रहा है। रामराज्य जैसा था उसे कौन नहीं जानता। वन में जब भरत श्रीराम को वापस लाने हेतु मनाने गए हैं, तब राम ने उनसे कुछ कुशल प्रश्न पूछे हैं। वे कुशल प्रश्न राम द्वारा भरत को दिए गए राजनीतिक उपदेश ही हैं जिनसे राज्य संचालन करने की अपेक्षा की गई है। वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड/अध्याय 100 में एक आदर्श राज्य चलाने के ये सिद्धांत संरक्षित हैं। इस अध्याय के श्लोक 26 में श्रीराम कहते हैं कि 'क्या तुम ऐसे अमात्य नियुक्त करते हो,जो घूस न लेते हों और अंदर बाहर से निश्छल और शुचि हों?'-अमात्यानुपधातीतान् पितृ पैतामहान्शुचीन्।/ श्रेष्ठाञ्छ्रेष्ठेषु कच्चित्व नियोजयसि कर्मसु।। यानी नैतिकता,शुचिता,ईमानदारी अभीष्ट थी,लेकिन इस समय क्या हो रहा है। अभी हुए राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदान में विधायक वोटरों ने जमकर क्रास वोटिंग की। यह पाला बदल सत्तारूढ़ भाजपा के पक्ष में हुआ। इसे हृदय परिवर्तन कौन मानेगा? गांव की कहावतें हैं,'जेहिके हाथ लोई। तेहिका सब कोई' तथा 'छूंछा को पूछा'। इसके पहले के भी तमाम उदाहरण हैं। चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में भाजपा द्वारा की गई बेईमानी पर तो देश की सबसे बड़ी अदालत ने जोर का तमाचा मार ही दिया है। अतः यह सिद्ध है कि मौजूदा रामभक्ति कागजी है। रही श्रीकृष्ण जी की बात,तो उनकी जन्मभूमि मथुरा में बने मंदिर से सटे मुस्लिम स्थापत्य को हटाने का शोशा चुनाव कालीन भावनात्मक उन्माद सृजित करने का जरिया है,उनके सिद्धांत तो माने नहीं जा रहे। उन्होंने तो गीता में कर्म का सिद्धांत प्रतिपादित किया है,लेकिन ये मुफ्त राशन और न जाने क्या क्या देकर अकर्मशीलता को ही बढ़ावा दे रहे हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# बच्चों के विकास पर समाज की सोच का प्रभाव

आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भले है ही और शायद अगले दो साल में हम तीसरी हो जाएं,लेकिन अगर हम दुनिया की सबसे बड़ी आबादी न होते तो फिर देखते कि हमारा स्थान दुनियावी अर्थव्यवस्था में कहां है? हमें गर्व है कि हम दुनिया के सबसे बड़े मजदूर निर्यातक देश हैं। जबकि यह शर्मिंदगी की बात है। हमने मालिक बनना सीखा ही नहीं, हमें मजदूरी में ही मजा आता है। इसके मूल में हमारी यही सोच है कि लिखो पढ़ो लेकिन खेलो मत!

क्या आप जानते हैं, कक्षा का एक सुशील और होनहार पढ़ाकू विद्यार्थी जीवन की प्रतियोगिता में पिछड़ क्यों जाता है? क्योंकि वह किताबी कीड़ा होता है, किताब के बाहर की दुनिया का उसे अंदाजा भी नहीं होता, लेकिन एक शरारती, नटखट और ठीक-ठाक पढ़ने वाला विद्यार्थी जीवन की दौड़ में हमेशा आगे रहता है। भारत के अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को घूमने से रोकते हैं, खेलने से रोकते हैं, पर्यटन की मनाही करते हैं। ऐसे में किसी बच्चे का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास कैसे होगा?

भारतीय समाज की सीमित सोच बच्चों के विकास को अवरुद्ध कर देती है। इस वजह से अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज की अति किसी का भला नहीं कर सकती है। हर चीज के लिए एक मापदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए, इसका विवेक होना बहुत जरूरी है।



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

**समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं,पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं।**

टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए, तकनीक को हौआ न बनाएं। शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रेरित करने की भूमिका पर जोर देने की बात कही, इससे छात्रों की हौसला अफजाई होती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस वजह से उनका डर जाता रहता है, वे तनाव मुक्त रहते है। शिक्षक मशीन की तरह पढ़ाते हैं और बच्चे भी मशीन की तरह रट्टा लगाते हैं। विषय का विश्लेषण या समीक्षा नहीं करते, ऐसे में मष्तिष्क का विकास कैसे होगा?

हर विद्यार्थी अपने आप में विशेष होता है। विशेष गुण, विशेष व्यवहार, विशेष परिवेश, विशेष परिवार से होता है। इसलिए एक विशेष अलहदा व्यक्तित्व का धनी होता है, इसलिए उसे किसी से जलन नहीं रखनी चाहिए। किसी से नकारात्मक प्रतियोगिता नहीं होनी चाहिए। जीवन में अगर बहुत आगे जाना है तो अपने आप से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, अपने को मांजना और धार लगानी चाहिए। भारतीय माता-पिता भी ऐसे व्यवहार को बढ़ावा देते है,जबकि यह नकारात्मक है। विद्यार्थियों में नोट्स, किताब शेयर करने की आदत विकसित करनी चाहिए, न कि उन्हें अपने पास दबाकर रखनी चाहिए। बांटने की आदत से विद्यार्थी में विकास होता है, मस्तिष्क विकास करता है। नेतृत्व करने का गुण विकसित होता है। व्यवहार और व्यक्तित्व महान बनता है, लेकिन भारतीय समाज और परिवार मुंह बांटने या देने की परंपरा नहीं मिलती है। समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं, पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं। गुठली जमीन में रोपेंगे नहीं तो पेड़ नहीं होंगे। फिर फल कहां से खाएंगे? खेतों में अनाज छिटेंगे नहीं तो फसल कैसे लहलहाएगी? अपने बच्चों को हमें अगर बेहतरीन इंसान बनाना है, उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है तो हमें अपने बच्चों को देने का गुण भी सीखना होगा। प्रकृति का नियम है,लेने वाले का हाथ हमेशा नीचे और देने वाले का हाथ हमेशा ऊपर होता है। एक डरा, सहमा और अपने आप में सिमटा बच्चा दुनिया के साथ कदमताल कैसे कर सकता है? भारत को विश्व गुरु बनाना है तो विद्यार्थियों का विकास करना बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी सिर्फ शिक्षक या माता पिता या परिवार या फिर समाज की अकेले नहीं है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी माता-पिता, परिवार, समाज और शिक्षकों की सामूहिक है। किसी एक के प्रयास से कुछ हासिल नहीं होने वाला, सबको मिलकर कोशिश करनी होगी और तब जाकर भारत के विश्व गुरु होने की परिकल्पना साकार होगी।

## सोशल फोरम

# बड़ा सच

चालीस से साठ की उम्र में आप कैसा जीते हैं,आपकी असल खबर इसी बात से लगती है। मेरे वे सभी मित्र जो बाईस-चौबीस की उम्र में खूब कसरत पहलवानी करते थे। पैंतालीस आते-आते ढह गए।

वे जो सरकारी नौकरी के शुरुआती सालों में ईमानदारी और चुस्त प्रशासन की बातें करते थे। देर सवेर सुस्त और भ्रष्ट अधिकारियों में ढल गए,वे जो सच्ची पत्रकारिता की बात करते थे,दलाल बन गए। छात्र राजनीति में जो सर्वहारा और क्रांति की बात करते थे बाद में सुविधा भोगी नेता बन गए,जो खूब सादगी पसंद दिखते थे। महंगी नुमाइशों से आजिज नहीं आते। आप असली आदमी किसे कहेंगे।। पच्चीस साल के उस आदर्शवादी युवा को या कि पचास साल के इस भ्रष्ट प्रौढ़ को। वह संभावना थी यह असलियत है।

सत्य की खोज जारी रही कि नहीं- यह बीस वर्ष उसका लिटमस टेस्ट है। जवानी में प्रायः सभी ईमानदार होते हैं-ऊर्जा और प्रेरणा से ओत-प्रोत,बदलाव और क्रांति की आग से धधकते। धर्म-अधर्म, पूजा-कर्मकांड,सही-गलत।। सभी को अनुभव की कसौटी पर कस कर देख लेना चाहते हैं। मगर मध्य वय वाले आते-आते अधिकतर का फीता ढीला पड़ जाता है।

यह बीस वर्ष बता देते हैं कि आपके भीतर जो कुछ भी था उसकी जड़े कितनी गहरी थीं। चालीस आते-आते सब मुलम्मा उखड़ जाता है और असली धातु सामने आ जाती है। आप जो बातें करते थे उन्हें जीते हैं कि नहीं? आपने जो पढ़ा, सुना, गुना।। उससे कैसा मनुष्य निर्मित हुआ? अगर चालीस से साठ की उम्र में आप वही जीवन जी रहे हैं,जो बाकी सब, तो आप भी वही आदमी हैं जैसे बाकी सब। आपकी कहीं पढ़ी बातें, किताबें, तर्क फिलॉसफी मिट्टी के मोल हैं अगर वह आपके जीवन में जड़ें न जमा सकीं। चालीस से साठ कसौटी है।

तमाम झंझावात और चुनौतियों से जूझने के बाद जिन जीवन मूल्यों पर आप कायम हैं,वही आपकी वास्तविक संपदा है। वही आपके ज्ञान और दर्शन का निचोड़ है,वही आप हैं। इससे इतर आप जो भी बातें करते हैं,वह मूल्यहीन हैं।



डॉ.सलिल समाधिया
जबलपुर

**–फेसबुक वॉल से**

## राग वसंत

# संदली हवाओं पर करती धूप बिछौना

गुनगुनी धूप कुहासे की नमी से भीगी लताओं की पत्तियों को बहुत दुलार से पोंछने लगी। शीत की मार से सिहरा-सिमटा बगल का बूढ़ा वृक्ष कुछ उदास कुछ प्रफुल्ल नजरों से यह देखकर उम्मीद से भर उठा। वह जाग रहा था। उसे याद नहीं कि ठीक से वह कब सोया था। वह जगा ही तो रहता है। मौसम के मिजाज और थपेड़ों से जूझता हुआ वह बूढ़ा वृक्ष नींद के आगोश में जाने के लिए जब भी तैयार हुआ कोई न कोई कारण उसे जागने के लिए विवश करता रहा। उसे सन्नाटा भी सोने नहीं दिया। आज भी सन्नाटे उसे परेशान करते हैं,मगर वह बूढ़ा वृक्ष कभी शिकायत नहीं करता। आखिर सन्नाटे जाएं भी तो जाएं कहां,लेकिन सन्नाटे जब भी वासंतिक परिवेश में जंगल-जंगल घूमते छाते हैं और फिर लौटकर जब अमड़ाइयों में आते हैं तो मंजड़ियों का मधुर संगीत ध्वनित हो उठता है। बूढ़ा वृक्ष प्रसन्नता से लहालोट हो जाता है। उसे नई पौध के उल्लास से ऊर्जा मिलती है।

मनुष्य-समाज का बूढ़ा आदमी भी अपनी नई पीढ़ियों को फूलता-फलता देखकर जिजीविषा से भर जाता है। उसके भीतर भी हरियाली के कल्ले फूटने लगते हैं। वह स्वप्निल हो जाता है और देखता है कि कैसे उसके घर-परिवेश में वासंती ऊर्जा की नवल तरंगें लहरा रही हैं। वसंत सबके लिए आता है। वसंत बिना शोर मचाए आता है मगर हां। जब वह आ जाता है तो शोर मचता है और उस शोर में वसंत भी शामिल हो जाता है,तब वसंत भी शोर मचाता है। साधु की तरह वसंत आता है और चोर-आचरण को ओढ़कर आंख-मिचौली का खेल शुरू कर देता है। वसंत कभी ऐसे ही आया था देवाधिदेव महादेव की समाधि को तोड़ने के लिए। वह आया था रति की केली-क्रियाओं में डूबता-लहराता हुआ। समाधिस्थ शिव को जगाने के लिए राग-रंग-गंध के ज्वार पर ज्वार कामदेव ने उठाए। काम की हर लहर शिव को छूकर निकलती रही। शिव अटल अविचल रहे। शिव को प्रसन्न करने और रिझाने हेतु अनेकानेक प्रयोजनों-संयोजनों से कामदेव ने काम लिए मगर सबके सब विफल रहे। शिव की स्थिति से जैसे ही महादेव विलग हुए कि कामदेव को सफलता मिल गई। महादेव की समाधि टूटी। उनका शिवत्व जाग गया। उन्होंने काम को भस्म कर दिया। काम अनंग हो गया। वसंत के साथ चुपके से आ जाता है अनंग और अंग-अंग में मरोड़ उठाने लगता है। समस्त इंद्रियां काम के वशीभूत हो जाती हैं। दृष्टि, श्रवण, स्पर्श, गंध और स्वाद सब जागृत हो जाते हैं और कसमसाने लगते हैं। वसंत की मादकता,उसकी रसमयता,उसकी चंचलता सब वेगवती हो जाती है। वसंत के उफान को संभालना सबके बस की बात नहीं है। महायोगी भगवान शंकर हों या योगेश्वर श्रीकृष्ण सबने वासंतिक प्रहार का रूपांतरण किया और उसे प्रेम में उदात्त बना दिया। प्रेम वसंत का शाश्वत अमृतत्व है। प्रेम में अंतर्भुक्त होकर अनंग अंतरंग हो जाता है, अनंत छंद बन जाता है,परम आनंद का विराट वैभव हो जाता है। शिव काम को अंतर्लीन करके प्रेम के महा ऐश्वर्य हो गए, वे अर्धनारीश्वर हो गए।

वसंत के आते ही धरती का बहुरंगा कुसुमित आंचल वातावरण में लहरने-फहरने लगता है। गंध की तरंगों पर मचलती हुई मलय बयार संदल-संदल हो उठती है। बहकी-बहकी चाल के साथ बहती हुई बयार जिधर से भी गुजरती है उधर को बौरा देती है। बौरा जाता है बौर-बौर। बौरा जाते हैं भौंरों के दल के दल। बौराया वन-उपवन गंध और गुंजारों से गूंज उठता है। बागों का नजारा देखने योग्य हो जाता है - कलियों की अठखेलियां,बौराई हर डाल।/ पात पात में झूमती,आतुर छूती गाल।।वसंत की धूल भी फूलों से होड़ लेने लगती है। छोटे- बड़े चिड़ियों के झुंड पर झुंड बवंडर बनकर उड़ने-फिरने लगते हैं। रंग-बिरंगी तितलियां भी निःशब्द फूलों की महमह करती खिली-अधखिली पंखुड़ियों पर हौले से बैठ जाती हैं। जाने कैसे परागों को पीती हैं तितलियां कि पराग उनके पंखों में फैलकर जम जाता है। छूते ही तितलियों के पंख झर जाते हैं पराग और मुलायमियत की गुदगुदी से तृप्त हो जाती हैं उंगलियां।

वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन-कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं। ये तो शांत,स्निग्ध,निश्छल,ज्योत्स्ना स्नात सदा निर्मल और निर्द्वंद्व होती हैं। निर्द्वंद्व को भी छल-छंद में फंसकर विवश हो जाना पड़ता है। प्रकृति का सौंदर्य जब, जहां, जिस रूप में प्रकट और उजागर होता है वहीं उसे नष्ट करने वाले भी मंडराने लगते हैं। रंग,गंध और सौंदर्य के शत्रु भरे पड़े हैं। आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री लिखते हैं -'गंध की अनंत वेदना वसंत है।' वसंत को देखकर प्रसन्नता होती है,उसे समझकर आश्चर्य होता,उसे जीकर अद्भुत अनुभूतियां होती हैं। वसंत को आत्मसात करके आत्मा आनंदित होती हैं। कहना अत्युक्ति नहीं कि-रोम रोम पुलकित हुआ, फड़क रहे हर अंग।/ जाने किसने कर दिया,मौसम का यह रंग।।



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

**वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन–कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं।**

# विज्ञान समाज का सौतेला बेटा

विज्ञान दिवस का कहीं कोई जिक्र नहीं। इसलिए क्योंकि सौतेले बेटे से काम पूरा लिया जाता है पर उसे सम्मान नहीं दिया जाता,प्यार नहीं किया जाता। प्यार तो हम भावना से करते हैं। विज्ञान तर्क करता है, भावना के आड़े आता है, असुविधा जनक प्रश्न उठाता है। हम मिथकों के आगोश में कहानियों की थपकियों के सहारे सुकून से सोना चाहते हैं,विज्ञान बेदर्द है,नशे का दुश्मन है। इसलिए हम उसे इस्तेमाल कर लेते हैं,पर श्रेय नहीं देते। कितने सुकून में हैं हम लोग वो जमाना भूलकर, जब हजारों लोग हैजे से मर जाते थे। चेचक,टीबी तो बहुत बड़ी बात है, एंटीबायोटिक के आविष्कार से पहले मामूली घाव होने पर भी लोग मर जाते थे। हम जिंदा बचे रहने के लिए कभी विज्ञान का धन्यवाद नहीं करते। कोरोना में कोई चमत्कार काम नहीं आया,कोई धर्म गुरु,धर्म स्थल काम नहीं आया। अब हम बच गए हैं तो उन्हीं बाबाओं के पास फिर पहुंच गए हैं। नए बच्चे इंजीनियरिंग डॉक्टरी की पढ़ाई करते हैं,ताकि नौकरी मिल जाए फिर अपने अंधविश्वासों की आरामगाह में लौट जाते हैं। मेरे एक मित्र की इंजीनियर बेटी ने एक दिन मुझे सुहाग चिन्हों से बीमारी दूर करने का विज्ञान समझाया। इसमें कोई नई बात नहीं है। दुनिया हमेशा से ऐसी ही थी। लोगों ने गैलीलियो से माफी मंगवाई,तर्क की बात करने वाले ब्रूनो को जिंदा जला दिया। इस घटा घोप में,पता नहीं वो कौन लोग थे जिन्होंने संविधान की धारा 51 ए में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने को नागरिकों का कर्तव्य बताया। आज जब हर ओर चमत्कारों का जय घोष है,संविधान के इस प्रावधान पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।



संजय वर्मा
इंदौर

## एक नजर

### दोस्त को सॉरी का मैसेज भेजकर दी जान

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में कर्ज से परेशान होकर युवक ने दोस्त को सॉरी का मैसेज करने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। जिला बांदा चिल्ला अतरहट गांव निवासी 22 वर्षीय अखिलेश कुमार सब्जी विक्रेता था। वह रामादेवी में किराए की दुकान में रहता था। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया है कि अखिलेश सट्टा खेलता था। जिस कारण से उस पर कर्जा था। मंगलवार रात को उसने दुकान में रस्सी से पंखे के कुंडे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी।

### हरदोई में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार :** युवक ने घर से दूर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह वहां पहुंची पुलिस युवक का मोबाइल फोन अपने कब्जे में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। बताया गया है कि कोतवाली शहर के राजेपुर निवासी 21 वर्षीय शैलेन्द्र कुमार पुत्र चन्द प्रकाश अपनी तीन बहनों के बीच इकलौता भाई था। उसकी शादी नही हुई थी। शैलेन्द्र मेहनत-मज़दूरी करता था। मां-बाप की पहले ही मौत हो चुकी है। पुलिस ने मोबाइल कब्ज़े में ले लिया।

### दस दिन से लापता अधेड़ का बाग में पड़ा मिला शव

**हरदोई :** बाज़ार के लिए घर से निकला अधेड़ लापता हो गया,उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नही लगा। उसके बाद कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। बुधवार को लापता अधेड़ का शव उसी के भतीजे के बाग में पड़ा मिला।

# सड़क हादसों में सात लोगों की मौत

**लखनऊ:प्रदेश में बुधवार को हुए अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई। बांदा में बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में बाइक पर सवार मां, दो बेटे और बेटी की मौत हो गई। उधर, अमेठी के गौरीगंज थाना क्षेत्र में कार पेड़ से टकरा गई। जिसमें तीन लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।**

## बांदा में बाइक डिवाइडर से टकराई, चार ने गंवाई जान



दुर्घटना के बाद मौका मुआयना करती पुलिस। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार :** बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे बाइक पर सवार मां, दो बेटे और बेटी की मौत हो गई। एएसपी, सीओ नरैनी व कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी लाला भइया पत्नी सीमा (38) दो पुत्र रवि (18) व बाबू (6) तथा पुत्री आरती (8) के साथ साले अमित की ससुराल लामा गांव विवाह समारोह में गए थे। बुधवार दोपहर लाला भइया बस से गांव के लिए चले। बेटा रवि अपनी मां सीमा, भाई बाबू और बहन आरती को बाइक से लेकर बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे से गांव लौट रहा था।

बेलगांव पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। रवि और बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। घायल सीमा व आरती को पुलिस ने अस्पताल भेजा। जहां सीमा और आरती ने भी दम तोड़ दिया।

## अमेठी में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, 3 की मौत

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** गौरीगंज थाना क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हुआ है। मंगलवार की देर रात तकरीबन दो बजे हुए इस सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि तीन गंभीर रूप से घायलों को रायबरेली एम्स में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि ये सभी रायबरेली से अमेठी एक बारात में शामिल होने के लिए मंगलवार को आये थे। वैवाहिक कार्यक्रम के बाद ये सभी कार से वापस रायबरेली जा रहे थे। इसी बीच टिकरिया गांव के पास बारातियों की कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक महिला और दो पुरुष गंभीर हाल में एम्स रायबरेली में भर्ती किये गए हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि देर रात्रि करीब दो बजे तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस के साथ ही एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ एम्बुलेंस कर्मियों ने गाड़ी का शीशा तोड़कर सभी को बाहर निकाला और इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

### रायबरेली और जौनपुर निवासी थे मृतक

घटना में कार सवार 6 लोगों घायलों में अनुष्का सिंह पत्नी आरपी सिंह (23) निवासी ताला गोपालपुर थाना भदोखर रायबरेली, निहारिका सिंह पुत्री संतोष सिंह (19) निवासी पहाड़पुर थाना महाराजगंज रायबरेली, आलोक सिंह पुत्र गोपाल गंज (55) निवासी पहाड़पुर थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं मृतकों में संतोष सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह (45) निवासी पहाड़पुर थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली, दीपा सिंह पत्नी अनिल सिंह राजपूत (30) निवासी रामपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर, मनवीर सिंह पुत्र हरिनाथ सिंह निवासी पहाड़पुर थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली की मौत हो गई है।

## हत्या के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**अयोध्या कार्यालय:** जिला पंचायत सदस्य गुल्लू सिंह की हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी पाते हुए मुख्य अभियुक्त को 10 साल कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 17,000 जुर्माना भी हुआ है। फैसला जिला गौरव कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट से बुधवार को हुआ। प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता अभय वैस्य व एडीजीसी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि ईट गांव निवासी जिपंस संजय सिंह अपनी गाड़ी से मिल्कीपुर जा रहे थे। उमाशंकर के मकान के पास गाड़ी को ओवरटेक करके विक्की उर्फ विपिन कुमार ने रोक लिया। उसके साथ आए उमाशंकर, गिरजा शंकर व रमाकांत ने संजय को घेर कर लाठी,फरसा, बल्लम व बंदूक की बट से तब तक मारा जब तक उनकी मौत नहीं हो गई।

## रंजिश में हिंदू-मुस्लिम एकता संगठन के महामंत्री की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मोहम्मद इमरान।

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हिंदू मुस्लिम एकता संगठन के महामंत्री की रॉड और ईंट पत्थरों से सिर कूंचकर नृशंस हत्या कर दी गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। महामंत्री के भाई की तहरीर पर एक नामजद समेत दो से तीन अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। रेलबाजार के बर्तन वाली गली निवासी 44 वर्षीय मोहम्मद इमरान ट्रक बॉडी का काम करते थे। वह रेलबाजार की हिंदू मुस्लिम एकता संगठन के महामंत्री थे। परिवार में पत्नी शबनम, मां शकीना खातून और तीन बच्चे आफरीन, मायरा और अफीफा हैं। वह पांच भाइयों में तीसरे नबंर के थे। भाइयों ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाले दबंग अफ्फान कुरैशी से पूर्व में कई बार विवाद हो चुका था। इस बात को लेकर वह रंजिश मानता था। उन लोगों ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे अफ्फान ने इमरान को फोन कर साथ में चलने के लिए कहा था पर उन्होंने एक जन्मदिन पार्टी में होने की बात कही। भाइयों ने बताया कि कुछ देर बाद अफ्फान साथियों संग घर पहुंचा और इमरान के साथ कार से चला गया।

## राम मंदिर : स्थापित किए चार रजत कलश

अयोध्या कार्यालय



अनुष्ठान करते वैदिक आचार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुरू हुए मंडप उत्सव के 38 वें दिन बुधवार को वैदिक आचार्यों ने विधि विधानपूर्वक चार रजत कलश स्थापित किया। अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन पूजन-अर्चन, रामार्चा का पाठ और हवन कुंड में वैदिक मंत्रों के बीच आहुतियां डाली जा रही हैं। इसके अलावा रामलला की रजत प्रतिमा को प्रतिदिन परिसर भ्रमण भी कर जा रहा है। कर्नाटक के कन्नड़ जिले के कूमटा के चार्टर्ड अकाउंटेंट योगीश कामथ शामिल हुए। पूजन के बाद उन्होंने पेंडेंट लगी 110 ग्राम की एक स्वर्ण माला समर्पित की।

# वीके सिंह ने भक्तों पर की पुष्पवर्षा

## अचानक अयोध्या पहुंचे केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री

अयोध्या कार्यालय



अयोध्या कैंट स्टेशन पर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करते वीके सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह बुधवार को अचानक अयोध्या पहुंच गए। उन्होंने अयोध्या कैंट स्टेशन पर गाजियाबाद से आई आस्था स्पेशल ट्रेन के यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उनका दो जगहों पर कार्यक्रम लगा था। इसलिए उनकी बेटी खुद ट्रेन से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या पहुंची है।

वीके सिंह ने बताया कि गाजियाबाद से करीब 1500 राम भक्त अयोध्या पहुंचे हैं। भक्तों में रामलला का दर्शन करने के लिए गजब का उत्साह है। उन्होंने बताया कि मैंने ही गाजियाबाद से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अब गुरुवार को यहां से श्रद्धालुओं को रवाना भी करूंगा। राज्यसभा चुनाव में सपा की क्रॉस वोटिंग के मामले में कहा कि सभी को भाजपा की विचारधारा से लगाव है।

अगर उन विधायकों ने अपने प्रत्याशियों को वोट नहीं दिया तो मान कर चलिए वह भी चाहते हैं देश का विकास हो। गठबंधन तो कई बार बने।

2019 में भी गठबंधन हुआ था, लेकिन उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। भाजपा अपने आप में सक्षम है। भाजपा का कार्यकर्ता जिस दिन चुनाव खत्म होता है उस दिन से अगले चुनाव की तैयारी में जुट जाता है।

## स्वच्छता अभियान का सच





महानगर की सफाई व्यवस्था देखना है तो गली कूचों में आइए। मुख्य मार्ग तो भले ही स्वच्छ हों लेकिन नगर की गलियों की हालत बदतर है। पहली तस्वीर नगर कोतवाली के पीछे की है जहां जलभराव और गंदगी साफ दिख रही है। दूसरी तस्वीर नेवातीपुरा मार्ग की है जहां कूड़ा डंप पड़ा है। आने-जाने वाले नाक पर रुमाल रखने को मजबूर होते हैं। फोटो : प्रशांत शेखर

## सार-संक्षेप

### धर्म परिवर्तन के मामले में जमानत अर्जी खारिज

**कानपुर :** बहला-फुसला कर धर्मपरिवर्तन कराने के मामले में बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश (21) विनय सिंह की अदालत ने अभियुक्त मौलाना सैय्यद शाह उर्फ मो. शाद की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। एडीजीसी विवेक शुक्ला ने बताया कि नाबालिग पीड़ित को प्रलोभन व लालच देकर धर्म परिवर्तन किया गया था। पीड़ित को मस्जिद में कलमा पढ़ाकर धर्म परिवर्तन किया गया। पुलिस की जांच में सामने आया कि अभियुक्त ने धर्म परिवर्तन करने पर लाभ होने, जन्नत मिलने की बात कही थी। तर्क में कहा गया कि प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करना किसी व्यक्ति विशेष के प्रति ही नहीं, समाज और राष्ट्र के प्रति भी अपराध है। वहीं बचाव पक्ष की ओर से तर्क दिया गया कि अभियुक्त बेगुनाह है उसे फंसाया गया है। एफआईआर में पीड़ित को किसी प्रकार की न तो प्रताड़ना देना कहा गया और न ही कोई कष्ट देने या चोट आना बताया गया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

### दरोगा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी से भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में वादी गवाह तत्कालीन दरोगा आरपी शाही के खिलाफ विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने गैर जमानतीय वारंट जारी किया है। बचाव पक्ष के वकील राजेश सिंह ने बताया साक्ष्य के लिए जरिए एसपी बीती तारीख पर दरोगा आरपी शाही को तलब किया गया था। परंतु कोर्ट में गवाही देने बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। जिसपर कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर सुनवाई के लिए छह मार्च की तारीख नियत की है। गौरतलब है कि अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### एक लाख का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**संवाददाता, कानपुर :** अपराध करके 32 दिनों से फरार चल रहे एक लाख के इनामिया हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। टीम उसे कानपुर ला रही है। अजय ठाकुर बर्रा थाने से हत्या के प्रयास के मामले में वांछित है। जरौली निवासी हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर ने जनवरी माह में अभय भदौरिया, अर्पित ठाकुर, शिवांग, अभय, टोबो समेत आठ लोगों ने मिलकर अपना दल एस के तीसरी बार के जिलाध्यक्ष बने नवीन श्रीवास्तव के स्वागत जुलूस में पथराव कर दिया था। दूसरा मामला एक किशोरी का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल कर रहा था। तबसे आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर पहले 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद राशि बढ़ाकर 50 हजार कर दी गई थी। तब भी सुराग न मिलने पर इनाम की राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया था। इसी हिस्ट्रीशीटर ने जरौली में रहने वाली नाबालिग से तीन मार्च 2023 को उसके इंस्टाग्राम के दोस्त विनय ठाकुर के साथ मिलकर एक हुक्काबार में बुलाकर गैंगरेप किया था। पुलिस के अनुसार अजय ठाकुर की उम्र 32 वर्ष बताई जाती है।

### धमकी देकर महिला से दुष्कर्म में युवक को 10 साल की कैद

**अयोध्या कार्यालय :** विवाहिता का अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 60,000 जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने में से आधा बतौर प्रतिकर पीड़िता को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज यशपाल की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय ने बताया कि हैदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में अभियुक्त अनिल कुमार निषाद ने गांव की ही एक विवाहिता की नहाते समय अश्लील तस्वीर खींच ली। उस तस्वीर की फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। यही नहीं धमकी देकर विवाहिता से 60000 रुपये भी वसूल लिया। विवाहिता ने इसकी रिपोर्ट 21 जून 2023 को लिखाई। एक महीना दो दिन में पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। 27 अक्टूबर 2023 को आरोप बना और बुधवार को कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### बैंक प्रबंधक समेत तीन पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**फर्रुखाबाद।** न्यायालय के आदेश पर बैंक प्रबंधक, फील्ड ऑफीसर समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोप है कि बैंक प्रबंधक ने जालसाजी कर दूसरे के खाते में 7.72 लाख रुपये ट्रांसफर करवा दिए। कायमगंज कोतवाली के मोहल्ला बगिया सोहनलाल निवासी दिव्यांग नीरज गुप्ता ने सीजेएम कोर्ट में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक उमाशंकर यादव, फील्ड ऑफीसर राघवेंद्र कुमार जाटव, मोहल्ला नोनियमगंज निवासी दलाल धीरज कौशल के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया। उसका बैंक में खाता है। दलाल धीरज कौशल के माध्यम से बैंक में लोन के लिए आवेदन किया। दलाल धीरज ने बैंक के प्रबंधक व फील्ड ऑफीसर से मिलवाया।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा

**सरसौल (कानपुर) :** कस्बे की एक महिला ने एक युवक पर 13 साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस आयुक्त से शिकायत के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई। महिला के मुताबिक उसका पति विकलांग है। कस्बे का पिंटू यादव बेटी से अक्सर छेड़छाड़ करता है। एक पखवाड़े पहले उसके घर जाकर शिकायत की तो घर वालों ने मिलकर पीट दिया। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने पुलिस कमिश्नर आफिस जाकर शिकायत की। बाद में पुलिस ने पिंटू, उसके पिता रंजीत यादव सहित सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की।

### पति को अंतरिम गुजारा भत्ता देने का आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** परिवार न्यायालय ने गर्भवती पत्नी को तलाक देने का मुकदमा दायर करने वाले पति के विरुद्ध मुकदमे के दौरान अंतरिम गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है। न्यायाधीश मधु गुप्ता ने भुगतान न करने पर एक महीने के कारावास की चेतावनी भी दी है। मामला शहर में रहने वाली एक विवाहिता का है। जिसका विवाह भक्ति नगर कॉलोनी पांडेयपुर वाराणसी के अभय कुमार श्रीवास्तव के साथ अप्रैल 2021 में हुआ था। उन्होंने पति व ससुरालीजनों पर एफआईआर किया था।

# गैंगरेप के आरोपियों को उम्रकैद की सजा

संवाददाता, सीतापुर

**कोर्ट से**

- वर्ष 2020 में किशोरी से दुष्कर्म कर आरोपियों ने वायरल किया था वीडियो
- कोर्ट ने आरोपियों पर 17 लाख 30 हजार का लगाया जुर्माना

**अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में चार साल पहले हुए नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म व वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपियों को पॉक्सो कोर्ट ने दोषी करार देते हुए दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपियों पर 17 लाख 30 हजार रुपये अर्थदंड की भी सजा सुनाया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दोषियों को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

बताते चलें कि वर्ष 07 जुलाई 2020 को इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में नाबालिग वादिनी ने शीबू और नाजिम सहित तीन अन्य अज्ञात पर सामूहिक दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप में तहरीर देकर एससी/एसटी और सामूहिक दुष्कर्म सहित आईटी एक्ट की संगीन धाराओं में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमे की विवेचना के दौरान 6 अभियुक्तों के नाम प्रकाश में लाये। इस आरोपियों में अभियुक्त आसिफ को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान व शेष अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।

## बहन की हत्या कर झाड़ी में फेंका शव

हरदोई



घटना की जांच करती पुलिस।

**अमृत विचार।** प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद युवती के भाई ने गला रेतकर बहन की हत्या कर दी। इसके बाद शव झाड़ियों में फेंक दिया। युवती आरोपी भाई और भाभी के साथ ईट-भट्ठे पर मज़दूरी करती थी। युवती का शव मिलते ही हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। पूछताछ करने पर आरोपी की पत्नी ने सारी घटना की सच्चाई बता दी। सूचना मिलने पर एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार व सीओ सिटी अंकित कुमार भी फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

कछौना कोतवाली के रैंसों में ईट-भट्ठे पर मज़दूरी करने वाले मज़दूर वहीं झोपड़ी डाल कर रहते है। पिहानी कोतवाली के सिमौर निवासी मदनू की पुत्री साहिबा (20) अपने भाई साजिद और भाभी के साथ ईंट-भट्ठे पर मज़दूरी कर वहीं झोपड़ी डाल कर रहती थी। साहिबा का वहीं मज़दूरी करने वाले जलील पुत्र भुल्ले के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। साजिद को जब इसका पता चला तो उसने बहन को कई बार रोका-टोका लेकिन साहिबा नहीं मानी। साजिद ने बहन साहिबा और उसके प्रेमी को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। इसके बाद से नाराज साजिद ने मंगलवार की रात चाकू से गला रेत कर साहिबा की हत्या कर दी और शव झाड़ियों में फेंक दिया। बुधवार की सुबह झाड़ियों में शव मिलने से वहां हड़कंप मच गया। एसएचओ कछौना राकेश कुमार यादव पूछताछ के लिए ईंट-भट्ठे पर पहुंचे।

### हत्या के बाद शव जलाने की थी तैयारी

कछौना के रैंसों की झाड़ियों में पाए गए शव को फूंकने की पूरी तैयारी थी, लेकिन अपनी सगी को मौत के घाट उतारने वाले उसके भाई की हिम्मत जवाब दे गई। ऐसी बातें इस वजह से कहीं जा रहीं है कि जहां शव पड़ा हुआ था,वहीं पास में साहिबा की चप्पल,एक प्लास्टिक की बोतल और माचिस भी पड़ी हुई थी। फिलहाल पुलिस के अलावा फॉरेंसिक व एक्सपर्ट टीम हर एक पहलू से जांच कर रही है।

## पेड़ से लटके मिले दो किशोरियों के शव

**कानपुर।** घाटमपुर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ईंट भट्ठे में काम करने वाली दो नाबालिग किशोरियों के शव घर के पास पेड़ पर लटकते मिले। दोनों किशोरियां शाम से गायब थीं। पुलिस और फोरेंसिक ने मामले की जांच शुरू की।

जिला हमीरपुर के सिसौलर गांव निवासी रामप्रकाश की 14 वर्षीय बेटी अंजली और राकेश की 16 वर्षीय बेटी प्रीति के शव बुधवार देर रात बरौली गांव में ईंट भट्ठे के पास पेड़ पर फंदे पर लटकते मिले। परिजनों ने पुलिस को बताया कि दोनों किशोरियां देर शाम से गायब थीं। परिजन ईंट भट्ठे में रहने वालों के साथ उन्हें ढूंढ रहे थे। घटना के कारणों का पुलिस पता लगा रही है। सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। घाटमपुर पुलिस ने बताया फोरेंसिक टीम ने जांच की है।

**रामोत्सव** लखनऊ, उत्तराखंड और उज्जैन के कलाकारों ने पेश किए कार्यक्रम

# रामकथा पार्क में बरसा भक्ति का रंग

अयोध्या कार्यालय





रामकथा पार्क में आयोजित रामोत्सव में प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामकथा पार्क में भक्त रामरंग की होली में सराबोर होते रहे। मर्यादा और भक्ति का संगम सुर, ताल के साथ अवध की होली ने सभी को आनंदित किया।

लखनऊ की निधि श्रीवास्तव और उनके दल ने मंगलवार शाम रामोत्सव में होली खेलत अवध के नर नारी,से राम सिया की होली का आरंभ किया। इसके बाद होली खेलत अवध में श्रीराम, लखन सिया के संग और होली खेल रही सिया सरकार,प्रेम रंग बरस रहा पर भाव नृत्य किया। उत्तराखंड के कलाकारों ने पहाड़ों पर कठिन जीवन शैली को सरलता से जीने की राह बताते हुए घसियारी नृत्य किया । इसके बाद पहाड़ों की निश्छलता को व्यक्त करता लोक नृत्य मैं पहाड़न,मेरा देश पहाड़ी सभी को मुग्ध कर गया। इस दल की 75 वर्षीय सुषमा का नृत्य प्रेरक रहा। उज्जैन से आए लोक गुंजन के कलाकारों ने लोक गीत डाक बाबू पर नृत्य करके भगवान राम के दरबार में अपनी प्रार्थना की। इसके बाद ढोल की धुन पर पारंपरिक राजस्थानी नृत्य किया।

नमामी भक्त वत्सलम पर भाव नृत्य प्रस्तुत अनेष रावत और उनके दल ने प्रस्तुत किया। राम भजो पर मिताली वर्मा,वर्तिका और सोनम ने राम वंदना प्रस्तुत करके कथक के जादू में सभी को बांध लिया। राजस्थान से आए कैलाश नारायण और दल के कलाकारों ने चकरी नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया।

## बर्रा में 4 कंकाल, नरमुंड हड्डियां मिलने से सनसनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में बुधवार दोपहर एक खाली प्लॉट में 4 नरकंकाल, मानव नरमुंड और हड्डियां मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद नरकंकालों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। नरकंकाल 10-15 साल पुराने बताए जा रहे हैं। नरमुंडों में सिंदूर के निशान मिले हैं। पुलिस की टीमें आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही हैं।

दामोदर नगर स्थित वैष्णो माता मंदिर के पास काफी समय से खाली पड़े एक प्लॉट में दोपहर करीब दो बजे के आसपास नरकंकाल और नरमुंड मिलने से सनसनी फैल गई। भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। एडीसीपी अंकिता शर्मा, एसीपी मंजय कुमार समेत बर्रा थाने का फोर्स मौके पर पहुंच गया। आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ शुरू की गई। स्थानीय लोगों ने अफसरों को बताया कि मंगलवार को प्लॉट में नरकंकाल नहीं थे। बुधवार को अचानक यहां आ गए। लोगों ने तंत्रमंत्र का मामला बताया। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने रात के अंधेरे में इन्हें यहां फेंका।

## एक नजर

### नोएडा में शादी समारोह में हर्ष फायरिंग में युवक घायल

नोएडा : ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार को एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग में 19 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया और उसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि थाना रबूपुरा क्षेत्र के खेरली भाव गांव में एक बारात आई थी। बारात में अट्टा गांव के रहने वाला जीशान वर पक्ष की तरफ से आया हुआ था। उन्होंने बताया कि शादी में वधू के चचेरे भाई दानिश ने हर्ष फायरिंग की और पास मे ही खड़े जीशान को गोली जा लगी। उसे अत्यंत गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में लौटे रॉय

कोलकाता : पश्चिम बंगाल में कलियागंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौमेन रॉय बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी ने यह जानकारी दी। श्री रॉय ने 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की थी और चार महीने बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। मई 2021 में कालियागंज सीट (उत्तरी दिनाजपुर) जीतने के बाद श्री रॉय सितंबर में सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गए थे। अप्रैल–मई में होने वाले संभावित लोकसभा चुनाव से पहले श्री रॉय की कमल के निशान पर वापसी हुई।

### ठाणे में झुग्गी बस्ती में आग एक की मौत, कई झुलसे

मुंबई : महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भयंदर में बुधवार को एक झुग्गी बस्ती में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य झुलस गए। खबरों के मुताबिक, भयंदर (पूर्व) के आजाद नगर झुग्गी इलाके में आज तड़के आग लग गई। आग को बुझाने के लिए कम से कम 24 दमकल गाड़ियां और लगभग 134 दमकलकर्मी लगे हुए थे। दमकलकर्मियों ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने और बचाव अभियान के दौरान दीपक चौरसिया उर्फ पप्पू (42) नामक व्यक्ति की जलने से मौत हो गई। वहीं दो बच्चों सहित पांच लोग और शिवाजी सावंत, संतोष पाटिल और हितेश सहित तीन अग्निशमन कर्मी झुलस गए।

### कुलदीप कुमार ने संभाला चंडीगढ़ महापौर का पदभार

चंडीगढ़ : आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद कुलदीप कुमार ने बुधवार को चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर का पदभार संभाला। एक सप्ताह पहले उच्चतम न्यायालय ने उन्हें निगम का प्रमुख घोषित किया था। पवन बंसल, एच एस लकी, एस एस आहलुवालिया, प्रदीप छाबड़ा समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस एवं आप नेता और पार्षद इस मौके पर मौजूद थे। बीस फरवरी को शीर्ष अदालत ने महापौर चुनाव के नतीजे को पलटते हुए कुमार को चंडीगढ़ नगर निगम का नया महापौर घोषित किया था।

# सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : अमित शाह

नयी दिल्ली, एजेंसी



किसान सम्मान निधि से करोड़ों किसानों को मिला लाभ

केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में डाली जा चुकी है। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यह बात कही।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एक केंद्रीय योजना है, जिसमें भारत सरकार सौ प्रतिशत योगदान देती है। यह योजना एक दिसंबर, 2018 से चालू है। योजना के तहत, जिन किसानों के पास खेत हैं, उन्हें तीन समान किस्तों में हर साल 6,000 रुपये दिए जाते हैं। यह धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त के तहत 21 हजार करोड़ से अधिक की राशि नौ करोड़ से अधिक किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में भेजेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से अब तक करोड़ों किसानों को फायदा हुआ है। उन्होंने आगे लिखा कि अबतक सम्मान निधि से करोड़ों किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्हें तीन लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से दी गई है। डीबीटी के जरिये भुगतान करने वाली यह दुनिया की सबसे बड़ी योजना है।

## धामी सरकार ने पारित किया गिरोहबंद एक्ट, तस्करों पर भी कसेगा शिकंजा

# गो तस्करी और गोहत्या पर लगेगा गैंगस्टर

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में गोवंशीय पशुओं की हत्या व तस्करी पर कड़ा शिकंजा कसने की तैयारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने विधानसभा सदन में गिरोहबंद एक्ट पारित किया है। सदन में मंजूरी मिलने के बाद अब इस एक्ट को राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से बनाए इस एक्ट में गो हत्या, गो तस्करी करने वाले आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में एक संवैधानिक पंक्ति की कमी की वजह से यह



"उत्तराखंड के गैंगस्टर एक्ट में कुछ नए विषय जोड़े गए हैं, हम बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए जनता के प्रति अपना कर्तव्य पूरा कर रहे हैं। देवभूमि में गो तस्करी, गो हत्या करने वाले कानूनी दांवपेच में बच जा रहे थे। इसके अलावा कुछ और महत्वपूर्ण विषय थे जो कि हल्द्वानी बनभूलपुरा हिंसा के बाद समीक्षा बैठक में सामने आए थे। इस पर गृह मंत्रालय और पुलिस विभाग ने मिलकर गिरोह बंदी एक्ट में संशोधन के प्रस्ताव को तैयार किया है। यह एक्ट विधानसभा सदन में मंजूर हो गया है, अब इसे राज्यपाल को भेजा जाएगा।" – **पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री उत्तराखंड

एक्ट गो तस्करी और गोहत्या करने वालों पर लागू नहीं हो पा रहा था, आरोपी इस खामी का फायदा उठा कर आसानी से रिहा हो रहे थे।

सरकार ने इसकी धारा 2 में अब संशोधन करते हुए विधानसभा से इसे पारित कर दिया है। इसमें गो वंशीय पशुओं के अवैध परिवहन में संलिप्तता पाए जाने पर भी गैंगस्टर लगाई जा सकेगी। संशोधन के बाद बाल श्रम कराने वालों, यौन शौषण करने वालों, अंग काटने वालों के अलावा जाली करेंसी का मुद्रण, परिवहन, परिचालन, नकली

सदन से मंजूरी मिलने के बाद एक्ट को स्वीकृति के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा

दवाई बनाने वालों के खिलाफ भी गैंगस्टर की धारा लगाई जा सकेगी।

नए गिरोह बंद एक्ट में वन्यजीव की हत्या करने और वन उत्पादों यानी लकड़ी चोरी और तस्करी करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई का प्रावधान है। इसी तरह साइबर आईटी क्राइम, नकल करने और कराने वालों, पशु क्रूरता, राज्य की सुरक्षा लोक व्यवस्था और जीवन गति प्रभावित करने वालों के खिलाफ भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

# मुझे विदाई देना चाहते हैं तो मैं तैयार हूं : कमलनाथ

एजेंसी, छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा में कांग्रेस नेता ने पार्टी कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलों को खारिज करने के एक दिन बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह अपने आप को उन पर नहीं थोपेंगे और अगर वे चाहते हैं तो वह पार्टी छोड़ देंगे।

अपने गढ़ छिंदवाड़ा के हर्रई में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए 77 वर्षीय नेता ने कहा कि उन्हें कई वर्षों से कार्यकर्ताओं का प्यार और विश्वास मिलता रहा है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर आप कमलनाथ को विदाई देना चाहते हैं तो यह आपकी मर्जी है। मैं जाने के लिए तैयार हूं। मैं खुद को आप पर थोपना नहीं चाहता। यह आपकी मर्जी का मामला है। कमलनाथ के बेटे नुकलनाथ छिंदवाड़ा सीट से सांसद हैं। कमलनाथ ने पहले ही घोषणा की थी कि उनका बेटा नकुल दोबारा इस सीट से चुनाव लड़ेंगे। छिंदवाड़ा विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा अपने आप को आक्रामक रूप से पेश करती है लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घबराना नहीं चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमें भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए वोट करना होगा और मुझे आप सब पर विश्वास है। कमलनाथ ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम का मंदिर सभी का है और भाजपा को इसके निर्माण का श्रेय नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्या राम मंदिर भाजपा का है? यह मेरे समेत सभी लोगों का है। मंदिर का निर्माण जनता के पैसों से हुआ है। उच्चतम न्यायालय ने एक फैसला दिया और चूंकि वे (भाजपा) सत्ता में हैं तो उन्होंने मंदिर का निर्माण किया है। कमलनाथ ने यह भी कहा कि वह भगवान राम की पूजा करते हैं और उन्होंने छिंदवाड़ा में अपनी जमीन पर भगवान हनुमान का एक बड़ा मंदिर बनवाया है। उन्होंने कहा कि हम धार्मिक प्रवृत्ति के लोग हैं और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हैं। भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को कहा था कि ये अटकलें मीडिया की उपज थीं और उन्होंने कभी ऐसा बयान नहीं दिया। कमलनाथ ने पत्रकारों से कहा था कि आप (मीडिया) ऐसी अटकलें लगा रहे हैं तथा कोई और ऐसा नहीं कह रहा है। क्या आपने कभी मुझसे ऐसा सुना है? आप खबर चलाते हैं और मुझसे पूछते हैं... आपको इस खबर का खंडन करना चाहिए।

# केंद्र सरकार किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार : मुंडा

एजेंसी, नयी दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि सरकार प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन अभी तक कोई बैठक तय नहीं हुई है।

मुंडा ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सोसायटी की 95वीं वार्षिक आम बैठक में यह भी कहा कि इस संबंध में जल्द समाधान खोजने की जरूरत है। किसान समूहों के साथ अगले दौर की वार्ता की योजना के बारे में पूछने पर मुंडा ने कहा कि अभी कुछ नहीं है। उन्होंने हालांकि

छिंदवाड़ा में कांग्रेस नेता ने पार्टी कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

कहा कि समाधान निकालने की जरूरत है और इसलिए बातचीत की जाएगी। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अपनी मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए दिल्ली चलो मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं।

इससे पहले, मुंडा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान समुदाय के कल्याण के लिए जलवायु परिवर्तन और मिट्टी के कटाव की चुनौतियों से निपटने पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार अब देश की पोषण सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मुंडा ने यह भी कहा कि आईसीएआर ने पिछले 10 वर्षों में अधिक उपज देने वाली 2,279 किस्मों के बीज तैयार किए हैं, जबकि संप्रग सरकार के दौरान 1,225 किस्में तैयार की गईं थीं। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि आज भारत दूध और दालों का दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक है। चावल, गेहूं, सब्जियों, फलों और मछली के उत्पादन में देश दूसरे स्थान पर है।

# विधानसभा सचिवालय में हुई नियुक्तियों के मामले में हाईकोर्ट ने तलब किया जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल



अगली सुनवाई अब 20 जून को होगी

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिवालय में हुई अवैध नियुक्तियों के खिलाफ दायर दो जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने विधानसभा सचिवालय को 6 फरवरी 2003 के शासनादेश के तहत मामले में शामिल लोगों पर कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए सचिवालय से जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 20 जून की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार अभिनव थापर व बैजनाथ ने अलग अलग जनहित याचिकाएं दायर की हैं। अभिनव थापर की जनहित याचिका में विधानसभा सचिवालय में हुई बैकडोर भर्ती, भ्रष्टाचार व अनियमितताओं को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा कि एक जांच समीति बनाकर वर्ष 2016 के बाद की विधानसभा सचिवालय में हुई भर्तियों को निरस्त कर दिया जबकि उससे पहले की नियुक्तियों को निरस्त नहीं किया। सचिवालय में यह घोटाला वर्ष 2000 में राज्य बनने से अब तक होता रहा है। इस पर सरकार ने अनदेखी कर रखी है। दूसरी जनहित याचिका में विधानसभा सचिवालय के सचिव की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि सरकार ने 6 फरवरी 2003 का शासनादेश जिसमें तदर्थ नियुक्ति पर रोक, संविधान का अनुच्छेद 14, 16 व 187 का उल्लंघन है। जिसमें हर नागरिक को सरकारी नौकरियों में समान अधिकार व नियमानुसार भर्ती होने का प्रावधान है और उप्र विधानसभा की 1974 की सेवा नियमावली तथा उत्तराखंड विधानसभा की 2011 नियमवलयों का उल्लंघन किया गया है।

## उमर खालिद की जमानत याचिका पर जवाब-तलब

नयी दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगे मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर पुलिस से जवाब तलब किया। खालिद 2020 के उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगों की कथित व्यापक साजिश का आरोपी है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी नियमित जमानत संबंधी खालिद की नयी अर्जी पर सुनवाई कर रहे थे। खालिद पर कड़े गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अदालत ने कहा कि दस्तावेजों के साथ जमानत अर्जी की प्रति अभियोजन पक्ष को पहले ही प्रदान की जा चुकी है। अभियोजन पक्ष को वर्तमान जमानत अर्जी का जवाब अगली तारीख पर दायर करना होगा, जिसकी अग्रिम प्रति याचिकाकर्ता (खालिद) के वकील को भेजी जाएगी।'' जमानत अर्जी पर जवाब दाखिल करने और बहस के लिए 11 मार्च की तारीख तय की गई है।

# संसद खनिज भूमि पर क्या राज्यों के कर पर सीमा तय कर सकती है

एजेंसी, नयी दिल्ली



रॉयल्टी एक कर है जैसे विवादित मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ कर रही है सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों से पूछा कि क्या संसद खनिज भूमि पर उनके द्वारा लगाए जाने वाले कर पर कोई सीमा तय कर सकती है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने स्वीकार किया कि राज्यों के पास संविधान के तहत ऐसी भूमि पर कर लगाने की शक्ति है। पीठ इस बात पर विचार कर रही है कि क्या खनन पट्टों पर एकत्रित रॉयल्टी को कर के रूप में माना जा सकता है, जैसा कि 1989 में सात न्यायाधीशों की पीठ ने माना था। हालांकि, पीठ ने उनसे पूछा कि क्या यह शक्ति केंद्र सरकार को कोई सीमा या रोक लगाने से रोकती है। सुनवाई बेनतीजा रही और यह गुरुवार को भी जारी रहेगी। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को इस विवादास्पद मुद्दे पर सुनवाई शुरू की कि क्या खनन और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत निकाले गए खनिजों पर देय रॉयल्टी कर की प्रकृति में है। यह मुद्दा 1989 में इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड बनाम तमिलनाडु राज्य के मामले में शीर्ष अदालत की सात न्यायाधीशों की पीठ के फैसले के बाद उठा, जिसमें कहा गया था कि रॉयल्टी एक कर है।

# सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होमस्टे की शुरुआत




सांबा, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के हालात बदलने के बाद पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पूर्व सरपंच ने की पहल

**पूर्व** सरपंच मोहन सिंह भट्टी ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास 'होमस्टे' की शुरुआत की है। तीन साल पहले भारत और पाकिस्तान के बीच नए सिरे से संघर्ष-विराम लागू होने के बाद जमीनी स्थिति में स्पष्ट बदलाव आया है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने हाल में सीमा पर शांति के मद्देनजर सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रामगढ़ सेक्टर में प्रसिद्ध बाबा चमलियाल मंदिर के नजदीक होमस्टे के निर्माण के लिए अपनी मंजूरी दे दी थी।

अतीत में भारत-पाकिस्तान के बीच सौहार्द के प्रतीक माने जाने वाले बाबा चमलियाल मंदिर में हजारों भक्त आते हैं, खासकर वार्षिक मेले के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगता है। भट्टी ने फत्वल के अपने दाग चन्नी गांव में दो मंजिला होमस्टे बनाया है। उन्होंने आगंतुकों को सीमा पर रहने का एहसास कराने और सीमा पार से गोलाबारी की स्थिति में किसी भी क्षति को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय के रूप में भूमिगत बंकर भी बनाया है। भट्टी ने कहा कि सीमा पर अपनी यात्रा में, आप सबकुछ देख सकते हैं, लेकिन बंकर नहीं, जिसका उपयोग हम सीमा पार गोलाबारी के दौरान करते रहे हैं। जिसने (सीमा यात्रा के दौरान) यह बंकर नहीं देखा, उसने कुछ नहीं देखा।

उन्होंने कहा कि उन्होंने भूमिगत बंकर का निर्माण भी किया है ताकि दूसरी ओर से गोलीबारी या गोलाबारी होने की स्थिति में आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सांबा के उपायुक्त अभिषेक शर्मा ने कहा कि जिले में 55 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कई स्थान हैं जिनमें बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है जैसे चमलियाल मंदिर, 300 साल पुराना मंदिर बामू चक, बाबा बाली करण और बाबा सिद्ध गोरिया। शर्मा ने कहा कि केंद्र और जम्मू-कश्मीर प्रशासन दोनों सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पिछले साल, चमलियाल मंदिर में आने वाले पर्यटकों को आवास की समस्याओं का सामना करना पड़ा और इस अंतर को पाटने के लिए हम होमस्टे को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती निवासियों, विशेषकर युवा उद्यमियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है जो अपने घरों को होमस्टे में बदलने के लिए तैयार हैं।

### भाजपा का लक्ष्य प्रधानमंत्री मोदी को चौथा कार्यकाल दिलाना : राजनाथ

दरभंगा/सीतामढ़ी : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न केवल तीसरा, बल्कि लगातार चौथा कार्यकाल दिलाना है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने आम चुनाव की घोषणा से कुछ हफ्ते पहले बिहार के दरभंगा जिले में एक सार्वजनिक बैठक में यह बयान दिया। सिंह ने कहा कि मैं यहां के लोगों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न केवल तीसरा, बल्कि लगातार चौथा कार्यकाल भी मिले। हम राष्ट्र निर्माण के लिए चुनाव जीतना चाहते हैं, न कि सत्ता का आनंद लेने के लिए। रक्षा मंत्री ने बिहार के अपने एक दिवसीय दौरे को समाप्त करने से पहले यह टिप्पणियां कीं।

## बुलंदशहर में हत्या के आरोप में तीन को उम्रकैद

**बुलंदशहर :** जिले की अदालत ने युवक की हत्या के मामले में बुधवार शाम तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा एवं 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

सहायक लोक अभियोजक कुश कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में सेंदु उर्फ सैंदल दुकान बंद करके घर वापस लौट रहा था। शाम सात बजे रास्ते में घात लगाए बैठे लोगों ने रंजिशन उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। एडीजे त्वरित न्यायालय-दो दानिश हुसैन ने तीनों अभियुक्त वकील अहमद उर्फ वकील, रिहान एवं साजिद को आजीवन कारावास की सजा एवं प्रत्येक को 50000 रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया है।



वसंत ऋतु में खिलने वाले फूलों ने इन दिनों आगरा स्थित ताज महल की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं। इन फूलों की मनोहारी छटा ताज का दीदार करने के लिए आने वाले पर्यटकों का मन मोह रही है। :एजेंसी

# सड़क हादसे में मां, दो बेटे और बेटी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई बाइक शादी से लौट रहे थे गांव

**अमृत विचार :** बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे बाइक पर सवार मां, दो बेटे और बेटी की मौत हो गई। एएसपी, सीओ नरैनी व कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी लाला भइया पत्नी सीमा (38) दो पुत्र रवि (18) व बाबू (6) तथा पुत्री आरती (8) के साथ साले अमित की ससुराल लामा गांव विवाह समारोह में गए थे। बुधवार दोपहर लाला भइया बस से गांव के लिए चले। बेटा रवि अपनी मां सीमा, भाई बाबू और बहन आरती को बाइक से लेकर बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे से गांव लौट रहा था। बेलगांव पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। रवि और बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। घायल सीमा व आरती को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। जहां सीमा और आरती ने भी दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, सीओ नरैनी अम्बुजा त्रिवेदी और शहर कोतवाल एके दुबे अस्पताल पहुंचे।

चुनावी तैयारी

## आज केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने की संभावना, लग सकती है अंतिम मुहर

# उम्मीदवारों के नामों पर भाजपा नेताओं ने किया मंथन

नयी दिल्ली, एजेंसी




पहली सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का हो सकता है नाम

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए कई राज्यों में पार्टी के संभावित उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए बुधवार को मंथन किया। पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची के लिए नामों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक गुरुवार को होने की संभावना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड सहित कई राज्यों के पार्टी नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इसी तरह की बैठकें अब तक उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नेताओं के साथ हुई हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पहली सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शाह जैसे दिग्गजों के नाम शामिल होने की उम्मीद है। उनके अनुसार कई ऐसी सीट पर भी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जा सकती है जिनपर 2019 के चुनावों में भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा था। साल 2019 के चुनाव के समय भाजपा की पहली सूची में मोदी और शाह के भी नाम शामिल थे। शाह उस समय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे और उन्होंने गांधीनगर से पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था।

साल 2019 में नामों की सूची निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद ही जारी की गई थी। इस बार यह स्थिति अलग होने जा रही है।

भाजपा ने पिछले दिनों पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान चुनावों की घोषणा से काफी पहले अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी, खासकर उन सीटों पर जो पांच साल पहले वह हार गई थी। पार्टी लोकसभा चुनाव में इस पहल को बरकरार रखना चाहती है। मोदी ने इस साल अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए 370 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है जबकि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए यह लक्ष्य 400 से अधिक सीटें जीतने का है।

## खरीद-फरोख्त में शामिल लोगों का जल्द पता चल जाएगा

**पटना :** बिहार में तीन विपक्षी दलों के विधायकों के राजग में शामिल होने के एक दिन बाद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा कि लोगों को जल्द ही उन सभी लोगों के बारे में पता चल जाएगा जो विधायकों की खरीद-फरोख्त में शामिल थे।

भाजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष चौधरी ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में जो हुआ, उसे सभी ने देखा, जिस दिन राजग सरकार ने विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव जीता था। यह खरीद-फरोख्त का स्पष्ट मामला है और जांच जारी है।

## एक नजर

### सीएए से मुस्लिमों को घबराने की जरूरत नहीं: शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करने के कयासों के बीच ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा है कि सीएए से मुसलमानों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कानून भारत सरकार बहुत पहले लेकर आई थी और लागू करना चाहती थी लेकिन हकीकत को समझे बगैर देश भर में बड़े पैमाने पर इसका विरोध होने लगा। अब सरकार इसे लागू करना चाहती है। कानून का अध्ययन करने के बाद पता चला कि सीएए का भारत के मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि यह कानून उन लोगों से संबंधित है जो अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और म्यांमार से आए हैं। जो लोग मुसलमानों को डराने का प्रयास कर रहे हैं उन्हें कानून पढ़ लेना चाहिए।

### जामा मस्जिद मामले में सरकार और एएसआई को बनाया पक्षकार

आगरा : आगरा में जामा मस्जिद बनाम कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर मामले में गत सोमवार को यहां की स्थानीय अदालत में सुनवाई हुई और इस दौरान अदालत ने देवकीनंदन ठाकुर की ओर से दाखिल अर्जी पर दो नये पक्षकार बनाए। देवकीनंदन का पक्ष रख रहे विनोद कुमार शुक्ल ने बुधवार को बताया कि सात दिन के अंदर दोनों पक्षकारों को समन भेजने के आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मुस्लिम पक्ष की ओर से आये दो प्रार्थना पत्रों को खारिज कर दिया है। अब इस मामले में 15 मार्च को सुनवाई होगी। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश मृत्युंजय श्रीवास्तव ने सुनवाई के दौरान भारत सरकार एवं पुरातत्व विभाग को पक्षकार बनाये जाने का आदेश पारित किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षकारों को 15 मार्च को जबाव प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया है।

# एसडीएम हटाए गए, पूरी पुलिस चौकी लाइन हाजिर

## सिलई बड़ा बवाल : चौकी प्रभारी समेत 25 पर रिपोर्ट भी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▶▶ मामला तूल पकड़ने के बाद अधिकारियों ने डाला डेरा

अमृत विचार : गांव सिलई बड़ा में मंगलवार देर शाम हुए बवाल में जिलाधिकारी ने एसडीएम अमन देओल को मिलक से हटा दिया है। उनके स्थान पर एसडीएम राजेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक ने चौकी बड़ा गांव में तैनात चौकी प्रभारी और चार सिपाहियों समेत पूरी चौकी को लाइन हाजिर कर दिया है।

मृतक किशोर के पिता गेंदन लाल ने तहरीर देकर 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एफआईआर में एसडीएम और तहसीलदार के हमराह भी आरोपी बनाए गए हैं। इनके अलावा चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, सिपाही आदेश चौहान, सिपाही वीरेंद्र, मुतीरीन के नाम भी शामिल हैं। उधर, किशोर का शव पहुंचने पर भीड़ उत्तेजित हो गई। पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को खदेड़ा।

गांव सिलई बड़ा गांव में कुछ दिन पहले ग्राम समाज की भूमि पर जाटव समाज के लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखा बोर्ड लगा दिया था। कुर्मी समाज के लोग इसका विरोध कर रहे थे। मंगलवार शाम कुर्मी समाज के लोग एसडीएम और पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे थे। यहां बोर्ड को हटाने की तैयारी चल रही थी। इस बीच महिलाओं ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान फायरिंग से कक्षा-10 के छात्र सुमेश पुत्र गेंदनलाल की मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद एंबुलेंस से सुमेश का शव गांव पहुंचा। इस दौरान लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और हंगामा भी किया। हालांकि, डीएम व एसपी लोगों को समझाते रहे। पीड़ित परिजन व ग्रामीण एसडीएम और तहसीलदार के नाम एफआईआर में शामिल करने की मांग पर अड़े रहे।

### चंद्रशेखर को संभल में किया नजरबंद, भड़के समर्थक

संभल, अमृत विचार : रामपुर जनपद के सिलई बड़ा गांव में बवाल के बाद दलित युवक की गोली लगने से मौत की घटना के बाद रामपुर जा रहे आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर को पुलिस ने संभल में रोक कर नजर बंद कर लिया। उन्हें तीन घंटे तक लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में रोककर रखा गया। इस दौरान समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर बुधवार सुबह को समाजवादी पार्टी सांसद डॉक्टर शफीकुर्रहमान बर्क के दफन में शामिल होने के लिए संभल पहुंचे थे। दफन के बाद चंद्रशेखर ने समर्थकों के साथ रामपुर का रुख किया तो पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने चौधरी सराय पर चंद्रशेखर के काफिले को रोक लिया। इस दौरान चंद्रशेखर सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह पर भड़क गए। सीओ सदर अनुज कुमार सिंह ने चंद्रशेखर को समझाकर शांत किया। इसके बाद उन्हें लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में लाया गया। चंद्रशेखर के नजरबंद करने पर समर्थक भड़क गए और नारेबाजी करने लगे। हालात देख तीन घंटे नजरबंद रखने के बाद चंद्रशेखर को रामपुर जाने की इजाजत दे दी गई। पत्रकारों से बातचीत में चंद्रशेखर ने सरकार पर तमाम गंभीर आरोप लगाये। सीओ अनुज कुमार चौधरी ने कहा कि बातचीत के लिए चंद्रशेखर को रोका गया था बाद में जाने दिया गया।

"सिलई बड़ा गांव में हुए बवाल के बाद एसडीएम अमन देओल को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर राजेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। मामले में जांच कराई जाएगी।
–जोगिन्दर सिंह, जिलाधिकारी"

# योग्यता निर्धारण का कार्य कोर्ट के क्षेत्राधिकार में नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा जारी विज्ञापन पर होने वाली भर्ती प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह लगाने वाली याचिका पर विचार करते हुए स्पष्ट किया कि पद के लिए योग्यता निर्धारण करना नियोक्ता के रूप में राज्य का कार्य है। योग्यता निर्धारित करना भर्ती नीति का एक मामला है।

निर्धारित योग्यताओं के दायरे का विस्तार करना न्यायिक प्रक्रिया का कार्य नहीं है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की एकलपीठ ने अंजनेय शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए पारित की। दरअसल लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा असिस्टेंट आर्किटेक्ट प्लानर के पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। याची का कहना था कि उपरोक्त पद के लिए वह पूरी तरह से योग्य है। उसके पास अपेक्षित स्नाकोत्तर डिप्लोमा है, लेकिन उसका नाम गलत तरीके से साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची से बाहर कर दिया गया। इन्हीं आधारों पर याची ने अंतिम रूप से साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति देने की प्रार्थना की। हालांकि कोर्ट ने उसके तर्कों को आधारहीन मानते हुए कोई राहत नहीं दी।

# धन लोलुपता नष्ट कर रही सामाजिक और पारिवारिक सम्बन्ध : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ संपत्ति से जुड़े मामले पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने की अहम टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संपत्ति विवाद के एक मामले में बिगड़ते सामाजिक संबंधों और गिरते नैतिक मूल्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लालच के कारण पारिवारिक और सामाजिक रिश्ते तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। धन लोलुपता न केवल सामाजिक संघर्ष उत्पन्न कर रही है बल्कि रक्त संबंधों को भी नुकसान पहुंचा रही है।

जब कोई व्यक्ति किसी संपत्ति को उसकी बताते हुए दस्तावेज निष्पादित करता है तो इसमें दो संभावनाएं होती हैं। पहली कि वह प्रामाणिक रूप से संपत्ति को वास्तव में उसकी मानता है। दूसरी कि वह बेईमानी और धोखे से संपत्ति पर अपना दावा बता रहा है। दोनों ही दशाओं में मुद्दा संपत्ति का है जो व्यक्ति को कपट और संघर्ष करने के लिए प्रेरित करती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने 74 वर्षीय वृद्ध महिला विनीता मेहरोत्रा की अग्रिम जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए की। मामले के अनुसार शिकायतकर्ता राकेश शर्मा ने थाना कोतवाली शहर, बिजनौर में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करके याची पर आरोप लगाया था कि उन्होंने भू-माफिया मोहम्मद तालिब और शंकर लाल के साथ मिलकर उसकी जमीन के कुछ हिस्सों के 10 विक्रय पत्र निष्पादित किए थे जबकि याची का भूमि पर कोई स्वामित्व नहीं था। उक्त विक्रय पत्र 3 करोड़ 25 लाख रुपये के मूल्य पर निष्पादित किए गए थे जबकि बाजार में भूमि का वास्तविक मूल्य विक्रय विलेख में दिखाई गई राशि से कहीं अधिक है।

## देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर प्राथमिकी दर्ज

आगरा : सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में एक शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष गोविंद पाराशर की शिकायत पर रकाबगंज थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाना रकाबगंज निरीक्षक शैली राणा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस द्वारा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध संबंधों को सुरक्षा देकर समाज में अराजकता नहीं फैला सकता कानून

विधि संवाददाता, प्रयागराज



▶▶ इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने की अहम टिप्पणी

▶▶ लिव इन में रह रही मुस्लिम महिला की सुरक्षा याचिका जुर्माने के साथ खारिज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक विवाहित महिला और उसके लिव-इन पार्टनर द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कोर्ट ऐसे रिश्ते की रक्षा नहीं कर सकती है, जो कानून द्वारा समर्थित नहीं है। अगर कोर्ट ऐसे अवैध संबंधों को संरक्षण देगी तो इससे समाज में अराजकता फैल जाएगी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकलपीठ ने पिंकी और अन्य की याचिका को 2000 रुपए जुर्माने के साथ खारिज करते हुए पारित किया। महिला मुस्लिम धर्म से संबंधित है और उसका लिव-इन पार्टनर हिंदू है। महिला को अपने पति से जान का खतरा है, इसलिए उसने हाईकोर्ट के समक्ष सुरक्षा याचिका दाखिल की। महिला ने पति पर आरोप लगाया कि वह शराबी है और नियमित रूप से उसके साथ मारपीट करता है, इसलिए वह अपनी 5 साल की बच्ची के साथ अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रहने लगी। उसने आगे तर्क दिया कि अपने जीवन की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के समक्ष भी एक आवेदन दिया था, लेकिन उसे सुरक्षा प्रदान नहीं की गई। उसके तर्कों का खंडन करते हुए सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची ने अपने पति से तलाक की कोई डिक्री प्राप्त नहीं की है। अतः वह विपक्षी की कानूनन पत्नी है। इसके अलावा उसने अपने पति से अलग रहने का कोई स्पष्ट कारण भी नहीं बताया। वह केवल अपने आजाद और स्वतंत्र रवैये के कारण गैरकानूनी ढंग से धर्मांतरण कर अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रह रही है। इस प्रकार उसके रिश्ते को कानून द्वारा संरक्षित नहीं किया जा सकता है। अंत में कोर्ट ने महिला और उसके लिव-इन पार्टनर को सुरक्षा पाने का हकदार नहीं माना और उसकी हरकतों को व्यभिचार का नाम दिया।

# बागपत में प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

एजेंसी, बागपत



▶▶ वारदात को अंजाम देकर भागने में सफल रहे बदमाश

कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि बुधवार को निरोजपुर गुर्जर गांव में प्रॉपर्टी डीलर यूसुफ (45) की मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी।

उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिंह ने बताया कि निरोजपुर गांव का रहने वाला यूसुफ घटना के समय अपने कार्यालय से बाहर निकल रहा था। उनके मुताबिक, यह घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे घटी तथा हमलावर घटना को अंजाम देकर घटनास्थल से भाग गए। सिंह ने कहा कि हम हमलावरों की पहचान करने का प्रयास कर रहे हैं। इस मामले में जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# लांसनायक के हत्यारे को फांसी की सजा

विधि संवाददाता, बरेली



▶▶ उकसाने वाले बड़े भाई को भी कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

अमृत विचार : कैंट इलाके के सदर बाजार में करीब छह साल पहले दिनदहाड़े जाट रेजिमेंट के लांसनायक अनिल कुमार की गोली मारकर हत्या करने वाले ध्रुव चौधरी को अदालत ने बुधवार को फांसी की सजा सुनाई। उसके बड़े भाई राजेश चौधरी को हत्या की साजिश रचने और उसे उकसाने के जुर्म में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

सदर बाजार के ही धोबी मोहल्ले में रहने वाला राजेश अरुणाचल प्रदेश में तैनात अनिल कुमार के साथी फौजी की पत्नी से छेड़खानी करता था। उसकी शिकायत पर अनिल ने उसे थप्पड़ मार दिया था। राजेश के भाई ध्रुव ने इसी का बदला लेने के लिए उनकी सरेआम हत्या की थी।

अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने ध्रुव और राजेश पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी डाला है। अनिल सोनीपत (हरियाणा) के गांव गुहाना निवासी थे और सदर बाजार में ही किराए के मकान में रहते थे। 21 मार्च 2018 की दोपहर उनकी हत्या उस वक्त की गई थी, जब वह बावर्दी साइकिल से गुजर रहे थे। ध्रुव चौधरी ने तमंचे से पहली गोली उनकी पीठ पर मारी, वह गिरे तो एक और गोली उनके सीने में मार दी। इसके बाद तमंचा लहराते हुए दुकानदारों को धमकाया था कि अगर उसके खिलाफ गवाही दी तो अंजाम यही होगा। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक व सरकारी वकील सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना में ध्रुव के साथ उसके भाई राजेश चौधरी का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस के कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल करने के बाद अभियोजन की ओर से 11 गवाह पेश किए गए थे।

## वर्ग पहेली-357

**बाएं से दाएं**

4.1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी

5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।

7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**


1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।

2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।

3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।

5.1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।

6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना; प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।



### वर्ग पहेली - 356 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | ■ | ■ | 2 तु | ■ |
| गा | ■ | 3 सु | ■ | ल | ■ |
| ना | ■ | हा | ■ | नी | ■ |
| ■ | 4 कु | व | ल | य | ■ |
| 5 र | ल | ना | ■ | ■ | 6 खु |
| ■ | प | ■ | ■ | ■ | र |
| 7 इ | ति | हा | स | ■ | हा |

# दूल्हा नहीं आया तो जीजा के गले में डाली वरमाला

## झांसी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम के बाद महिला के सिंदूर पोंछाने पर खुला मामला, जांच के आदेश

एजेंसी, झांसी



▶▶ प्रकरण प्रकाश में आते ही दंपति से वापस लिए गए उपहार

जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दूल्हे के नहीं पहुंच पाने पर महिला ने अपने जीजा के गले में वरमाला डाल दी। बाद में महिला के अपना सिंदूर पोंछा तो लोगों को शक हुआ और मामला खुल गया। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ललिता यादव ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत यहां राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में 168 जोड़ों को पंजीकृत करते हुए आमंत्रित किया गया था। उन्होंने बताया कि उनमें से 132 जोड़े उपस्थित हुए। यादव के मुताबिक, उनमें से झांसी जिले के बामौर की निवासी खुशी नामक लड़की का विवाह मध्य प्रदेश के छतरपुर निवासी बृषभान से होना था लेकिन बारिश की वजह से वह नहीं आ सका तो परिजनों ने रिश्ते में खुशी के जीजा लगने वाले दिनेश के गले में वरमाला डलवा दी और विवाह की रस्म पूरी कर ली। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम पूरा होते ही खुशी ने अपनी मांग का सिंदूर पोंछ दिया तो यह देखकर वहां मौजूद लोगों को शक हुआ। यादव ने बताया कि पूछने पर लड़की पक्ष एवं तथाकथित दूल्हे एवं वधू ने खुद ही लोगों के सामने सच्चाई स्वीकार कर ली।

उन्होंने बताया कि दूल्हा समय से नहीं पहुंचा था, इसलिए 'काम चलाने' के लिए ऐसा किया गया। खुशी ने कहा कि अत्यधिक बारिश होने की वजह से उसका होने वाला पति नहीं आ पा रहा था और इधर सब कार्यवाही ऑनलाइन पूरी हो जाने के कारण मजबूरी में काम चलाने के लिए ऐसा कदम उठाना पड़ा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही दंपति को दिए गए उपहार वापस ले लिए गए और जांच के आदेश भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जांच के बाद दोषी पाए गए लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सुडोकू -74

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | | 6 | 1 | |
| | 1 | | | 6 | | | | 9 |
| | | | 3 | 5 | | | 2 | |
| | | 5 | | | | 3 | | 8 |
| 4 | | | 8 | | 6 | | | 2 |
| 8 | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 2 | | | | 3 | | | 4 | |
| | 6 | 9 | | | 4 | | 5 | |

### सुडोकू - 73 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 7 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 01 मार्च 06.21 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 10.22 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज आपके व्यवहार से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे जिसका लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी मिलेगा। जॉब में आपको पदोन्नति मिल सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**वृष** – आज ऋण चुकाने के लिए समय उपयुक्त है। घर और व्यवसाय दोनों को पूरा समय देंगे। दर्शनशास्त्र जैसे विषयों पर आपकी रुचि बढ़ सकती है। कानूनी अड़चनें दूर होने के योग बन रहे हैं। शासन का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** – आज ऑफिस में आपकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो सकते हैं। प्रिय व्यक्तियों से झगड़ा हो सकता है। मन में किसी गलती को लेकर आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न होगा। शेयर और लाटरी से जुड़े कार्यों में निवेश से हानि हो सकती है।

**कर्क** – आज उच्च शिक्षा में अड़चने आ सकती हैं। माता का विशेष स्नेह प्राप्त होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। जॉब में तालमेल बिठाना पड़ेगा। वैवाहिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में आपको महत्वपूर्ण कार्य करने पड़ेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। व्यावसायिक समस्याएं दूर होगी।

**कन्या** – आज आपको त्वरित प्रतिक्रिया देने से आपको बचना चाहिए। बेवजह के विवादों से दूर रहें। महत्वपूर्ण कार्य करते समय मन को शांत रखें। आपकी कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय खराब है।

**तुला** – आज आर्थिक स्थिति में बड़े बदलाव हो सकते हैं। भोग-विलास में प्रवृत्त रहेंगे। बड़े-बुजुर्गों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। आप अपने शौक वाले कार्य कर सकते हैं। अल्प मेहनत से अच्छा लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक** – आज कारोबारी यात्रा करनी पड़ेगी। जीवनसाथी के व्यवहार में रूखापन होगा। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ सकता है। ऑफिस में आपकी मेहनत को महत्व नहीं मिलेगा। एकाग्रता में कमी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

**धनु** – आज कारोबार में लाभ-वृद्धि के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों के लिए समय शानदार है। नई जॉब की खोज पूरी होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साह होगा। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

**मकर** – आज कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। नई तकनीक और स्किल सीखने के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों से अपने मन की बातें शेयर न करें। नए प्रयोग कर सकते हैं। विवाह योग्य जातकों को मनोनुकूल विवाह संबंध मिल सकते हैं।

**कुंभ** – आज व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। निवेश के लिए समय बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारियों के संबंध मधुर होंगे। स्थायी संपत्ति खरीद सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है

**मीन** – आज जोखिम भरे निवेश से दूर रहें। बच्चों की जिद पर अंकुश लगाकर रखें। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो सकते हैं। ऑफिस में सहकर्मियों से विवाद हो सकता है। व्यापार में बिक्री कम होगी। कुसंगति भारी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी – सुबह : 11.25
धड़कन – शाम : 06.44

SONY PIX
द डार्क नाइट – सुबह : 10.42
द कॉन्ज्यूरिंग – रात : 09.00

SONY MAX
झूम बराबर झूम – सुबह : 11.30
ऑल द बेस्ट – रात : 07.00

ZEE CINEMA
बैंजो – सुबह : 10.30
ये साली आशिकी – रात : 07.30

colors CINEPLEX
क्वीन – सुबह : 09.20
कुछ कुछ होता है – रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बहु अपने ससुर से-बाबू जी इलायची खत्म हो गई है आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर- हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलायची तुम्हारी सास का नाम है।
बहु- ठीक है आगे से ध्यान रखूंगी।
अगली बार बहु- बाबू जी मां जी खत्म हो गई हैं आते समय बाजार से लेते आना...
ससुर- बेहोश

पति- तुमने तो सुबह कहा था की रात के खाने में दो ऑप्शन होंगे यहां तो एक ही सब्जी दिख रही है?
पत्नी-ऑप्शन अभी भी दो हैं
पति- वो कैसे?
पत्नी-खाना है तो खाओ नहीं तो रहने दो।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,304.88 | 21,951.15 |
| गिरावट | 790.34 | 247.20 |
| प्रतिशत में | 1.08 | 1.11 |

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूँ (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल प्रति कुन्तल**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मंसूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देसी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राजमा सफेद 13000-14000
राजमा काला 11500-12500

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800
तेल सरसों (15 ली) 1475-1900।

# जीडीपी वृद्धि दर तीसरी तिमाही में घटकर 6.9% रहेगी: एसबीआई

मुंबई, एजेंसी

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 6.7 से 6.9 प्रतिशत रह सकती है। यह दूसरी तिमाही की 7.6 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले कम है, जिसका कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। एसबीआई रिसर्च की बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का आधिकारिक आंकड़ा जारी होने से एक दिन पहले यह रिपोर्ट आई है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से कहीं अधिक 7.6 प्रतिशत रही। इसके



साथ भारत दुनिया में तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना रहा। वृद्धि दर में तेजी का प्रमुख कारण सरकार के व्यय और विनिर्माण गतिविधियों में तेजी रही। एसबीआई रिसर्च का तीसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान रिजर्व बैंक के 7 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से कम है। इसके साथ ही एसबीआई रिसर्च ने चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

दूसरी ओर, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में लगभग 4,000 सूचीबद्ध कंपनियों के शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि हुई है, जबकि उनका कारोबार लगभग 7 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा, बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवा और बीमा) को छोड़कर करीब 3,000 सूचीबद्ध कंपनियों ने मार्जिन में सुधार की सूचना दी है।

### कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन बड़ा कारण

एसबीआई रिसर्च ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कम वृद्धि दर के अनुमान का सबसे बड़ा कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। मत्स्य पालन को छोड़कर समूचा कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2023-24 में प्रमुख खरीफ फसलों का उत्पादन 14.85 करोड़ टन होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, रबी फसलों की बुवाई का कुल रकबा पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा बढ़ा है, लेकिन अनाजों के मामले में रकबे को लेकर चिंता है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की कमी देखी गई है। इसके मुताबिक, अगर रबी उत्पादन से खरीफ की कमी की भरपाई नहीं होती है तो कृषि क्षेत्र के मूल्य-वर्द्धन में गिरावट देखने को मिलेगी।

## एयरटेल ने लॉन्च किया रिसाइकिल्ड पीवीसी सिमकार्ड

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने बुधवार को वर्जिन प्लास्टिक से बने सिम काड्‌र्स की जगह रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके लिए आईडीईएमआईए सिक्योर ट्रांजैक्शंस के साथ उसने साझेदारी की है। एयरटेल हमेशा से ही पर्यावरण के अनुकूल और जिम्मेदार सर्कुलर बिजनेस प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एयरटेल भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री में पहली टेलीकॉम कंपनी बन गई है, जिसने रिसाइकिल प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च किए हैं। इस बदलाव से एक वर्ष में 165 टन से ज्यादा प्लास्टिक का इस्तेमाल कम होगा। साथ ही, 690 टन से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी कम होगा।


# अगले दशक में 2,000 अरब डॉलर पहुंच जाएगा खुदरा क्षेत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- बीसीजी-आरएआई की रिपोर्ट में दोगुना होने का जताया अनुमान

देश का उपभोग बढ़ने के साथ अगले दशक में भारत का खुदरा क्षेत्र 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, संगठित खुदरा विक्रेताओं को अपना बेहतर प्रदर्शन आगे भी बनाए रखना होगा। यह क्षेत्र वृद्धि की गति और आकार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बदलावों से गुजर रहा है। इसमें कहा गया कि आय वृद्धि स्थिर रहने के बीच उपभोक्ता व्यक्तिगत आय को लेकर आशावादी हैं। उपभोक्ता तेजी से नए अनुभवों पर खर्च करना चाहते हैं या नए उपायों से अधिक बचत



करना चाहते हैं। बीसीजी के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ भागीदार अभीक सिंघी ने कहा, 'अगले दशक में भारतीय खुदरा क्षेत्र का आकार दोगुना होकर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। विभिन्न श्रेणियों और प्रारूपों में ऐसे विक्रेता सफल होंगे, जिनकी नकदी स्थिति अच्छी होगी।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दशक में भारत में खुदरा बिक्री 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,550-47,750 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# कारोबारी सुनील मित्तल को ब्रिटेन का मानद नाइटहुड सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत और ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का श्रेय



दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड, नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई) से सम्मानित किए गए हैं।

केबीई ब्रिटेन द्वारा नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह विदेशी नागरिकों को मानद क्षमता में प्रदान किया जाता है। द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर की स्थापना किंग जॉर्ज पंचम द्वारा 1917 में उन लोगों को सम्मानित करने के लिए की गई थी, जिन्होंने गैर-जुझारू भूमिका में सेवा की थी और कला, विज्ञान और सार्वजनिक सेवा में योगदान को पुरस्कृत करने के लिए ऑर्डर का विस्तार किया था। गैर-ब्रिटिश नागरिकों को सर या डेम जैसे शीर्षकों का उपयोग करने के बजाय उनके नाम के बाद केबीई जोड़ने के लिए सम्मानित किया जाता है। इससे पहले रतन टाटा, रवि शंकर और जमशेद ईरानी को यह सम्मान मिल चुका है।

## बाजार में गिरावट से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये घटी

**नई दिल्ली।** बीएसई सेंसेक्स में बुधवार को बड़ी गिरावट के साथ निवेशकों की संपत्ति एक दिन में छह लाख करोड़ रुपये घट गई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 790.34 अंक यानी 1.08 प्रतिशत टूटकर 72,304.88 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,02,338.56 करोड़ रुपये घटकर 3,85,97,298.49 करोड़ रुपये पर आ गया। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तपसे ने कहा कि वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान से पहले भारी बिकवाली दबाव देखने को मिला।

# देश में अमीरों की संख्या 6% बढ़कर 13,263 हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में किया गया दावा

भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बढ़ती समृद्धि के कारण अति-उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों (यूएचएनडब्ल्यूआई) की संख्या 2028 तक बढ़कर करीब 20,000 हो जाएगी।

यूएचएनडब्ल्यूआई को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है, जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक है।



बुधवार को एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने 'द वेल्थ रिपोर्ट-2024' जारी करते हुए कहा कि भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2023 में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई, जबकि इससे पिछले वर्ष यह 12,495 थी। भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या के 2028 तक बढ़कर 19,908 होने की उम्मीद है।

### अमीर भारतीयों ने 32% पूंजी आवासीय संपत्तियों में लगाई

**नई दिल्ली।** भारत के बेहद अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। नाइट फ्रैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उनके आवासीय पोर्टफोलियो का करीब 14 प्रतिशत देश के बाहर आवंटित है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में बेहद अमीर श्रेणी के एक भारतीय व्यक्ति के पास औसतन 2.57 घर हैं, जबकि 28 प्रतिशत लोगों ने अपने दूसरे घरों को किराये पर दिया हुआ था।



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ये संगठन देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहे हैं।'

### बजट सत्र में भाग लेने की सोरेन की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी, जिसमें विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी गई थी। सत्र की शुरुआत 23 फरवरी को हुई और दो मार्च तक चलेगा। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले महीने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने शुक्रवार को हाईकोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर कर बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। उनकी दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा था।

# विकल्प खुले, कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेंगे

## हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार पर मंडराए संकट के बीच कांग्रेस ने किया स्पष्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार पर मंडराए संकट के बीच बुधवार को कहा कि जनादेश को बरकरार रखने के लिए सारे विकल्प खुले हुए हैं और जरूरत पड़ने पर वह कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना और प्रदेश को 'राजनीतिक आपदा' में धकेलना चाहती है।

हिमाचल में राज्यसभा की एक सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' किए जाने के बाद भाजपा ने सीट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम



रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों से बात की है और उनसे कहा है कि वे विधायकों से बात करके जल्द रिपोर्ट सौंपें। उनका कहना है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। कांग्रेस ने छतीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बतौर पर्यवेक्षक शिमला भेजा है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला भी शिमला में मौजूद हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पर्यवेक्षक गुरुवार शाम तक अपनी रिपोर्ट खरगे को भेज सकते हैं। उसके बाद तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

### हम पांच साल तक सरकार चलाएंगे : मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला।** राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को दावा किया कि वे पूरे पांच साल तक सरकार चलाएंगे। सुक्खू ने कहा, 'न तो केंद्रीय नेतृत्व ने और न ही किसी और ने मुझे इस्तीफा देने को कहा है और ऐसी कोई बात नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'जिस तरह का काम राज्य के भाजपा नेताओं द्वारा किया गया है, वे अपने ही लोगों पर भरोसा नहीं करते। सीआरपीएफ तैनात की गई थी। हरियाणा पुलिस तैनात की गई थी। हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया।' यह पूछे जाने पर कि क्या मैजूदा स्थित भाजपा के ऑपरेशन लोटस से उत्पन्न हुई है या अपने लोग ही इसके लिए जिम्मेदार हैं तो सुक्खू ने कहा, 'कुछ गलतियां हुई होंगी और उन गलतियों के कारण कुछ कमियां रही होंगी।'

### बागी विधायकों की सदस्यता पर लटकी तलवार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक गई है। दल-बदल कानून के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष याचिका दाखिल की गई है। इसमें विधायकों की सदस्यता को चुनौती दी गई है। इसमें बड़ी बात यह है कि विस अध्यक्ष ने तुरंत ही विधायकों को नोटिस जारी कर सुनवाई शुरू कर दी है। उधर, बागी विधायकों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से ये मांग उठाई है कि जवाब के लिए कम से कम सात दिन का समय दिया जाना चाहिए था, लेकिन विस अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट तौर पर कहा कि आदेश तुरंत जारी कर दिए जाएंगे। दरअसल, सत्ता पक्ष ने व्हिप जारी किया हुआ था।

## शाहजहां को सीबीआई व ईडी भी कर सकती है गिरफ्तार: कोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि संदेशखालि में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा सीबीआई और ईडी भी गिरफ्तार कर सकती है। राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर अदालत ने 26 फरवरी को जारी अपने आदेश को स्पष्ट किया, जिसमें पुलिस को शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत ने 7 फरवरी के अपने आदेश में केवल ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए एकल पीठ द्वारा सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस के एसआईटी के गठन पर रोक लगाई थी।

# मोदी ने इसरो के नए प्रक्षेपण परिसर का किया शिलान्यास

थूथुकुडी, एजेंसी

- राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की नई परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर तमिलनाडु की उन्नति के लिए कोई काम नहीं करने का आरोप लगाया।

परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है और केंद्र के प्रयासों के कारण तमिलनाडु आधुनिकता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि समाचार पत्र और टीवी चैनल केंद्र के प्रयासों को



दिखाना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें ऐसा करने की इजाजत तक नहीं दे रही। मोदी ने जोर देकर कहा, 'लेकिन हम विकास कार्यों से पीछे नहीं हटेंगे।'

तमिलनाडु के तूतीकोरिन में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत को हरी झंडी दिखाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण परिवहन बढ़ने से तमिलनाडु में जीवन में सुगमता आई है।

## असम: कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी ने इस्तीफा दिया

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के दिग्गज नेता राणा गोस्वामी बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देकर नई दिल्ली रवाना हो गए, जहां उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, 'मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं।'

## आत्महत्या के मामले में आप विधायक दोषी करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक प्रकाश जारवाल को एक डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया। दक्षिणी दिल्ली के दुर्गा विहार में 18 अप्रैल, 2020 को 52 वर्षीय डॉ. राजेंद्र सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। न्यायाधीश ने देवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक जारवाल को दोषी करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने तार्किक संदेह से परे जाकर उनके खिलाफ मामला साबित किया। न्यायाधीश सजा को लेकर 13 मार्च को दलीलें सुनेंगे। अपने सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी खुदकुशी के लिए जारवाल को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस सुसाइड नोट के आधार पर जारवाल के खिलाफ रंगदारी एवं आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया था।

## अरुणाचल प्रदेश: अवैध प्रवेश के आरोप में म्यांमा के छह गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले से म्यांमा के छह लोगों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राईक कमसी ने कहा कि यासोंग गांव से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने दावा किया कि उन्होंने जंगली मशरूम इकट्ठा करने के लिए भारत में प्रवेश किया था और वे सभी म्यांमा के पुताओं गांव के निवासी हैं। उनके कब्जे से छह किलोग्राम जंगली मशरूम और 68,000 रुपये जब्त किए गए हैं।

## राजीव गांधी की हत्या के दोषी संथन की मौत

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गई। संथन को सुप्रीम कोर्ट ने बाद में रिहा कर दिया था। संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा (55) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था, जिसे 1991 में चेन्नई के समीप श्रीपेरुम्बदूर में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने रिहा कर दिया था। राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल के डीन ई थेरानिरजन ने बताया कि संथन का यकृत खराब था और उसका उपचार किया जा रहा था। संथन के वकील एस. पुगाझेंथी ने कहा कि प्राधिकारियों ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया है और उसके शव को श्रीलंका ले जाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

# राष्ट्रीय दलों ने 3,077 करोड़ रुपये की आय घोषित की

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा की हिस्सेदारी सबसे अधिक, कांग्रेस दूसरी नंबर पर

देश के छह राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 3,077 करोड़ रुपये की अपनी कुल आय घोषित की है, जिसमें भाजपा को सबसे अधिक यानी करीब 2361 करोड़ रुपये मिले। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 76.73 प्रतिशत है।

आय के मामले में 452.375 करोड़ रुपये के साथ कांग्रेस ने दूसरा स्थान हासिल किया है। कांग्रेस की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 14.70 प्रतिशत है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी अपनी आय घोषित की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच भाजपा की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपये से 23.15 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 2360.844 करोड़ रुपये हो गई।

## झारखंड : जामताड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा जिले में बुधवार शाम ट्रेन की चपेट में आकर कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। जामताड़ा अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) एम. रहमान ने बताया कि दुर्घटना जामताड़ा जिले के कलझरिया इलाके के पास उस समय हुई, जब कुछ यात्री गलत तरफ से ट्रेन से उतर गए और दूसरी लाइन पर आ रही एक लोकल ट्रेन की चपेट में आ गए।' रहमान ने कहा, 'मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।' इस बीच जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने बताया कि इस घटना में करीब तीन लोगों की मृत्यु हुई है और कई लोग लापता हैं।

# वर्ष 2029 तक देश में एक साथ हो सकते हैं चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधि आयोग एक खंड जोड़कर कर सकता है सिफारिश

विधि आयोग संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सिफारिश कर सकता है।

सूत्रों ने कहा कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर 'नया अध्याय या खंड' जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच वर्षों में 'तीन चरणों' में विधानसभाओं के कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा,



ताकि देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नये अध्याय में 'एक साथ चुनाव', 'एक साथ चुनावों की स्थिरता' और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए 'सामान्य मतदाता सूची' से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, ताकि त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ 'एक ही बार में' हो सकें।

जिस नए अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 'एकता सरकार' के गठन की सिफारिश करेगा। यदि 'एकता सरकार' का सिद्धांत काम नहीं करता है, तो विधि आयोग सदन के शेष कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा। एक सूत्र ने बताया, 'मान लीजिए कि नए चुनावों की आवश्यकता है और सरकार के पास अब भी तीन साल हैं, तो स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव शेष कार्यकाल के लिए होना चाहिए।' विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति भी एक रिपोर्ट पर काम कर रही है कि कैसे संविधान और मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव करके एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस साल अप्रैल-मई में होने वाले आगामी लोकसभा चुनावों के साथ कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव होने की संभावना है।

## राजग को अप्रैल में राज्यसभा में प्राप्त हो सकता है बहुमत

**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को इस साल अप्रैल में राज्यसभा में बहुमत मिलने की संभावना है। मनोनीत श्रेणी के तहत छह रिक्त पद भरे जाने और नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ लेने के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत में आ सकता है। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार भाजपा के 94 सदस्य हैं। हाल में हुए चुनाव में उसकी सीट संख्या में दो की बढ़त हुई है और अब कुल सदस्य संख्या 96 हो गई है। राजग सदस्यों की संख्या अभी 113 है। अप्रैल में सभी मनोनीत सदस्यों के शपथ लेने के बाद 245 सदस्यीय सदन में उसके सदस्यों की संख्या 123 के बहुमत के आंकड़े को छू लेगी।

### पूर्व सीईओ एलेना ने महासंघ में गुटबाजी और मतभेद के लगाए थे आरोप

# हॉकी इंडिया ने आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। 13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा। टिर्की और भोलानाथ ने कहा कि हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है।

- 13 साल बाद पूर्व सीईओ ने हॉकी इंडिया से नाता तोड़ा

# जहीर को देखकर सीखने का प्रयास करता था: जेम्स

### 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बनने से दो विकेट दूर एंडरसन

नई दिल्ली, एजेंसी



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे।

एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और 700 टेस्ट विकेट लेने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं। उनके नाम पर एक हजार अंतर्राष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन ने कहा कि मैंने जहीर खान को खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया। भारत के तेज गेंदबाजों में से एक जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे। मौजूदा भारतीय गेंदबाजों में एंडरसन बुमराह की क्षमता से प्रभावित हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजयी प्रदर्शन पर एंडरसन ने कहा कि उसके स्तर के व्यक्ति से आप ऐसे मानक की अपेक्षा करते हैं। रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है। उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि बुमराह, (मोहम्मद) शमी और (मोहम्मद) सिराज से बेहतर गेंदबाज नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं।



### 22 साल में 186 टेस्ट और 194 वनडे खेले

एंडरसन के अनुभव का अंदाजा इससे लग सकता है कि 2002 में जब उन्होंने टेस्ट पदार्पण किया था तो इंग्लैंड टीम में उनके मौजूदा साथी शोएब बशीर और रेहान अहमद का जन्म भी नहीं हुआ था। एंडरसन ने 22 साल में 186 टेस्ट और 194 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने कहा कि उन्हें महसूस नहीं होता कि वह 41 बरस के हैं। उन्होंने कहा कि मुझे महसूस ही नहीं होता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूं। मैं अब भी युवा महसूस करता हूं।

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एबडेन, युकी-हासे की जोड़ी जीतीं, नागल हारे

दुबई टेनिस चैंपियनशिप



दुबई, एजेंसी। रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को हराया। आस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा 41 मिनट में जीत दर्ज की। अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। अब उनका सामना बेल्जियम के सैंडर जाइले और जोरान विलेजेन और इंग्लैंड के जमाल मर्रे तथा न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के बीच होने वाले विजेता से होगा। भारत के एकल खिलाड़ी सुमित नागल अंतिम 32 में इटली के लोरेंजो सोनेगो से हारकर बाहर हो गए।

### रविंद्र न्यूजीलैंड टेस्ट टीम में शामिल, कोंवे बाहर

वेलिंगटन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड टीम में जगह दी गई है जबकि डेवोन कोंवे बाहर हैं। कोंवे को दूसरे टी-20 मैच में अंगूठे में चोट लगी थी। शुरुआती स्कैन में पता चला कि फ्रेक्चर नहीं है लेकिन बाद में कराये टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है। उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे। हेनरी निकोल्स की टीम में वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि यह निराशाजनक है कि डेवोन इतने अहम मैच से पहले टीम से बाहर हैं। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और यह श्रृंखला खेलना चाहता था। रविंद्र घुटने की चोट के कारण दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके लेकिन अब खेलने के लिए फिट है।

### नागपुर और मुंबई में होंगे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

नई दिल्ली, एजेंसी। रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई और तमिलनाडु का सामना मुंबई में होगा जबकि मध्यप्रदेश और विदर्भ का मैच नागपुर में खेला जाएगा। नागपुर के वीसीए स्टेडियम और मुंबई के बीकेसी मैदान पर रणजी ट्रॉफी के अंतिम चार के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। विदर्भ ने कर्नाटक को 127 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। उसका सामना मध्यप्रदेश की टीम से होगा, जिसके कोच चंद्रकांत पंडित है, जिनके कोच रहते हुए विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 में रणजी का खिताब जीता था। मध्यप्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में आंध्र की टीम को चार रन से हराकर मैच जीता था। वहीं मुंबई ने बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई।

### प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान अपनाना होगा : बिंद्रा



नई दिल्ली। चैंपियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बुधवार को कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की ही नही बल्कि प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान को आत्मसात करने की जरूरत है। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा भारत खेल विज्ञान कांक्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोचों को इस डिजिटल युग में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल विज्ञान को अपनाना होगा। हमे एथलेटिक ढांचे के हर स्तर पर खेल विज्ञान को आत्मसात करना होगा। सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से काम नहीं चलेगा बल्कि जमीनी से शीर्ष स्तर पर वैज्ञानिक मानसिकता के साथ खेलना होगा ताकि भारत को खेल की महाशक्ति बनाया जा सके। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के विकास में खेल विज्ञान अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को उनकी ताकत समझाने, बेहतर करने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए ताकत के इस्तेमाल में मदद के लिये खेल विज्ञान की मदद ली जा रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में हमारे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर खेल विज्ञान विभाग जरूर हो।

# मुंबई इंडियंस के विजय रथ को यूपी वॉरियर्स ने रोका

### किरण के अर्धशतक और एलिसा हीली की साझेदारी से मिली जीत

57 रन
31 गेंद
6 चौके
4 छक्के



किरण नवगिरे

बेंगलुरु, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे के तूफानी अर्धशतक और कप्तान एलिसा हीली के साथ उनकी पहले विकेट के लिए बड़ी साझेदारी की मदद से यूपी वॉरियर्स ने बुधवार को मुंबई इंडियंस को 21 गेंद शेष रहते हुए 7 विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अपना खाता खोला। दोनों मैच जीतने वाली मुंबई की टीम हेली मैथ्यूज के अर्धशतक के बावजूद पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 161 रन ही बना पाई। वॉरियर्स ने 16.3 ओवर में 3 विकेट पर 163 रन बनाकर जीत दर्ज की।

वॉरियर्स की किरण ने 31 गेंद पर 57 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 4 छक्के हैं। उन्होंने हीली (29 गेंद पर 33 रन, 5 चौके) के साथ पहले विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की। ग्रेस हैरिस और दीप्ति शर्मा ने चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। हैरिस ने 17 गेंद पर 38 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 1 छक्का है। दीप्ति ने 20 गेंद पर 4 चौके की मदद से नाबाद 27 रन बनाए। इससे पहले मैथ्यूज ने 47 गेंद पर 9 चौकों और 1 छक्के की मदद से 55 रन बनाए। उन्होंने यास्तिका भाटिया (22 गेंद पर 26 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और नेट साइवर ब्रंट (14 गेंद पर 19 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। अमेलिया केर ने 16 गेंद पर 23, पूजा वस्त्रकर ने 12 गेंद पर 18 और इसी वांग ने 6 गेंद पर नाबाद 15 रन का योगदान दिया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करने के बेहद धीमी शुरुआत की और पहले 4 ओवर के बाद उसका स्कोर 13 रन था। भाटिया ने अंजलि सर्वानी के अगले ओवर में 3 चौके और 1 छक्के की मदद से 18 रन बटोर कर रन गति तेज की, जिससे मुंबई पावरप्ले में बिना नुकसान के 36 रन बनाने में सफल रही। मैथ्यूज ने पहले 6 ओवर में 17 गेंद पर 11 रन बनाए थे। उन्होंने राजेश्वरी गायकवाड़ पर चौका और छक्का लगाया। उन्होंने दीप्ति शर्मा के एक ओवर में 3 चौके भी लगाए। मैथ्यूज जब 43 रन पर थी तब दीप्ति ने उनका आसान कैच छोड़ा। मैथ्यूज ने 44 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया लेकिन वह अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाई। मुंबई ने अंतिम 4 ओवर में 3 विकेट गंवाए लेकिन इस बीच 48 रन भी जोड़े, जिससे टीम अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही।

WOMEN'S PREMIER LEAGUE

#### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**मुंबई इंडियंस:** 161/6 हेली मैथ्यूज 55, यास्तिका भाटिया 26, नेट साइवर ब्रंट 19, अमेलिया केर 23, पूजा वस्त्रकर 18, इसी वांग नाबाद 15 रन।
**विकेट:** अंजली सरवानी 1, ग्रेस हैरिस 1, एक्लेस्टोन 1, दीप्ति शर्मा 1, गायकवाड़ 1,
**यूपी वॉरियर्स :** 376/7 अलिसा हीली 33, किरण नवगिरे 57, ग्रेस हैरिस 38, दीप्ति शर्मा नाबाद, 27 **विकेट:** इस्सी वोंग 2, अमेलिया केर 1।

# धर्मशाला टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं केएल राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है। राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं।

भारतीय टीम श्रृंखला जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिए उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के सूत्र ने बताया कि वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है। आईपीएल में लगी इस चोट से राहुल पिछले साल 4 महीने क्रिकेट से दूर रहे। वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला में उन्होंने शतक जमाया।

### जायसवाल रैंकिंग में 12वें जुरेल 69वें स्थान पर

दुबई, एजेंसी। भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 12वें और ध्रुव जुरेल 31 स्थान चढकर 69वें स्थान पर पहुंच गए है। जायसवाल टेस्ट श्रृंखला से पहले 69वें स्थान पर थे। प्लेयर आफ द मैच जुरेल ने 31 पायदान की छलांग लगाई है। इंग्लैंड के जो रूट रांची में नाबाद 122 रन बनाने के बाद शीर्ष 3 में लौट आए हैं। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 5 विकेट लेकर बुमराह से 21 अंक पीछे हैं। स्पिनर कुलदीप यादव 10 पायदान चढ़कर 32वें स्थान पर हैं।

# किशन-अय्यर केंद्रीय अनुबंध से बाहर, रोहित-कोहली शीर्ष वर्ग में

नई दिल्ली, एजेंसी



- रणजी में खेलने के बोर्ड के निर्देशों का पालन नहीं करने पर की गई कार्रवाई

ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में खेलने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों का पालन नहीं करने के बाद बुधवार को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को बीसीसीआई अनुबंध के शीर्ष वर्ग (ए+) में रखा गया है। 6 क्रिकेटरों को ए वर्ग में रखा गया है, जिनमें रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या हैं। सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल को बी वर्ग में और 15 खिलाड़ियों को सी वर्ग में रखा गया है जिनमें रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार हैं।

बीसीसीआई ने कहा कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया। चयन समिति ने तेज गेंदबाजों आकाश दीप, विजय कुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए भी अनुबंध की सिफारिश की है।

### सभी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में खेलने को दें प्राथमिकता

बीसीसीआई ने कहा कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। साथ ही मानदंडों से हटकर इस बार चारों वर्गों में शामिल खिलाड़ियों को वार्षिक अनुबंध के लिए मिलने वाली राशि का उल्लेख नहीं किया है। आमतौर पर ए+ वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष 7 करोड़, ए वर्ग को 5 करोड़, बी वर्ग को तीन करोड़ और सी वर्ग को एक करोड रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि उनकी मैच फीस से इतर होती है।

### शास्त्री को अय्यर और इशान के मजबूत वापसी करने की उम्मीद

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने श्रेयस अय्यर और इशान किशन का मजबूत वापसी करने के लिए समर्थन किया। शास्त्री ने 'एक्स' पर लिखा, क्रिकेट में वापसी आपके जज्बे को परिभाषित करती है। हौसला रखो, श्रेयस अय्यर और इशान किशन। चुनौतियों का सामना करें तथा और भी मजबूत होकर वापसी करें। आपकी पिछली उपलब्धियां बहुत कुछ बयां करती हैं और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि आप फिर शीर्ष पर होंगे।

# अंजू ने कहा, ओलंपिक में पारुल पर होंगी नजरें

नई दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारुल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है।

जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। भाला फेंका में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# 1 मार्च को ओटीटी पर 'पूरब के भसड़बाज'



मुंबई, एजेंसी। ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर 1 मार्च को फिल्म पूरब के भसड़बाज रिलीज होगी। टैग प्रोडक्शन के बैनर तले बनी कॉमेडी फिल्म पूरब के भसड़बाज की कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की माफिया की गतिविधियों पर आधारित है। शीबा चड्ढा और धनंजय गलानी की मुख्य भूमिका वाली फ़िल्म हमारे समाज की कुछ रुढ़िवादी परम्पराओं पर व्यंग्य करती हुई हांस्य रूप में परोसी गई कहानी है। फिल्म के निर्माता अंजू भट्ट एवं चिरंजीवी भट्ट हैं। इस फ़िल्म के लेखक एवं निर्देशक अभिषेक प्रसाद हैं। छायांकन रवि बी रंजन शर्मा ने किया है, वहीं संगीत निर्देशन अभिनव आर कौशिक ने किया है। सम्पादन अजय वर्मा ने किया है। इसमें शीबा चड्ढा, धनंजय गलानी, अनिल चरणजीत, मुकेश एस. भट्ट, गरिमा श्रीवास्तव और विनीत कुमार मुख्य भूमिका में हैं।

### फिल्म तेरा क्या होगा लवली का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज




मुंबई, एजेंसी। फिल्म तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' में करण कुंद्रा, रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। बलविंदर सिंह जंजुआ के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार

नई दिल्ली। यामी गौतम, प्रियमणि, अरुण गोविल और किरण करमरकर की फिल्म आर्टिकल 370 बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हो गई है। बजट से दोगुनी कमाई यह फिल्म कर रही है। पहले दिन की ओपनिंग के साथ वर्ल्डवाइड मूवी का कलेक्शन बजट से दोगुना है, जो रिकॉर्ड तोड़ है। वहीं कास्ट को दर्शकों का प्यार मिल रहा है, जोकि हिट है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सकनिल्क के अनुसार, आर्टिकल 370 ने पहले दिन 5.9 करोड़ की कमाई की। वहीं पहले वीकेंड पर यानी दूसरे दिन 7.4 करोड़ का रहा। जबकि संडे को तीसरे दिन कमाई 9.6 करोड़ पहुंच गई। जबकि मंडे चौथे दिन 3.25 करोड़ और पांचवे दिन 3.25 करोड़ की कमाई की है। भारत में फिल्म की कमाई 29.40 करोड़ रही। हालांकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 36 करोड़ तक है। यह फिल्म केवल 20 करोड़ में बनी है, जबकि दूसरे वीकेंड तक यह आंकड़ा बजट से दोगुनी कमाई कर लेगा।



### पॉलिटिक्स-देशभक्ति का पावर डोज

यह फिल्म जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को रद करने की पृष्ठभूमि पर है। निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी करने के बाद एक वर्ग ने इसे 'एजेंडा-संचालित' फिल्म बताया। सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही यह फिल्म 2016 के बाद से कश्मीर घाटी में हुई घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी को छह अध्यायों में बांटा गया है, जिनमें से पहला अध्याय एक आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी की है, जो घाटी में लोकप्रिय है। उसकी हत्या के बाद घाटी में विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद पीएमओ अधिकारी (प्रियमणि) हरकत में आए। कहानी फिर उस समय तक पहुंचती है जब केंद्र सरकार संविधान सभा से अपना समर्थन वापस ले लेती है, जिससे राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता है। क्षेत्र में स्थिति ज्यादा नहीं बदली और साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमला हुआ, जिसके बाद केंद्र सरकार हरकत में आई और क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का फैसला किया।

# द साबरमती रिपोर्ट लेकर लौटे विक्रांत



नई दिल्ली। साल 2023 के अक्टूबर में रिलीज हुई विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ के बजट में 70 करोड़ की कमाई हासिल की, जिसने एक रिकॉर्ड तो कायम किया ही। दर्शकों के दिलों में लीड एक्टर विक्रांत मेस्सी को भी पॉपुलर एक्टरों की सूचि में शामिल कर दिया। वहीं अब 12वीं फेल के बाद विक्रांत मेस्सी नई फिल्म द साबरमती रिपोर्ट लेकर आ गए हैं, जिसकी पहली झलक और रिलीज डेट का खुलासा एक्टर ने कर दिया है। विक्रांत मेस्सी ने इंस्टाग्राम पर 27 फरवरी की रात को एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आज 22 साल पहले गोधरा ट्रेन अग्निकांड में जान गंवाने वाले 59 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। द साबरमती रिपोर्ट पेश है 3 मई 2024 में सिनेमाघरों में। इस पोस्ट के बाद फैंस ने उनको नए प्रोजेक्ट को लेकर बधाई दी है। फिल्म की बात करें तो 'द साबरमती रिपोर्ट' 22 साल पहले 22 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में होगी, जोकि 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। शेयर किए गए वीडियो में विक्रांत मेस्सी को एक पत्रकार के किरदार में देखा जा सकता है, जो गोधरा घटना के बारे में रिपोर्ट करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं क्लिप में वह दावा करते दिख रहे हैं कि यह दुर्घटना नहीं है।

### बड़े मियां छोटे मियां का गाना मस्त मलंग झूम रिलीज



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया गाना 'मस्त मलंग झूम' रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद अब इसका दूसरा गाना मस्त मलंग झूम रिलीज हुआ है, जो एक पेपी सॉन्ग है। इस गाने में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। मस्त मलंग झूम को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निकिता गांधी ने गाया है। वहीं, गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जबकि विशाल मिश्रा ने मस्त मलंग झूम को कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ हैं। फिल्म ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# भाजपा का दावा, कांग्रेस समर्थकों ने कर्नाटक विस में लगाए पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

- भाजपा ने दर्ज कराई शिकायत सीएम सिद्धरमैया बोले- आरोप सच पाए जाने पर होगी कार्रवाई

बेंगलुरु, एजेंसी




बुधवार को विधानसभा में विरोध प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने मामले में भाजपा कांग्रेस पर हमलवार को गई है और स्पष्टीकरण की मांग कर ही है। वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

सीएम सिद्धरमैया ने पलटवार करते हुए कहा है कि, आरोप सच पाए जाने पर कार्रवाई होगी। बता दें, राज्यसभा सांसद नसीर हुसैन ने एक वीडियो जारी कर सफाई दी है। उनका कहना है कि जबतक वह मौजूद थे वहां ऐसे कोई नारे नहीं लगाए गए, अगर ऐसा हुआ है तो मामले की जांच की जाएगी। गौरतलब है, कर्नाटक की चार सीटों पर हुए मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के नतीजों में तीन सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है, जबकि एक सीट भाजपा के खाते में गई। कर्नाटक में कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चन्द्रशेखर क्रमशः 47, 46 और 46 वोटों से जीते। हालांकि, अब जीत के जश्न को लेकर अब बवाल मच गया है। दरअसल, भाजपा ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि रास चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ ही देर बाद सैयद नसीर हुसैन के समर्थकों को विस के अंदर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए सुना गया है। भाजपा ने हुसैन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

# चिप नया हथियार, दुनिया में इसके निर्माण की होड़, निर्भरता घटा रहे देश

*सेमीकंडक्टर यानी चिप बनाना हमेशा से जटिल, उच्च जोखिम वाला और प्रतिस्पर्धी व्यवसाय रहा है। तेल के बाद दुनिया के सामने नया हथियार बन चुके चिप के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के मकसद से सरकारों के बीच होड़ मची है। ऐसा क्यों हुआ, यहां जानते हैं...*



### चिप को लेकर क्यों है लड़ाई, अमेरिका चिंतित

दुनिया की अधिकांश अग्रणी चिप प्रौद्योगिकी अमेरिका में विकसित हुई है। चीन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का सबसे बड़ा बाजार है। खुद के इस्तेमाल के लिए अधिक चिप बनाने की होड़ बढ़ रही है। इसी से अमेरिका को चिंता है। वह नहीं चाहता है कि चीन या अन्य कोई देश चिप बाजार में चुनौती बने।

### चिप निर्माण में ताइवान उभरा



ताइवान इन सब में कैसे फिट बैठता है? 1970 के दशक में ताइवान आउटसोर्स चिप निर्माण में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा। टीएसएमसी ने लगभग 'फाउंड्री' बिजनेस मॉडल बनाया। दूसरों द्वारा डिजाइन किए गए चिप का निर्माण किया। एपल इंक जैसी बड़ी कंपनियों ने टीएसएमसी को उद्योग अग्रणी बना दिया। जबकि अमेरिका इस तकनीक को चीन तक पहुंचने से रोकने की कोशिश करता रहा है।

### निर्माण में कौन-कौन से देश हैं शामिल



तमाम देशों के चिप निर्माता अब भी अमेरिकी तकनीक पर निर्भर हैं। अमेरिका ने चीन को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने से रोकने के लिए 2023 में कुछ चिप और चिप बनाने वाले उपकरणों पर सख्त निर्यात पाबंदी लगाई। क्योंकि अमेरिका सुपर कंप्यूटर और एआई को संभावित सैन्य खतरों के रूप में मानता है। हुआवे जैसी कंपनियां इस सूची में हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने उत्पादन 3 .48 लाख करोड़ की योजना पर सहमति जताई है।

### क्या होती है सेमीकंडक्टर चिप

सेमीकंडक्टर एक खास तरह का पदार्थ होता है। इसमें विद्युत के सुचालक और कुचालक के गुण होते हैं। ये विद्युत के प्रवाह को नियंत्रित करने का काम करते हैं। इनका निर्माण सिलिकॉन से होता है। इसमें कुछ विशेष तरह की डोपिंग को मिलाया जाता है, ताकि सुचालक के गुणों में बदलाव लाया जा सके। इससे इसके वांछनीय गुणों का विकास होता है और इसी पदार्थ का इस्तेमाल करके विद्युत सर्किट चिप बनाया जाता है।

### क्यों हैं इतनी महत्वपूर्ण

जैसे तेल अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है, वैसी ही स्थिति उद्योगों के लिए चिप की है। चिप अलग-अलग प्रकार के काम करते हैं। डेटा रखने के लिए मेमोरी चिप अहम हैं। इसका कमोडिटी जैसा कारोबार है। प्रोग्राम चलाने वाले लॉजिक चिप किसी भी डिवाइस के दिमाग के रूप में काम करते हैं। ये काफी महंगे हैं।

### आपूर्ति पर किस देश का है नियंत्रण

चिप का नया प्लांट लगाने का खर्च 1.66 लाख करोड़ रु. से अधिक है। यही कारण है कि इस क्षेत्र की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों की संख्या घटकर केवल तीन रह गई हैं- ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी), दक्षिण कोरिया की सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी और अमेरिका की इंटेल कॉर्प। टीएसएमसी और सैमसंग फाउंड्रीज के रूप में काम करती हैं, जो विश्व के लिए आउटसोर्स विनिर्माण प्रदान करती हैं।

## एक नजर



### ठाणे में झुग्गी-बस्ती में लगी आग एक की मौत, दुकानें जलकर खाक

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में एक झुग्गी-बस्ती में बुधवार तड़के आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई झुग्गियां और दुकानें नष्ट हो गईं। नगर निगम (एमबीएमसी) के आयुक्त संजय काटकर ने कहा-घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य जारी है। उन्होंने कहा- 24 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

### गाजा में एक चौथाई आबादी भुखमरी के कगार पर: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** गाजा की एक चौथाई आबादी लगभग 6 लाख लोग भुखमरी से सिर्फ एक कदम दूर हैं और पूरी आबादी खाद्य सामग्री की गंभीर जरूरत से जूझ रही है। भूख से तड़प रहे लोग न सिर्फ राहत सामग्री वाले ट्रकों पर गोलियां चला रहे हैं बल्कि उन ट्रकों को लूट भी रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक शीर्ष अधिकारी ने गाजा के हालातों बताते हुए कहा- युद्धग्रस्त गाजा की 23 लाख की पूरी आबादी खाद्य असुरक्षा के गंभीर खतरे या बदतर हालात से जूझ रही है।

### भारत-जर्मनी में हिंद प्रशांत में सैन्य अभ्यास को लेकर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** रक्षा सहयोग में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के मकसद से भारत और जर्मनी ने बैठक हुई। मंगलवार को बर्लिन में भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की बैठक में रणनीतिक सहयोग को ज्यादा मजबूत करने पर खुलकर चर्चा हुई। बैठक में हुई चर्चा को लेकर अधिकारियों ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने के लिए तैयार हुए हैं। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने किया। वहीं जर्मन की तरफ से जर्मन रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव बेनेडिक्ट जिमर शामिल हुए।



### दक्षिण कोरिया में 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही रैप ग्रुप

**सोल।** दक्षिण कोरिया में सुनी एंड द सेवेन प्रिंसेस एक लोकप्रिय रैप ग्रुप है, जिसे 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही हैं। उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत के ग्रामीण चिलगोक काउंटी की दादी-नानी उम्र की इन महिला रैपर्स की चर्चा दक्षिण कोरिया के बाहर भी होने लगी है।

# सैन्य कर्मियों के भारत लौटने से पहले तकनीकी टीम पहुंची मालदीव

## मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने कहा- टीम विमानन प्लेटफॉर्म का संभालेगी संचालन

माले, एजेंसी

सैन्य कर्मियों के पहले बैच के 10 मार्च तक मालदीव छोड़ने से पहले भारतीय तकनीकी कर्मियों की पहली टीम द्वीप राष्ट्र पहुंच गई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।



मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने बताया, भारतीय नागरिकों की पहली टीम पहुंच गई है। अब वे अड्डू में हेलीकॉप्टर का संचालन संभालेंगे। अड्डू में तैनात भारतीय सैन्य कर्मी दोनों देशों की सरकारों की सहमति से 10 मार्च तक वापस भारत लौट आएंगे। बयान में बताया गया कि बुधवार तक भारत से एक रिप्लेसमेंट हेलीकॉप्टर भी आ जाएगा, जिसके बाद नागरिक टीम इसके संचालन को संभालने के लिए प्रशिक्षण अभ्यास शुरू कर देगी।

बता दें कि दो फरवरी को दोनों देशों ने सहमति जताई थी कि भारत अपने सैन्यकर्मियों को मार्च और मई के बीच मालदीव से वापस बुला लेगा। वहीं आठ फरवरी को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया कि वर्तमान कर्मियों को भारतीय तकनीकी कर्मियों द्वारा रिप्लेस किया जाएगा। मालदीव ने एक बयान जारी कर दावा किया था कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि तीन विमानन प्लेटफार्मों में से एक में भारत सैन्य कर्मियों को 10 मार्च तक और अन्य को 10 मई तक बदल देगा। हालांकि, भारत ने सैनिकों को वापस लेने का कोई उल्लेख नहीं किया था। भारत की ओर से कहा गया, "बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने साझेदारी को बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान करने की दिशा में द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर अपनी चर्चा जारी रखी।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्ष भारतीय विमानन मंचों के निरंतर परिचालन के लिए परस्पर व्यावहारिक समाधान पर भी सहमत हुए जो मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराते हैं।

### चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव से रवाना

**माले।** चीन का रिसर्च जहाज मालदीव से रवाना हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले हफ्ते चीन का 4500 टन वाला हाई टेक रिसर्च जहाज मालदीव पहुंचा था, जो बुधवार को यहां से रवाना हो गया। चीन के रिसर्च जहाज के मालदीव पहुंचने के साथ ही तरह-तरह के सवाल खड़े हो गए? आखिर चीनी जहाज मालदीव क्यों आया? इसको लेकर आधिकारिक तौर पर कहा गया कि चीनी जहाज 'जियांग यांग होंग 3' अपने कर्मियों के रोटेशन और पुन:पूर्ति के लिए एक पोर्ट कॉल करने के लिए मालदीव आया था। मीडिया के हवाले से बताया कि 22 फरवरी को माले में डॉकिंग के बाद जियांग यांग होंग 03 मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सीमा पर लौट आया है। हालांकि, माले बंदरगाह से जाने करने के बावजूद ट्रैकिंग साइटों ने दो दिन पहले हुलहुमाले के पास जहाज का आखिरी संकेत दिखाया है। हुलहुमाले माले से लगभग 10 किमी उत्तर पूर्व में है।



# शहबाज होंगे पाकिस्तान के नए वजीर-ए-आजम

- औपचारिक रूप से पीएम पद के लिए नामित हुए शहबाज, नवाज बोले अर्थव्यवस्था सुधारना प्राथमिकता

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान में नई सरकार के जल्द गठन की उम्मीद जग गई है। पीएमएल-एन ने बुधवार को शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए औपचारिक रूप से नामित कर दिया। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही पीएमएल-एन के वरिष्ठ नेता सरदार अयाज सादिक को नेशनल असेंबली के स्पीकर पद के लिए नामित किया है। सरकार बनाने को लेकर यह प्रगति नेशनल असेंबली के उद्घाटन सत्र से एक दिन पहले हुई है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) संसदीय दल की बैठक इस्लामाबाद में बुधवार को पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नवाज ने अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए व वफादार सरदार सादिक को स्पीकर पद के लिए नामित किया। यह जानकारी पीएमएल-एन के सेंट्रल डिप्टी सेक्रेटरी अतातुल्ला तरार ने दी। नवाज ने कहा कि नई सरकार की पहली प्राथमिकता अर्थव्यवस्था को स्थिर करना है। शहबाज के सामने पड़ोसी मुल्कों से रिश्तों को सही करने के साथ-साथ गिरती अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा करने की चुनौती होगी।

### दो मार्च को पीटीआई करेगी राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन

पीटीआइ ने घोषणा की है कि वह चुनाव में धांधली के विरुद्ध दो मार्च को राष्ट्रव्यापी प्रदेर्शन करेगी। नई सरकार बनाने की कवायद के बीच चुनाव में धांधली का शोर थमता नजर नहीं आ रहा है। बता दें, अल्वी ने सोमवार को सत्र बुलाने से यह कह कर इनकार कर दिया था कि सत्र बुलाने से पहले आरक्षित सीटों का आवंटन होगा।

### चुनाव में धांधली के मिले सबूत, नेताओं के ऑडियो वायरल

**लाहौर/कराची।** आम चुनाव में इमरान की पार्टी पीटीआई धांधली के गंभीर आरोप लगा रही है। बीते दिनों पाकिस्तान के एक पूर्व अधिकारी ने भी पीटीआई के दावों को सही ठहराते हुए चौंकाने वाले खुलासे किए थे। अब एक बार फिर ऐसे सबूत मिले हैं, जिनसे पाकिस्तान के चुनाव में धांधली के दावों की पुष्टि होती है। दरअसल पाकिस्तान के दो नेताओं की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान के चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है और जनादेश की चोरी हुई। एमक्यूएम-पी के नेता और सिंध गवर्नर कामरान तेसोरी का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में तेसोरी कहते सुनाई दे रहे हैं कि 'वे कहते हैं कि हमारा जनादेश पूरी तरह से फर्जी है।

### पख्तूनख्वा: विधायकों ने ली शपथ, इमरान बनाएंगे सरकार

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को शपथ ली। उम्मीद जताई जा रही है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सरकार बनाएगी। बता दें कि पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में जीत दर्ज की हैं, जो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की स्थिति में हैं। इधर रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया है कि पीटीआई प्रमुख ने अली अमीन गंडापुर को पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और बाबर सलीम स्वाति को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। विस के निवर्तमान अध्यक्ष गनी ने बताया कि 145 सदस्यीय सदन के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव आज को होगा।



## आतंकी ग्रुपों की बढ़ती संख्या वैश्विक चुनौती: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने 2021 के बाद से अफगानिस्तान में छोड़े गए प्रतिबंधित तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के भंडार से हथियार प्राप्त किए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए आईएस की ओर से उत्पन्न खतरे पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की 18वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने विशेष रूप से अफगानिस्तान, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार के बारे में चिंता व्यक्त की है। खासकर आईएस की ओर से मानवरहित विमान प्रणालियों और विस्फोटक उपकरणों का निरंतर बढ़ते उपयोग को लेकर उन्होंने चिंता जाहिर की है।

## खुशियों में रौनक...



**जामनगर :** उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत, और एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेट की बेटी राधिका जुलाई में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इससे पहले 1 से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन होगा। सेलिब्रेशन में एक हजार से ज्यादा वीआईपी मेहमानों को न्योता दिया गया है। रिलायंस टाउनशिप में जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन से दो दिन पहले बुधवार को जामनगर में अंबानी परिवार ने लगभग 51 हजार लोगों को भोजन कराया। जोगवड के ग्रामीणों को भोजन परोसते अनंत अंबानी, वहीं रात्रिभोज में आमंत्रित लोगों का स्वागत करते रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरपर्सन मुकेश अंबानी। ● एजेंसी




# दस साल की मजबूत नींव आगे के काम का लॉन्च पैड बनी

बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी



- जयशंकर ने कहा-2014 के बाद 11वीं अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान पर पहुंचा भारत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ठोस नींव रखी, जो अब देश को अगले स्तर तक पहुंचाने के लिए लॉन्चिंग पैड का काम करेगी। कर्नाटक लिंगायत एजुकेशन सोसाइटी के एक स्कूल का उद्घाटन करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई थी तो तब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी लेकिन 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था पांचवीं बन गई है।

अपने संबोधन के दौरान एस जयशंकर ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने के लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। भारत को पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पिछले 10 वर्षों में कड़ी मेहनत की गई है। इस दौरान जयशंकर ने अन्न योजना, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना का भी जिक्र दिया। मुद्रा ऋण योजना के लाभार्थियों की संख्या जर्मनी की जनसंख्या से अधिक थी और 'आवास योजना' के लाभार्थियों की संख्या जापान की जनसंख्या से अधिक थी।

## बिल गेट्स ने भुवनेश्वर की झुग्गी बस्ती के लोगों से की बातचीत

**भुवनेश्वर।** माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार की भुवनेश्वर की एक झुग्गी बस्ती का दौरा किया। बिल गेट्स ने स्थानीय लोगों से बातचीत की।



इसी के साथ उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मां मंगला बस्ती में बीजू आदर्श कॉलोनी का भी दौरा किया। बिल गेट्स ने झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों का हालचाल जाना और वहां काम करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। राज्य विकास आयुक्त ने कहा, झुग्गीवासियों को भूमि अधिकार, शौचालय और बिजली की आपूर्ति मिल गई है।

# खालिस्तानी तत्वों की खुफिया जानकारी साझा करेगा अमेरिका

- भारत और अमेरिकी सिक्योरिटी प्रतिनिधिमंडल की बैठक में बनी सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है। यह सहयोग अब न सिर्फ सैन्य और तकनीक के स्तर पर है बल्कि खुफिया सूचनाओं के स्तर पर भी मजबूत हो रहा है। इसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों भारत दौरे पर है।

बुधवार को अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी के प्रतिनिधिमंडल ने गृह मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की, जिसमें आंतरिक सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं को साझा करने और खालिस्तान समर्थक तत्वों को लेकर जानकारी साझा करने की चर्चा हुई। भारतीय दल का नेतृत्व गृह मंत्रालय के सचिव अजय भल्ला ने किया। वहीं होमलैंड सिक्योरिटी के सचिव ने अमेरिकी दल का नेतृत्व किया। गृह मंत्रालय और होमलैंड सिक्योरिटी के बीच हुई बैठक में ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर अटैक, डिजिटल धांधली संबंधी खुफिया सूचनाएं साझा करने पर भी बात हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका की धरती पर खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों का मुद्दा उठाया। दोनों पक्षों की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के मामले का खुलासा हुआ है। अमेरिका ने इस मामले में भारत से कार्रवाई की मांग की है। भारत ने भी होमलैंड सिक्योरिटी की टीम के सामने सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास पर अलगाववादी तत्वों द्वारा किए गए हमले का मामला उठाया।

**विज्ञान** एरीज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना

# बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, छात्रों ने देखे सूर्य के धब्बे

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुधवार को नैनीताल समेत गुरुग्राम, हल्द्वानी व रानीखेत के छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना।

एरीज के वैज्ञानिकों ने कहा कि विज्ञान का भविष्य बच्चों की जागरूकता व रुचि पर निर्भर है। एरीज के जनसंपर्क सह अध्यक्ष विज्ञानी डा वीरेंद्र यादव ने कहा कि खगोल को आगे बढ़ाने के बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि बेहद जरूरी है। उन्होंने महान भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रामन के जीवन वृतांत सुनाया। कहा कि रामन प्रभाव की महान खोज ने विश्व मे देश का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान का क्षेत्र हमारी कल्पनाओं से भी बड़ा है। बड़ी बात यह है कि खगोल विज्ञान अध्ययन पीढ़ी दर पीढ़ी ही आगे बड़ सकता है।

बच्चों में खगोल विज्ञान के प्रति जागरूकता लाने के लिए एरीज आज के दिन को ओपन डे के रूप में आयोजित कर रहा है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने संपूर्णानंद दूरबीन की जानकारी ली और दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देख अचंभित हुए। डॉ कुंतल ने बताया कि ब्रह्मांड बेहद अजूबा और रहस्यों से भरा हुआ है। जिसके चलते ब्रह्मांड की दुनिया बेहद रोचक बन जाती है। वातावरण हाल जानने के लिए गुब्बारे का प्रक्षेपण किया गया। देवस्थल स्थित देश की सबसे बड़ी दूरबीनों का कार्य क्षेत्र की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अंतरीक्ष से संबंधित अनेक सवाल पूछे विज्ञानी डा वैभव पंत, डा बृजेश कुमार, डा शुभेंदु रक्षित, डा जगदीश चंद्र जोशी सवालों के जवाब दिए।

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, शहीद सैनिक स्कूल, मैट्री किरण स्कूल गयरुग्राम, जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत व ग्रैफिक ऐरा हिल यूनीवर्सिटी हल्द्वानी के विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए।



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एरीज में दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देखते विद्यार्थी।

### देखा अंतरिक्ष का नजारा

भ्रमण के दौरान एरीज के वैज्ञानिकों ने स्कूली बच्चों को वहां लगाई गई अलग-अलग क्षमता की दूरबीनों और उनके कार्य की जानकारी दी। दूरबीन से अंतरिक्ष के नजारे देख बच्चे उत्साहित नजर आए। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों से खगोलीय गतिविधियों की भी जानकारी ली। इस मौके पर बच्चों को प्रकाश प्रदूषण पर शार्ट फिल्म भी दिखाई गई। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों के साथ एरीज संस्थान के विज्ञानिक भी मौजूद रहे।

# मिशिगन में ट्रंप-बाइडन जीते भारतवंशी निक्की को हराया

वाशिंगटन, एजेंसी

- **5** मार्च को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए होगा चुनाव



अमेरिका में इस वर्ष नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फिर से मुकाबले के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को मिशिगन में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए हुए प्राइमरी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से बाइडन ने जीत हासिल की है।

ट्रंप ने एक बार फिर आसानी से भारतवंशी दावेदार निक्की हेली को हरा दिया। अब अगले मंगलवार को 21 राज्यों में प्राइमरी चुनाव है। वहीं बाइडन को गाजा युद्ध को लेकर विरोध का सामना करना पड़ा है। डेमोक्रेटिक पार्टी में फिलहाल बाइडन के सामने कोई घोषित दावेदार सामने नहीं आया है लेकिन रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली डटी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक की मतगणना में हेली को 28.9 प्रतिशत मत तो ट्रंप को 66.4 प्रतिशत मत मिले हैं।

मिशिगन में मुस्लिमों की अच्छी आबादी है। 2020 में बाइडन को इनका अच्छा समर्थन मिला था। लेकिन इस बार बाइडन के 14 प्रतिशत से अधिक डेमोक्रेटिक मतदाताओं ने गाजा युद्ध में राष्ट्रपति की भूमिका के विरोध में अप्रतिबद्ध के लिए मतदान किया। इस तरह इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के चलते बाइडन को करीब 20 प्रतिशत डेमोक्रेटिक वोट गंवाने पड़े हैं।